विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 14 | जनवरी 1971 | संख्या 1

विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 1, January 1971, Pages 1-7

डिप्टेरा कीटों में कायान्तरण का अंतःस्रावी नियंत्रण*

डा० उमाशंकर श्रीवास्तव
अध्यक्ष, प्राणि विज्ञान विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

मित्रो !

विज्ञान परिषद् की इस अनुसंधान गोष्ठी का अध्यक्ष मनोनीत किया जाने के लिये मैं परिषद् का बहुत आभारी हूँ। ऐसे अवसरों पर एक अध्यक्षपदीय भाषण देने की परम्परा है। मैं कीटों में, विशेषतः डिप्टेरा में कायान्तरण के अंतःस्रावी नियंत्रण पर कुछ शब्द कहूँगा। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस विषय में अनेक कारणों से मुझको विशेष रुचि है।

इसके पहले कि इस विषय के कुछ मुख्य तथ्यों का उल्लेख करूँ, कीटों के जीवन वृत्त का रेखा-चित्र देना अच्छा होगा। जीवन वृत्त के आधार पर सपक्ष कीटों के दो मुख्य भेद किये जाते हैं— पूर्ण-कायांतरिक कीट तथा अल्प-कायांतरिक कीट। सभी कीट अंडे देते हैं और इन अंडों से जो प्राणी निकलते हैं वे प्रौढ़ प्राणियों से अल्पाधिक भिन्न होते हैं। मच्छर, मक्खी आदि डिप्टेरा में, तितलियाँ, शलभ, आदि लेपिडाप्टेरा में, भृंगों अथवा कोलिआप्टेरा में, मधुमक्खियों, ततैया, आदि हाइमेनाप्टेरा में, तथा अन्य कई उच्च गणों में पूर्ण-कायान्तरण होता है और इनके डिंभक प्रौढ़ों से आकार, रचना, स्वभाव सभी में बहुत भिन्न होते हैं। उदाहरण के लिये, प्रौढ़ मक्खी में तीन जोड़ा टाँगें, पंख और संयुक्त नेत्र होते हैं और यह केवल तरल भोजन ग्रहण करती है तथा उड़ती है। इसके विपरीत इसके डिंभक बिना टाँगों और पंखों एवं नेत्रों के होते हैं, कूड़े-करकट तथा अन्य सड़े-गले, गीले खाद्य में निवास करते हैं और केवल रेंग सकते हैं। डिंभक की खाल पर काइटिन का आवरण होता है जिससे उसकी वृद्धि में बाधा पड़ती है; अतः दो-तीन बार इस आवरण का परित्याग अथवा निर्मोचन होता है। निर्मोचनों के द्वारा जीवन वृत्त जिन अवस्थाओं में विभक्त होता है, उनको इन्स्टार कहते हैं। जब डिंभक पूर्ण आकार प्राप्त कर लेता है, तो उसकी वृद्धि रुक जाती है, वह खाना बन्द कर देता है और प्यूपा नामक

---

* 3 जनवरी, 1971, को बंगलौर में आयोजित 58-वें साइंस कांग्रेस के अवसर पर विज्ञान परिषद् अनुसंधान गोष्ठी के समक्ष दिया गया अध्यक्षपदीय भाषण।

अवस्था में बदल जाता है। प्यूपा निष्क्रिय होता है; यह खाता-पीता नहीं और इसके ऊपर एक गहरा भूरा, कड़ा आवरण या प्यूपावरण होता है। यद्यपि प्यूपा ऊपर से पूर्णतः निष्क्रिय होता है, परन्तु भीतर ही भीतर इसमें भीषण परिवर्तन होते रहते हैं। इन परिवर्तनों के फलस्वरूप पूर्व स्थित डिंभक के सभी अंगों का विनाश या परिवर्तन होता है और उनके स्थान पर प्रौढ़ के नवीन एवं भिन्न अंगों का निर्माण होता है। इस प्रकार जब प्रौढ़ का पूर्ण निर्माण हो जाता है, तो एक बार पुनः और अंतिम निर्मोचन होता है और तब यह नवनिर्मित प्रौढ़ प्यूपावरण को तोड़कर बाहर आ जाता है। उन समस्त परिवर्तनों को, जिनके फलस्वरूप डिंभक प्रौढ़ में बदलता है, कायान्तरण कहते हैं। यह डिंभक प्रौढ़ से बिल्कुल ही भिन्न होता है तथा कायान्तरण की क्रिया में डिंभक के अधिकांश अंगों में परिवर्तन होता है, इसलिये यह कायान्तरण पूर्ण कायान्तरण है। इस प्रकार के कायान्तरण की तुलना में तिलचट्टे या डिक्टिआप्टेरा; झींगुर, टिड्डी, टिड्डों जैसे आर्थाप्टेरा में, तथा मत्कुण अथवा हेमीप्टेरा में अल्प-कायान्तरण होता है। इन कीटों में अंडों से निकलने वाला नन्हा प्राणी प्रौढ़ से बहुत भिन्न नहीं होता—विशेषकर इसके मुख अंग तथा भोजन ग्रहण करने की विधि प्रौढ़ जैसी होती है। साथ ही इनमें प्रत्येक बार निर्मोचन होने पर वृद्धि के साथ ही साथ क्रमिक अंग-परिवर्तन होते हैं और अंतिम निर्मोचन के बाद प्रौढ़ बन जाता है। इस प्रकार इन कीटों में प्यूपा अवस्था नहीं होती और कायान्तरण से सम्बन्धित विकास प्रभावशाली अथवा दृष्टिगामी न होकर क्रमिक होते हैं।

कायान्तरण, निर्मोचन, वृद्धि और इनसे सम्बन्धित विभेदन की क्रियायें किस प्रकार होती हैं तथा किन कारणों द्वारा इनका नियंत्रण तथा समन्वय होता है, इन प्रश्नों के सम्बन्ध में पिछले तीन दशकों में गहन खोजें हुई हैं। इस दिशा में सर्वप्रथम महत्वपूर्ण योगदान कोपेक नामक वैज्ञानिक ने 1917-21 में कुछ अत्यंत सरल प्रयोगों द्वारा किया। उन्होंने लाइमैण्ट्रिया नामक शलभ की इल्ली को एक धागे से बीच में कस कर बाँध दिया जिसके फलस्वरूप दोनों विभाजित खण्डों के बीच रक्त संचार सम्बन्ध टूट गया, कुछ समय बाद गाँठ के आगे का भाग तो प्यूपा में बदल गया किन्तु पीछे का भाग डिंभक ही बना रहा। स्पष्ट है कि जिन कारणों से भी प्यूपा निर्माण हुआ, वे गाँठ के आगे वाले भाग में थे तथा उनका प्रभाव पीछे वाले भाग में रक्त संचार द्वारा पहुँचता था, जो उस गाँठ के कारण सम्भव नहीं हुआ। दूसरे शब्दों में प्यूपा निर्माण अंतःस्रावी कारणों पर निर्भर करता है और उनको उत्पन्न करने वाली अंतःस्रावी ग्रंथियाँ कीट के अगले भाग में पाई जाती हैं। कोपेक के प्रयोगों के फलस्वरूप इन अंतःस्रावी कारणों पर अनेक अनुसंधान हुये और अब हमारे सामने कीटों की विभिन्न अंतःस्रावी ग्रंथियों की कार्यविधि का बहुत कुछ स्पष्ट चित्र आ गया है, जो संक्षेप में इस प्रकार है[1]।

कीटों में तीन मुख्य अंतःस्रावी केन्द्र हैं—मस्तिष्क के पृष्ठतल पर मध्य रेखा के निकट स्थित तंत्रिकास्रावी कोशिकायें, अग्रवक्ष में स्थित वक्षाग्र ग्रंथियाँ तथा मस्तिष्क के ही निकट स्थित कारपोरा एलाटा। मस्तिष्क की तंत्रिकास्रावी कोशिकाओं से मस्तिष्क हारमोन समय-समय पर उत्पन्न होता है जो वक्षाग्र ग्रंथियों को उत्तेजित करता है। इसके फलस्वरूप वक्षाग्र ग्रंथियों से एक निर्मोचन हारमोन मुक्त

[1] Gilbert, L.I. Physiology of Insect metamorphosis in physiology of Insecta. Vol. I. Ed. *Rocksteia Academi Press*, (1964).

होता है जो रुधिर द्वारा समस्त शरीर में पहुँचता है और उनको वृद्धि के लिये अग्रसर करता है। वाह्य त्वचा कोशिकायें इसी हारमोन के प्रभाव के अन्तर्गत उपचर्म की एक नई पर्त का निर्माण करती हैं जिसके फलस्वरूप निर्मोचन की क्रिया आरम्भ होती है। इस प्रकार वक्षाग्र हारमोन वास्तव में कीटों में वृद्धि तथा निर्मोचन दोनों ही क्रियाओं के लिये उत्तरदायी हैं और इसीलिए इसको 'वृद्धि तथा निर्मोचन हारमोन' कह सकते हैं। हम जानते हैं कि कायान्तरण समाप्त होने पर कीटों में न वृद्धि होती है और न निर्मोचन ही, अर्थात् वक्षाग्र हारमोन के अस्तित्व की प्रौढ़ कीटों में कोई आवश्यकता नहीं होती, और वास्तव में हम देखते हैं कि कायान्तरण काल में ही वक्षाग्र ग्रंथि का लोप हो जाता है और यह प्रौढ़ कीट में नहीं पाई जाती। वृद्धि काल में कारपोरा एलाटा के हारमोन का कार्य एक प्रकार से कायांतरण का निरोध है। प्रत्येक डिंभक में निर्मोचन के पहले वक्षाग्र हारमोन के साथ ही साथ इसका हारमोन भी मुक्त होता है और जब इसकी काफी मात्रा उपलब्ध होती है तो डिंभक निर्मोचित होने पर पुनः डिंभक अवस्था का ही निर्माण करता है अर्थात् निर्मोचन के बाद भी जीवन वृत्त में यथापूर्व स्थिति बनी रहती है। किन्तु जब इसकी मात्रा कम होती है, तो डिंभक के निर्मोचन के बाद प्यूपा का निर्माण होता है और जब यह लगभग अनुपस्थित होता है तो प्रौढ़ बनता है। इसीलिये प्रसिद्ध कीट वैज्ञानिक विगिल्सवर्थ ने कारपोरा एलाटा में उत्पन्न होने वाले हारमोन को 'बाल हारमोन' (Juvenile hormone) का नाम दिया।

इन हारमोनों के कार्य-कलापों के स्पष्ट प्रायोगिक प्रमाण उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये यदि कीट डिंभक में से शल्य क्रिया द्वारा तंत्रिकास्रावी कोशिकायें अथवा वक्षाग्र ग्रंथियाँ निकाल दी जायँ तो निर्मोचन नहीं होगा। इसी प्रकार यदि डिंभक के अंतिम इन्स्टार के शरीर में किसी प्रारम्भिक डिंभक इन्स्टार के क्रियाशील कारपोरा एलोटा को डाल दिया जाय या उसमें सूई द्वारा जुवेनाइल हारमोन अन्तःक्षेपित कर दिया जाय तो यह अंतिम इन्स्टार पुनः निर्मोचित होकर एक अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार बनायेगा। इसके विपरीत यदि किसी प्रारम्भिक डिंभक इन्स्टार में से उसके कारपोरा एलाटा निकाल दिये जायँ तो तंत्रिकास्रावी कोशिकायें और वक्षाग्र ग्रंथियों के अन्तःस्रावी पदार्थों के प्रभाव से निर्मोचन क्रिया तो होगी, किन्तु सामान्यतः अगले डिंभक इन्स्टार के बनने के बजाय असामयिक प्यूपा-निर्माण अथवा प्रौढ़-निर्माण हो जायेगा, यद्यपि यह प्यूपा या प्रौढ़ असामान्य और अपूर्ण होंगे।

कीटों की वृद्धि, निर्मोचन तथा कायान्तरण के नियंत्रण पर अन्तःस्रावी ग्रंथियों के उपरिलिखित प्रभावों के सम्बन्ध में अनेक प्रायोगिक प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं। **सेक्रोपिया** तथा **बाम्बिक्स** आदि शलभों, **रोडनियस** नामक रक्त चूषक हेमिप्टेरा, तेलचट्टे, **टेनेब्रियो** नामक कोलिआप्टेरा तथा कई अन्य गणों में यह स्पष्ट हो चुका है कि भ्रूणोपरान्त विकास तंत्रिकास्रावी कोशिकाओं, वक्षाग्र ग्रंथियों तथा कारपोरा एलाटा में बने हारमोनों पर निर्भर है। किन्तु कुछ कारणवश डिप्टेरा गण में इस प्रकार के प्रयोगों में पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं हुई। एलेन टामसन, बर्टा शारर इत्यादि कीटवैज्ञानिकों ने इनकी तंत्रिकास्रावी कोशिकाओं का गहन अध्ययन किया और यह सिद्ध किया कि अंडजनन की क्रिया पर इनका विशेष प्रभाव है। **ड्रासोफिला**, मच्छरों, **कैलिफोरा**, तथा **मस्का** की अंतःस्रावी ग्रंथियों पर और भी कई अध्ययन हुए और यह भी सिद्ध हो गया कि इनमें निर्मोचन क्रिया निर्मोचन हारमोन पर निर्भर है जिसके विषय

में हम जानते हैं कि यह वक्षाग्र ग्रंथियों में बनता है। वास्तव में निर्मोचन क्रिया पर वक्षाग्र हारमोन का प्रभाव घरेलू मक्खी, **मस्का** या **कैलिफोरा** के डिंभकों के प्यूपा-परिवर्तन पर इतने शास्त्रीय तथा प्रामाणिक ढंग से पाया गया कि इन डिप्टेरा कीटों का उपयोग सामान्यतः निर्मोचन हारमोन के आमापन में अधिकांश प्रयोगशालाओं में होने लगा। इसकी विधि सरल थी। एक अंतिम इन्स्टार डिंभक को धागे से बाँध कर दो खंडों में विभक्त कर दिया; पिछले खंड में निर्मोचन हारमोन की अनुपस्थिति के कारण प्यूपावरण नहीं बनेगा। अब यदि इस भाग में किसी अज्ञात पदार्थ के डालने से प्यूपावरण निर्माण होगा तो उस पदार्थ में निर्मोचन हारमोन के गुण उपस्थित होंगे। इसी प्रकार इस पदार्थ में निर्मोचन हारमोन की मात्रा का भी निश्चय किया जा सकता है। किन्तु जहाँ एक ओर डिप्टेरा कीटों में निर्मोचन हारमोन के प्रभाव के ऐसे अकाट्य प्रमाण उपलब्ध हैं, वहाँ, दूसरी ओर इनमें जुवेनाइल हारमोन के प्रभाव के सम्बन्ध में कोई प्रयोग स्पष्टतः सफल नहीं हुआ। हम देख चुके हैं कि जुवेनाइल हारमोन के प्रभाव का स्पष्ट प्रमाण एक अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार या अतिरिक्त प्यूपा बनना, या प्यूपा में पुनः प्यूपा-उपचर्म का स्रावण होना है। इस दिशा के सभी प्रयोग अभी तक बराबर असफल रहे हैं। इस सम्बन्ध में यहाँ यह कहना उचित होगा कि प्रारूपिक डिप्टेरा में अन्तःस्रावी ग्रंथियों की रचना तथा व्यवस्था भी अन्य गुणों से भिन्न होती है। इसमें कार्पोरा एलाटा की जगह पर, मस्तिष्क के ठीक पीछे, महाधमनी के चारों ओर स्थित तथाकथित वलय ग्रंथि होती है जिसमें मध्य-पृष्ठ भाग में ग्रंथि कोशिकाओं का एक समूह होता है जो वैज्ञानिकों के अनुसार कार्पोरा एलाटा का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही इस वलय के पार्श्विक भागों में उपस्थित ग्रंथि कोशिकाओं को वक्षाग्र ग्रंथियाँ माना गया है। कार्पोरा एलाटा की संरचना तथा व्यवस्था में इस अंतर के कारण और साथ ही अन्य कीटों से प्राप्त जुवेनाइल हारमोन से डिप्टेरा पर किए गए प्रयोगों की असफलताओं के फलस्वरूप, वास्तव में यह सन्देह होने लगा था कि सम्भवतः डिप्टेरा का जुवेनाइल हारमोन अन्य कीटों से रासायनिक संरचना में भिन्न है; अथवा विभिन्न हारमोनों के परस्पर सम्बन्ध इस गण में,अन्य गणों की तुलना में भिन्न हैं। ध्यान देने की बात है कि अन्य कीटों में यह सिद्ध हो चुका था कि तीनों हारमोन अजातिगत हैं, अर्थात् किसी कीट-जाति अथवा कीट-गण का हारमोन दूसरी कीट-जाति या दूसरे कीट-गण में बराबर प्रभावकारी है।

डिप्टेरा में जुवेनाइल हारमोन के स्पष्ट प्रभाव के प्रमाण गत तीन-चार वर्षों में ही प्राप्त हुये। 1966 में स्पीलमैन तथा विलियम्स ने तथा 1967 में स्पीलमैन तथा स्काफ ने फारमेसोइक अम्ल से संश्लेषित एक जुवेनाइल हारमोन सदृश रासायनिक मिश्रण का प्रभाव मच्छरों के कायान्तरण पर देखा। इन वैज्ञानिकों ने इस पदार्थ को पानी में डाल कर मच्छरों के डिंभकों पर उसके प्रभाव की परीक्षा की और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि डिंभकों के अंतिम इन्स्टार निर्मोचित होकर असामान्य अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार की रचना करते हैं जिनकी आगे वृद्धि नहीं होती और इसके फलस्वरूप मृत्यु हो जाती है। इन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस प्रकार जुवेनाइल हारमोन मच्छरों के सामान्य जीवन वृत्त में बाधक होता है और इसके जैसे प्रभाव वाले अन्य रासायनों का उपयोग मच्छरों तथा अन्य हानिकारक कीटों की रोकथाम में किया जा सकता है। अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार बनने की बात बहुत ही संदिग्ध है। इन डिंभकों का पुनः निर्मोचन हुआ, यह भी स्पष्ट नहीं है। किन्तु यह सही है कि हारमोन के उपयोग से सामान्य विकास की क्रिया अस्त-व्यस्त हो जाती है। लगभग इसी

समय हमने[2] उच्च डिप्टेरा गण के एक सदस्य **सार्कोफ़ेगा बुलाटा** के प्यूपा पर कुछ संश्लेषित तथा प्राकृतिक जुवेनाइल हारमोन के प्रयोग किये। उच्च डिप्टेरा में कायान्तरण सम्बन्धी परिवर्तन कड़े प्यूपावरण के भीतर ही होते हैं तथा इस आवरण से बाहर निकाल लेने पर प्यूपा अधिक समय तक जीवित नहीं रहता। साथ ही प्यूपा की खाल में सूक्ष्म से सूक्ष्म छिद्र होने पर शरीर का द्रव बह जाता है जिससे भी तत्काल मृत्यु हो जाती है। अतः हमने प्यूपावरण के भीतर ही, बिना प्यूपा को किसी प्रकार की चोट पहुँचाये, अपने प्रयोग किये। हमने पृष्ठ तल से प्यूपावरण के टुकड़े विभिन्न प्रदेशों से हटाये तथा जैतून के तेल में बने हारमोन के विलयन की विविध मात्रायें प्यूपा के खुले हुये शरीर पर लगाईं। कुछ देर रुक कर किसी अन्य प्यूपा के प्यूपावरण की अपेक्षा एक बड़े टुकड़े से प्रयोगीकृत प्यूपा के प्यूपावरण के कटे भाग को ढाँक कर पिघले मोम से चपका दिया। प्यूपा के सामान्य विकास-काल के बाद अब इस प्यूपावरण को तोड़कर उसके भीतर स्थित कीट को निकाल कर उसकी परीक्षा की। हमने देखा कि पर्याप्त मात्रा में हारमोन के उपयोग से बड़ी संख्या में ऐसे कीट उपलब्ध हुये जिनको वास्तव में प्यूपा-प्रौढ़-मध्य अवस्थायें कहा जा सकता था। जिन प्रदेशों में हारमोन लगाया गया था उसके अनुसार किसी कीट का उदर प्यूपा-जैसा और शेष भाग प्रौढ़-जैसा था।

इन प्रयोगों की सफलता से प्रोत्साहित होकर **सार्कोफेगा बुलाटा** के ही प्यूपों तथा डिंभकों पर सेक्रोपिया शलभ से निकाले गये, विशुद्धीकृत जुवेनाइल हारमोन तथा अन्य कई जुवेनाइल हारमोन सदृश रासायनों से प्रयोग किये गये।

इन प्रयोगों से जहाँ एक ओर डिप्टेरा की अंतःस्राविकी पर कुछ प्रकाश पड़ता है, वहाँ, दूसरी ओर कई गम्भीर प्रश्न खड़े होते हैं। प्रथम महत्वपूर्ण अवलोकन यह था कि डिंभक के अंतिम इन्स्टार की विभिन्न आयु में जुवेनाइल हारमोन या उसके सदृश अन्य रसायनों की विविध मात्राओं को अकेला या वक्षाग्र हारमोन के साथ प्रतिक्षेपित करने या किसी अन्य प्रकार से अभिकृत करने पर, एक अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार नहीं प्राप्त हुआ। गैलीरिया तथा टेनेबियो के डिंभकों में सेक्रोपिया के हारमोन के प्रयोग से स्पष्ट अतिरिक्त डिंभक-इन्स्टार उत्पन्न होने की पूर्व सूचना प्राप्त हो चुकी थी किन्तु इसके विपरीत सार्कोफेगा के अंतिम इन्स्टार की जीवन-अवधि बहुत बढ़ गयी। कुछ उदाहरणों में तो यह अवधि सामान्य 2-3 दिनों की तुलना में 14-15 दिन तक हो गयी, किन्तु इस अवधि के बाद भी डिंभक या तो मर गया या इसने प्यूपा निर्माण किया किन्तु एक अतिरिक्त डिंभक नहीं बना। उदाहरण के लिये वैज्ञानिक अन्य गणों (जैसे कोलिओप्टेरा तथा लेपिडाप्टेरा) में अपने अध्ययन के आधार पर, इस निष्कर्ष पर पहुँच चुके थे कि डा० हबर्ट रोलर द्वारा संश्लेषित डी० एल० जुवेनाइल हारमोन, फारनेसोइक अम्ल से बनाये गये रासायनिक मिश्रण की अपेक्षा बहुत अधिक (लगभग 50 गुना) शक्तिशाली है। लेकिन सार्कोफेगा में इसका उल्टा है। फ़ारनेसोइक अम्ल से बने मिश्रण की अत्यन्त छोटी मात्रा (लगभग 0·001—0·003 माइक्रोग्राम) ही प्यूपा पर प्रभावोत्पादक है, जबकि डी० एल० जुवेनाइल हारमोन की लगभग 0·5 माइक्रोग्राम मात्रा की आवश्यकता होती है। इस अवलोकन की व्याख्या करना कठिन है। इस बात का

[2] Srivastava, U. S. and L. I. Gilbert. Juvenile hormone : Effects on a higher dipteron. *Science, N. Y.* 161 : 61-62 (1968)

कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिलता कि जो रसायन मक्खी के प्यूपा पर स्पष्ट जुवेनाइल हारमोन का प्रभाव डालता है और पुनः दूसरे उपचर्म का स्तर उत्पन्न करता है, वह डिंभक पर प्रभाव क्यों नहीं डालता और एक अतिरिक्त डिंभक इन्स्टार क्यों नहीं उत्पन्न कर सकता ? क्या डिंभक तथा प्यूपा के जुवेनाइल हारमोन रासायनिक दृष्टि से भिन्न हैं ? किसी अन्य कीट गण में ऐसी सूचना नहीं है । एक सम्भावना यह जान पड़ती है कि अंतिम डिंभक इन्स्टार में जुवेनाइल हारमोन तथा वक्षाग्र हारमोन का पारस्परिक सम्बन्ध पहले या दूसरे इन्स्टारों से भिन्न है । इन इन्स्टारों में, स्पष्ट है कि दोनों हारमोनों के बीच सामंजस्य की स्थिति है, लेकिन अंतिम इन्स्टार में इनके बीच एक प्रकार की प्रतिकूलता है। जान पड़ता है कि जुवेनाइल हारमोन की एक निश्चित मात्रा उपस्थित होने पर वक्षाग्र हारमोन मुक्त ही नहीं होता जिससे डिंभक का निर्मोचन नहीं होता, न अंगों की वृद्धि ही होती है, अतः इसका जीवन-काल बढ़ जाता है । कुछ दिनों में, बाहर से आया जुवेनाइल हारमोन नष्ट हो जाता है या उसका उपापचय हो जाता है । इस प्रकार जब रक्त में उसकी मात्रा कम हो जाती है, तब वक्षाग्र हारमोन मुक्त होता है और अब निर्मोचन होता है लेकिन अब जुवेनाइल हारमोन की मात्रा घट जाती है इसलिये निर्मोचन होने पर प्यूपा ही बनता है । यह भी सम्भव है कि अंतिम इन्स्टार के जीवन काल के बिल्कुल ही आरम्भ में किसी प्रकार (सम्भवतः कुछ विशिष्ट जीनों के प्रभाव से) बाह्य त्वचा कोशिकाओं में अगले-निर्मोचन के समय प्यूपा-प्रकार के उपचर्म स्रावित होने का कार्य निर्धारित हो जाता है; फलतः ये कोशिकायें अब अगले निर्मोचन पर डिंभक प्रकार का उपचर्म बना ही नहीं सकतीं और इसलिये इसके पश्चात् पुनः डिंभक इन्स्टार पैदा होने का प्रश्न ही नहीं उठता । इन विभिन्न सम्भावनाओं में से कौन सी सम्भावना ठीक है यह आगे के अनुसंधान ही बतायेंगे किन्तु इस सम्बन्ध में यह कहना अनुपयुक्त नहीं होगा कि अभी हाल में ही एक अमरीकन अनुसंधानकर्ताओं की टोली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सेकोपिया शलभ के जुवेनाइल हारमोन में एक नहीं, बल्कि दो मिलते-जुलते किन्तु पृथक रसायन हैं । क्या यह संभव नहीं है कि डिप्टेरा में भी ऐसा हो तथा इन दो रसायनों में से एक डिंभक अवस्था में तथा दूसरा प्यूपा में अधिक प्रबल हो और हमने अपने सार्कोफेगा के प्रयोगों में जिन रसायनों का उपयोग किया है, उनका रासायनिक सम्बन्ध प्यूपा के प्रबल हारमोन से, डिंभक के हारमोन की अपेक्षा, अधिक निकट हो ? दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जुवेनाइल हारमोन या जुवेनाइल हारमोन सदृश रासायनिकों का तुलनात्मक प्रभाव, डिप्टेरा में, अन्य गणों की अपेक्षा भिन्न है । इस तथ्य की क्या सार्थकता है ? क्या लेपिडाप्टेरा के जुवेनाइल हारमोन की अपेक्षा फारनेसोइक अम्ल से बने मिश्रण में ऐसा कोई रसायन है जो संरचना तथा गुण में डिप्टेरा के

---

[3] Srivastava, U. S. and L.I. Gilbert. The influence of juvenile hormone on the metamorphosis of Sarcophaga bullata. *J. Insect Physiol:*, 15 : 177-189 (1969),

[4] Meyer, A. S., E. Hanzmann, H. A. Schneiderman, L. I. Gilbert and M. Boyette. The isolation and identification of the two juvenile hormomnes from the cecropia silk moth. *Arch. Biochem. Biophysics*, 137 : 190-213 (1970).

जुवनाइल हारमोन से अधिक मिलता-जुलता है, या इसमें प्यूपा के उपचर्म में प्रवेश करने की शक्ति अधिक है। ध्यान रहे कि मच्छरों में जिस अवलोकन की चर्चा की गयी है, वह भी इसी मिश्रण के उपयोग से किये गये थे। ऐसा लगता है कि जब तक डिप्टेरा के जुवेनाइल हारमोन की रासायनिक संरचना का अध्ययन नहीं हो जायेगा, इन प्रश्नों के उत्तर के लिये हमको प्रतीक्षा करनी होगी।

डिप्टेरा के जुवेनाइल हारमोन की जानकारी की इतनी अधिक क्या आवश्यकता है? यह सर्वविदित है कि परिवर्तन सम्बन्धी समस्त घटनाओं की कुंजी गुण-सूत्र में स्थित जीनों में है तथा डिप्टेरा में विशाल गुण होने के कारण इस गण का महत्व केवल कीटों में ही नहीं, वरन् समस्त जन्तु समुदाय में अद्वितीय है। परिवर्धन काल में किस समय कोई ग्रंथि क्यों और कैसे सक्रिय अथवा निष्क्रिय हो जाती है, इसकी जानकारी के लिये इन जीनों तथा ग्रंथियों के कार्यों के पारस्परिक सम्बन्ध की जानकारी आवश्यक है। अतः स्पष्ट है कि डिप्टेरा में अन्तःस्रावक ग्रंथियों तथा गुण सूत्रों के सम्मिलित अध्ययन की अत्यन्त आवश्यकता है, और इसके लिये पहले इसके विविध हारमोनों के कार्य की विस्तृत सूचना आवश्यक है।

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No 1, January 1971, Pages 9-12

H-फलनों के कतिपय पुनरावृत्ति सम्बन्ध

एस० एल० बोरा तथा एस० एल० कल्ला
गणित विभाग, जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर

[प्राप्त–फरवरी 6, 1968]

सारांश

प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य फाक्स द्वारा पारिभाषित कतिपय पुनरावृत्ति सम्बन्धों की स्थापना करना है । इस शोधपत्र में स्थापित फल अत्यन्त व्यापक हैं और इनमें विशिष्ट दशाओं के रूप में माइजर के G-फलन के कुछ ज्ञात पुनरावृत्ति सम्बन्ध समाविष्ट हैं ।

Abstract

Some recurrence relations for H-function. *By* S. L. Bora and S. L. Kalla, Department of Mathematics, University of Jodhpur, Jodhpur.

The object of the present paper is to establish some recurrence relations for the H-function defined by Fox. The results established in this paper are quite general and include as particular cases some known recurrence relations for the Meijer's G-funtction.

1. फाक्स [2. p. 408] द्वारा प्रचारित H-फलन को निम्नांकित प्रकार से अंकित एवं पारिभाषित करेंगे

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x\left|\begin{matrix}(a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_p, e_p)\\(b_1, f_1), \ldots\ldots, (b_q, f_q)\end{matrix}\right.\right]$$

$$=\frac{1}{2\pi i}\int_L \frac{\prod_{j=1}^{m}\Gamma(b_j-f_js)\prod_{j=1}^{n}\Gamma(1-a_j+e_js)}{\prod_{j=m+1}^{q}\Gamma(1-b_j+f_js)\prod_{j=n+1}^{p}(a_j-e_js)}x^s\,ds, \qquad (1\cdot1)$$

जहाँ रिक्त गुणनफल की व्याख्या 1, $0\leqslant m\leqslant q$, $0\leqslant n\leqslant p$; के रूप में की जाती है e तथा f सभी धनात्मक हैं। L बार्न्स-प्रकार का ऐसा उपयुक्त कंटूर है कि $\Gamma(b_j-f_js)$, $j=1, 2, \ldots\ldots, n$, के पोल कंटूर के दाहिनी ओर अवस्थित हों तथा $\Gamma(1-a_j+e_js)$, $j=1, 2, \ldots\ldots, n$, के कंटूर

के बाँईं ओर । यही नहीं, प्राचल इतने सीमित रहते हैं कि (1·1) के दाहिनी ओर के समाकल अभिसारी होते हैं।

गुप्ता तथा जैन[3] ने प्रदर्शित किया है कि

$$\int_0^\infty t^{\eta-1} G_{r,l}^{k,f}\left(st \,\middle|\, \begin{matrix} c_1, \ldots, c_r \\ d_1, \ldots, d_l \end{matrix}\right) H_{p,q}^{m,n}\left[zt^\sigma \,\middle|\, \begin{matrix} (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_p, e_p) \\ (b_1, f), \ldots\ldots, (b_q, f_q) \end{matrix}\right] dt = S^{-n} H_{p+l,\, q+r}^{m+f,\, k+n}$$

$$\times\left[\frac{z}{S^\sigma} \,\middle|\, \begin{matrix} (a_1, e_1), \ldots (a_n, e_n), (1-\eta-d_1, \sigma), \ldots, (1-\eta-d_l, \sigma), (a_{n+1}, e_{n+1}), \ldots, (a_p, e_p) \\ (b_1, f_1), \ldots, (b_m, f_m), (1-\eta-c_1, \sigma), \ldots, (1-\eta-c_\gamma, \sigma), (b_{m+1}, f_{m+1}), \ldots, (b_q, f_q) \end{matrix}\right], \qquad (1\cdot2)$$

यदि

$$Re\left\{\eta+\sigma\left(\frac{b_h}{b_h}\right)+d_i\right\}>0, \ (h=1, 2, \ldots, m;\ i=1, 2, \ldots, k),$$

$$Re\left[\ \ +(c_j-1)+\left(\frac{a_{h'}-1}{b_{h'}}\right)\right]<0 \ (j=1, \ldots, f;\ h'=1, \ldots n),\ \sigma>0,$$

$$\sum_{j=1}^{n} e_j - \sum_{j=n+1}^{p} e_j + \sum_{j=1}^{m} f_j - \sum_{j=m+1}^{q} f_j \equiv \lambda>0,\ 2k+2f-l-r \equiv u>0.$$

प्रस्तुत शोध पत्र में हम H–फलन के लिये कतिपय पुनरावृत्ति सम्बन्धों को स्थापित करेंगे।

2. मुख्य फल जिन्हें सिद्ध करना है, वे हैं :

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (0, 1), (a_1, e_1), \ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-1, 1) \\ (a-1, 1), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]$$

$$-(a-1) H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (-1, 1), (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (n-1, 1) \\ (a-2, 1), (\beta_1, f_1) \ldots\ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]$$

$$+H\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (-1, 1), (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-1, 1) \\ (a-2, 1), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot1)$$

$$(1+a-b)\, H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (1-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma) \\ (a-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (1-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma) \\ (a-\lambda+1, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]$$

$$+H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix} (1-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda+1, \tfrac{1}{2}a) \\ (a-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1}) \end{matrix}\right]=0$$

(2·2)

$$(b-a)(a-1)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+(2a-b)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda+1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot3)$$

$$H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-(b-a)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot4)$$

$$a\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda+1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+(b-a)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot5)$$

$$(a-1)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[a\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+(a-1)(b-a)\,H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda-1,\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$-H_{p,\,q}^{m,\,n}\left[x\,\middle|\,\begin{matrix}(1-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\alpha_1,e_1),\,\ldots,\,(\alpha_{p-2},e_{p-2}),\,(b-\lambda-1,\,\tfrac{1}{2}\sigma)\\(a-\lambda,\,\tfrac{1}{2}\sigma),\,(\beta_1,f_1),\,\ldots\ldots,\,(\beta_{q-1},f_{q-1})\end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot6)$$

$$(1-b)\, H^{m,\, n}_{p,\, q}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(1-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma)\\ (a-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+H^{m,\, n}_{b,\, q}\left] x \,\middle|\, \begin{matrix}(-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda-1, \tfrac{1}{2}\sigma)\\ (a-\lambda-1, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+H^{m,\, n}_{p,\, q}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(1-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_2), \ldots, (a_{p-2}, e_{p-2}), (b-\lambda-1, \tfrac{1}{2}\sigma)\\ (a-\lambda-1, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1, f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1})\end{matrix}\right]$$

$$+H^{m,\, n}_{q,\, q}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (a_1, e_1), \ldots, (a_{p-2}, e_{p-2})\ (b-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma)\\ (a-\lambda, \tfrac{1}{2}\sigma), (\beta_1. f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1})\end{matrix}\right]=0 \qquad (2\cdot7)$$

उपपत्ति : हमें [4, p. 19 (2.2.4)] ज्ञात है कि

$$b\,{}_1F_1\,[a;\ b;\ x]-b\,{}_1F_1\,[a-1;\ b;\ x]-x\,{}_1F_1\,[a;\ b+1;\ x]=0 \qquad (2\cdot8)$$

(2·8) के दोनों ओर $H^{m-1,\, n-1}_{p-2,\, q-1}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(a_1, e_1), \ldots\ldots, (a_{p-2}, e_{p-2})\\ (\beta_1, f_1), \ldots\ldots, (\beta_{q-1}, f_{q-1})\end{matrix}\right]$

से गुणा करने पर तथा 0 से ∞ तक x के सापेक्ष समाकलन करने पर (1·2) के बल पर प्राचलों में रंचमात्र हेरफेर करने पर (2·1) की प्राप्ति होती है।

यदि हम $e_1=e_2=\ldots, e_{p-2}=f_1=f_2=\ldots, =f_{q-1}=1$ तथा $\sigma=2$, रखें तो हमें माइजर के G-फलन [1, p.209 (11)] के लिये ज्ञात पुनरावृत्ति-सम्बन्ध प्राप्त होगा।

इसी प्रकार ${}_1F_1$ [4, p. 19 (2.2.3), (2.2.1), (2.2.2), (2.2.5), (2.2.6) तथा (2.2.7)] संगमी हाइपर-ज्यामितीय फलन के अन्य पुनरावृत्ति सम्बन्धों को लेने पर तथा इसी विधि का व्यवहार करने पर हमें क्रमशः (2·2), (2·3), (2·4), (2·5), (2·6) तथा (2·7) सम्बन्ध प्राप्त होंगे।

निर्देश

1. एर्डेल्यी, ए० इत्यादि। Higher Transcendental Functions. **भाग I**, **मैकग्राहिल, न्यूयार्क**, 1953.
2. फाक्स, सी०। **ट्रांजै० अमे० मैथ० सोसा०** 1961, **98**, 395-429.
3. गुप्ता, के० सी० तथा जैन, यू० सी०। **प्रोसी० नेश० एके० साइंस (इंडिया) (प्रकाशनाधीन)**
4. स्लेटर, एल० जे०। Confluent Hypergeometric functions. **कैम्ब्रिज** 1960.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 1, January 1971, Pages 13-16

ग्लीसरॉल तथा डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) मिश्रण का आकलन

पी० एस० वर्मा तथा के० सी० ग्रोवर
बी० 2/40 सफदरजंग इन्क्लेव, नई दिल्ली-16

[प्राप्त—दिसम्बर 23, 1969]

सारांश

ग्लीसरॉल तथा डाइ हाइड्राक्सी ऐसीटोन के मिश्रणों में से उनके अनुमापनीय आकलन के लिये हाइपोब्रोमाइट तथा पर-आयोडेट विधियों का उपयोग किया गया। इसके लिये इस तथ्य से लाभ उठाया गया है कि हाइपोब्रोमाइट द्वारा ग्लीसराल का रूपान्तरण डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन में सम्भव है जब कि पर-आयोडेट द्वारा ग्लीसराल तथा डाइहाइड्राक्सी ऐसीटोन दोनों ही फार्मैल्डीहाइड तथा फार्मिक अम्ल में।

Abstract

Estimation of glycerol and dihydroxy acetone (dimer) in their mixtures. *By* P. C. Verma and K. C. Grover, B-2/40, Safderganj Enclave, New Delhi-16.

Titrimetric estimations of glycerol and dihydroxy acetone in their mixtures were made using hypo-bromite and periodate methods. The fact that hypobromite converts glycerol into dihydroxy acetone, whereas per-iodate converts both glycerol and dihydryoxyacetone into formaldehyde and formic acid has been utilized for the purpose.

वैज्ञानिक अध्ययन से यह पता चला है कि ग्लीसरॉल का आकलन फ्लोरे तथा फैटूम[1] तथा डाइ हाइड्राक्सी ऐसीटोन का आकलन फ्लोरे तथा लाज्जे[2] ने पर-आयोडेट द्वारा स्वतन्त्र रूप से किया है। किन्तु इनके मिश्रण का आकलन अभी तक नहीं किया गया है।

प्रस्तुत कार्य में अनुमापनीय विश्लेषण द्वारा तथा ग्लीसरॉल तथा डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) के मिश्रण का रासायनिक विवेचन किया गया है और हाइपो-ब्रोमाइट तथा पर-आयोडेट विधियों को ही प्रयोग में लाया जाना सम्भव हुआ है। यह ज्ञात हो सका है कि हाइपो-ब्रोमाइट[3] रासायनिक क्रिया

करके अकेले ग्लीसरॉल को डाइहाइड्राक्सी ऐसीटोन तथा ग्लीसरिक ऐल्डीहाइड में परिणत कर देता है और यह मिश्रण ग्लीसरॉल कहलाता है पर इसमें ग्लीसरिक ऐल्डीहाइड की मात्रा बहुत कम होती है जबकि पर-आयोडेट ग्लीसरॉल तथा डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन को फार्मिक अम्ल तथा फार्मेल्डीहाइड में बदल देता है।

प्रयोगात्मक

सभी रासायनिक पदार्थ, जो प्रयोग किये गये, वे बी० डी० एच० अनालार के उत्पाद थे। उनको पुनः शुद्ध करने की आवश्यकता नहीं थी।

हाइपो-ब्रोमाइट और पर-आयोडेट विधियों के संयोग द्वारा ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन के मिश्रण का विश्लेषण :

केवल ग्लीसरॉल (ग्लीसरोल तथा डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन डाइमर के मिश्रण से) का आकलन हाइपो-ब्रोमाइट विधि द्वारा किया गया जो नीचे दी गयी है।

ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन मिश्रण (जिसका आकलन करना है) को लगभग 0·6 ग्राम पोटैसियम ब्रोमाइड (लगभग 5 मिली० जल में विलयित किया गया है) में मिलाया तथा इसके बाद 5 मिली० N सल्फ्यूरिक अम्ल तथा 15 मिली० 0·1N पोटैसियम ब्रोमेट के विलयनों को भी डाला गया। 10 मिनट तक रासायनिक क्रिया होने पर जब मात्रात्मक ब्रोमीन निकलने लगी तब 7 मिली० N सोडियम हाइड्राक्साइड मिलाया तथा फ्लास्क को खूब हिलाया।

फ्लास्क को 15 मिनट के लिए रख छोड़ा तथा यदा-कदा उसे हिला दिया गया। 10 मिली० पोटैसियम आयोडाइड तथा 25 मिली० N सल्फ्यूरिक अम्ल को फ्लास्क के अन्दर डालकर फ्लास्क को 10 मिनट तक रख दिया गया। इस अवधि में अप्रयुक्त निकली हुई ब्रोमीन पोटैसियम आयोडाइड से अपने बराबर आयोडीन निकालती है। उसका 0·1 N हाइपो विलयन द्वारा आकलन किया गया। नियन्त्रण प्रयोगों को भी साथ-साथ किया गया। दो अनुमापों का अन्तर उस ब्रोमीन की मात्रा को दिखाता है जो ग्लीसरॉल को डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन में बदलती है और आगे क्रिया नहीं करती है।

$$2\begin{array}{c}CH_2OH\\|\\CHOH\\|\\CH_2OH\end{array} + 2\,NaOBr \rightarrow \underbrace{\begin{array}{c}CH_2OH\\|\\CO\\|\\CH_2OH\end{array} + \begin{array}{c}CH_2OH\\|\\CHOH\\|\\CHO\end{array}} + 2\,NaBr + 2\,H_2O$$

इस प्रकार 250 मिली० तैयार किये विलयन में 0.5754 ग्राम ग्लीसरॉल, 250 मिली० तैयार किये विलयन में 0.3752 ग्राम डाइ होइड्रॉक्सी ऐसीटोन (डाइमर) और 0·05N हाइपोब्रोमाइट में 1 मिली० में 0·002 ग्राम ग्लीसरोल होगा।

सारणी 1

समय=20 मिनट ताप=कमरे का ताप

ग्लीसरॉल विलयन लया गया मिली०	डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन लिया गया मिली०	हाइपो-ब्रोमाइट विलयन (0·05 N) डाला गया मिली०	हाइपो-ब्रोमाइट विलयन (0·05 N) प्रयोग से प्राप्त मिली०	ग्लीसरॉल गलिया गया	ग्लीसरॉल प्राप्त मिली०
1.00	7.00	25.00	1.00	0.00230	0.00230
3.00	5.00	25.00	2.99	0.00690	0.00688
5.00	3.00	25.00	4.99	0.01151	0.01148
7.00	1.00	25.00	6.99	0.01611	0.01605

ऊपर तैयार किये हुए ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) विलयनों का 50 मिली० विलयन अलग अलग 100 मिली० तक आसुत जल मिलाकर तनु किया गया और तनुकृत विलयनों में, परआयोडेट विधि द्वारा ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन का आकलन निम्न विधि द्वारा किया :—

15 मिली० प्रमाणित पर-आयोडेट विलयन (0.05 N) शंक्वाकार मुंह बन्द होने वाले फ्लास्क में लिया गया ।

एक निश्चित आयतन, 5 मिली० (0.05 N) ग्लीसरॉल या डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) को मिलाया और शंक्वाकार फ्लास्क को आवश्यक समय के लिए रख दिया तथा कभी-कभी इसको हिलाया गया । आवश्यक समय के बाद 25-30 मिली० 40% सल्फ्यूरिक अम्ल 2-3 बूंदें रूथीनियम क्लोराइड तथा 5–6 बूंदें फेरॉइन सूचक की मिलाई गई तथा क्रिया रहित पर-आयोडेट का अनुमापन 0·05 N आर्सेनाइट विलयन से किया गया । दोनों अनुमापों के मानों से जो अभिकर्मकों का आयतन ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) के आक्सीकरण में प्रयोग होता है वह अलग अलग और मिश्रित जाना जा सकता है ।

$$\left(\begin{matrix}CH_2OH \\ CH_2OH\end{matrix} > CO\right)_2 + 6HIO_4 \rightarrow 2\,HCHO + 2\,HCOOH + 2\,CO_2 + 6HIO_3 + 2H_2O$$

0.05N पर-आयोडेट का 1 मिली०=0.00115 ग्राम ग्लीसरॉल

0.05N पर-आयोडेट का 1 मिली०=0.00070 ग्राम डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर)

सारणी 2

समय=2 घन्टे ताप=कमरे का ताप

क्रम संख्या	ग्लीसरॉल लिया गया मिली०	डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) लिया गया (0.05N) मिली०	पर-आयोडेट (0.05N) मिलाया गया मिली०	पर-आयोडेट प्रयोग में प्रयुक्त मिली०	डाइ-हाइड्रा-क्सी ऐसीटोन (डाइमर) लिया गया	डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन प्राप्त
1.	1.00	7.00	20.00	8.01	0.00525	0.00526
2.	3.00	5.00	20.00	8.00	0.00375	0.00375
3.	5.00	3.00	20.00	8.00	0.00225	0.00226
4.	7.00	1.00	20.00	8.00	0.00075	0.00076

इस प्रकार यह देखा गया है कि ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन के मिश्रण का रासायनिक विवेचन उपयुक्त आक्सीमिति विधियों के संयोग से संतोषप्रद हल देता है जो अभी तक नहीं किया जाता था।

विवेचना

यह दर्शाया जा चुका है कि पर-आयोडेट ग्लीसरोल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन को रासायनिक क्रिया द्वारा मात्रात्मकतः फार्मेल्डीहाइड तथा फार्मिक अम्ल में बदल देता है। इस अभिकर्मक द्वारा आयतनमितीयः आकलन किया जा सकता है। यह पूर्व ज्ञात है कि हाइपो-ब्रोमाइट रासायनिक क्रिया द्वारा ग्लीसरॉल को डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन में बदल देता है जो आगे क्रिया नहीं करता है। इसलिए उपर्युक्त दोनों अभिकर्मकों के संयोग द्वारा ग्लीसरॉल और डाइ-हाइड्राक्सी ऐसीटोन (डाइमर) का, जब एक दूसरे में मिश्रित हों, अनुमापी आकलन किया जा सकता है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

डा० आर० सी० कपूर, अध्यक्ष, रसायन विज्ञान, जोधपुर विश्वविद्यालय के हम बहुत आभारी हैं जिन्होंने आवश्यक सुविधायें प्रदान कीं।

निर्देश

1. फ्लोरे, पी० तथा फैटूम, एम०। **जर्न० फार्म० किम०**, 1935, **21**, 247.
2. फ्लोरे, पी० तथा लांजे। **वही**, 1933, **17**, 409.
3. कोल्थाफ तथा लारे, जेड०। **अनालि० केमि०** 1927, **73**, 177.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 1, January 1971, Pages 17-22

परमैंगनेट आयन के द्वारा क्लोराइड आयन के आक्सीकरण की अणुगतिकी एवं क्रियाविधि का अध्ययन

श्री० श्री० सोलंकी, अ० दा० बेलापुरकर एवं वि० रा०शास्त्री,
रसायन विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

[प्राप्त—जून 16, 1970]

सारांश

अम्लीय माध्यम में परमैंगनेट एवं क्लोराइड आयन की अभिक्रया के लिये परमैंगेनेट की कोटि एक, क्लोराइड की अभिक्रिया की कोटि दो एवं हाइड्रोजन आयन की अभिक्रिया की कोटि एक पायी गई है। हाइड्रोजन आयन की सांद्रता बढ़ाते जाने से अभिक्रिया की कोटि एक से कम होने लगती है। आरहीनियस का समीकरण 30° सें० एवं 40° सें० तापों के मध्य उपयोज्य होता है। ताप गुणांक एवं सक्रियण ऊर्जाओं के मान क्रमशः 2·670 एवं 18·450 किलोकैलोरी/मोल पाये गये हैं। अम्ल की सांद्रता बढ़ने के साथ अभिक्रिया की गति बढ़ती है। $NaNO_3$, NH_4NO_3 एवं KNO_3 लवणों को अभिक्रिया निकाय में डालने पर अभिक्रिया की गति बढ़ती है। गति बढ़ाने में विभिन्न आयनों के प्रभाव का क्रम $Na^+ > NH_4^+ > K^+$ है।

प्रकाश-रासायनिक दृष्टि से अभिक्रिया निष्क्रिय है।

Abstract

Studies in kinetics and mechanism of oxidation of chloride ions by potassium permanganate. *By* S. S. Solanki, A. D. Belapurkar and V. R. Shastry, School of Studies in Chemistry, Vikram University, Ujjain.

The reaction between permanganate ion and chloride ion in acidic media is found to be of first order with respect to $KMnO_4^-$, second order with respect to chloride ion and first order with respect to H^+ tending to be lesser than unity at higer concentrations of H^+. Arrhenius relationship is found to be applicable between 30° to 40°C. The values for temperature coefficient and energy of activation are 2.760 and 18.450 Cal/Mole respectively. The velocity of the reaction increases

with increasing concentration of acids. The effect of addition of salts $(NH_4)NO_3$, KNO_3 and $NaNO_3$ is to increases the velocity, the relative order of the increment effect being, $Na^+ > NH_4^+ > K$. The reaction is found to be photochemically inactive.

कुछ ही समय पूर्व एल० जे० किर्श्चेनबाम एवं जे० आर० सुट्टर[1] ने स्पेक्ट्रमीय प्रकाशमापी तकनीक द्वारा विशेष अवस्था में परमैंगेनेट आयन के द्वारा आयोडाइड आयन के आक्सीकरण की अणुगतिकी का अध्ययन किया है। इससे हमारा ध्यान विभिन्न अवस्थाओं में परमैंगेनेट आयन के द्वारा सामान्य हेलाइड आयन के आक्सीकरण की अणुगतिकी एवं क्रियाविधि के विस्तृत अध्ययन की ओर आकर्षित हुआ। शोध साहित्य के सावधानीपूर्वक निरीक्षण करने पर यह विस्मयजनक तथ्य ज्ञात होता है कि यद्यपि विभिन्न दृष्टिकोणों से परमैंगेट आयन के द्वारा विविध यौगिकों के आक्सीकरण की अणुगतिकी का व्यापक अध्ययन किया गया है, किन्तु इस शोध समस्या पर प्रायोगिक कार्य लगभग नहीं ही हुआ है। इसका विस्तृत अध्ययन करने की दृष्टि से Cl^-, Br^- एवं I^- आयनों के आक्सीकरण पर प्रारंभिक कार्य किया गया और विभिन्न निकायों में विभिन्न अवस्थाओं में विशिष्ट परिणाम प्राप्त हुए। इन प्रेक्षणों के आधार पर हमने हेलाइड आयनों के परमैंगेनेट आयन के द्वारा आक्सीकरण की अणुगतिकी एवं क्रियाविधि के व्यापक एवं व्यवस्थित अध्ययन का निश्चय कर योजना बनाई। इस शोध पत्र में परमैंगनेट आयन के द्वारा अमोनियम क्लोराइड से व्युत्पन्न क्लोराइड आयन के आक्सीकरण की अणुगतिकी एवं क्रियाविधि के अध्ययन के हेतु किये गये विस्तृत कार्य का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रयोगात्मक

उपयोग में लाये गये सभी रासायनिक अभिकर्मक या तो बी० डी० एच० कोटि के या ई० मर्क कोटि के थे। विलयनों के बनाने के लिये पाइरेक्स काँच पात्र में दो बार आसवित जल प्रयुक्त किया गया था।

अभिक्रिया काँच की बोतलों में की गई। पोटैसियम परमैंगनेट की आवश्यक सांद्रता का ज्ञात (50 मिली०) विलयन अभिक्रिया बोतल में लिया गया एवं इसे आवश्यक ताप पर तापस्थापी में रख

सारिणी–1

अमोनियम क्लोराइड की सांद्रता में परिवर्तन (Cl^- आयन की सापेक्ष्य कोटि)

$[KMnO_4]=4.76\times 10^{-}M$, $[H_2SO_4]=1.333$ तापमान $=30°$ सें०

$[NH_4Cl]$	0.333	0.500	0.666	0.833	1.000
$10^2 K$ Min^{-1}	0.571	1.413	2.515	3.620	5.507
$10^2 K$ Min^{-1}/[Cl]^2	5.16	5.65	5.67	5·28	5.51

दिया गया। इस विलयन में ज्ञात आवश्यक सांद्रता के सल्फ्यूरिक अम्ल में निर्मित अमोनियम क्लोराइड के (50 मिली०) विलयन को, जो पहले से ही तापस्थापी के ताप पर लाया जा चुका था, मिला दिया गया। अभिक्रिया के अवसर पर ज्ञात समयान्तरों पर अभिक्रिया मिश्रण से ज्ञात आयतन (10 मिली०) का अभिक्रिया मिश्रण लिया गया और एक ज्ञात आधिक्य के $4N$ सल्फ्यूरिक अम्ल द्वारा उपयुक्त मात्रा में अम्लीय किये गये एवं तप्त आक्सैलिक अम्ल में डाल दिया गया। तदनन्तर पोटैसियम परमैंगनेट के मानक विलयन के द्वारा अवशिष्ट अनभिकृत आक्सैलिक अम्ल का अनुमापन किया गया। प्राप्त परिणाम सारणीबद्ध किये गये।

सारणी–2

ताप का अभिक्रिया वेग पर प्रभाव (ताप गुणांक का मूल्यांकन)

$[KMnO_4]=4.76\times10^{-2}\ M$, $[H_2SO_4]=1.333\ M$

$[NH_4Cl]M$	0.333	0.666	0.833
10^2K_{40} Min^{-1}	1.550	6.658	9.540
10^2K_{30} Min^{-1}	0.571	2.515	3.620
K_{40}/K_{30}	2.730	2.647	2.635

सारणी–3

अम्ल की सांद्रता के परिवर्तन का प्रभाव

$[KMnO_4]=4.76\times10^{-2}M$ $[NH_4Cl]=0.666\ M$, ताप=30° सें०

$[H_2SO_4]M$	0.666	1.000	1.333	1.666	2.333
10^2K Min^{-1}	1.256	1.426	2.515	4.070	11.280

सारणी–4

अभिक्रिया वेग पर उदासीन लवणों का प्रभाव

$[KMnO_4]=4.76\times10^{-2}M$, $[H_2SO_4]=1.00\ M$, $[NH_4Cl]=0.600$, ताप=30° सें०

[लवण]M	0.000	0.250	0.375	0.500	0.625	0.750
$10^2K\ NaNO_3$ Min^{-1}	1.114	2.353	2.389	2.408	2.487	2·718
$10^2K\ NH_4NO_3$ Min^{-1}	1.114	1.765	2.008	2.176	2.305	2.460
$10^2K\ KNO_3$ Min^{-1}	1.114	1.279	1.664	1.704	1.909	2.201

विवेचना

क्लोराइड की क्रमशः परिवर्तनशील सांद्रताओं के निकाय के हेतु परमैंगनेट सांद्रणों के $\log \frac{a}{a-x}$ मानों एवं समय के मध्य आलेख चित्र निर्मित करने पर पाया जाता है कि वेगस्थि रांक K आभासी एकाण्विक है (देखिये चित्र)। परमैंगनेट और हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को स्थिर रखकर, क्लोराइड आयन सांद्रता को उच्चतर परास में परिवर्तित किया गया। जब वेग स्थिरांक, क्लोराइड आयन सांद्रता के वर्ग द्वारा विभाजित किय ाजाता है तो $K/[Cl^-]^2$ अनुपात के स्थिर मान आते हैं, जैसा कि सारिणी से स्पष्ट है। यह प्रेक्षण दर्शाता है कि क्लोराइड आयन के सापेक्ष्य, अभिक्रिया की कोटि 2 है।

परमैंगनेट एवं क्लोराइड आयनों की सांद्रता को स्थिर रखकर, हाइड्रोजन आयन की सांद्रता परिवर्तित की गयी। हाइड्रोजन आयन सांद्रता के व्युत्क्रमों को एवं वेग स्थिरांक के व्युत्क्रमों के मध्य आलेख निर्मित करने पर ऋजुरेखा प्राप्त होती है। यह तथ्य प्रदर्शित करता है कि सांद्रता के दिये हुए परास तक हाइड्रोजन आयन की अभिक्रिया की कोटि एक है।

ताप गुणांक और सक्रियण ऊर्जा

ताप गुणांक के निर्धारण के लिये अमोनियम क्लोराइड की विभिन्न सांद्रताएं 30° सें० से 40° सें० ताप के मध्य प्रयुक्त की गईं हैं जैसा कि सारिणी 2 में दिया गया है। ताप गुणांक का माध्य मान 2·670 है।

आरहीनियस के सुविदित समीकरण का उपयोग कर, सक्रियण ऊर्जाओं के मान का परिकलन किया गया। इन मानों की उत्तम स्थिरता यह दर्शाती है कि आरहीनियस समीकरण इस अभिक्रया के उपयोज्य है। सक्रियण ऊर्जा का माध्य मान 18·450 किलोकैलोरी। मोल प्राप्त हुआ है।

अम्ल के सांद्रण की परिवर्तनशीलता का प्रभाव

इस हेतु, परमैंगनेट और क्लोराइड आयनों की सांद्रता स्थिर रखकर सल्फ्यूरिक अम्ल की सांद्रता क्रमशः 2·333 N से 0·666N तक परिवर्तित की गयी। अम्ल की परिवर्तनशीलता के संगत रूप से प्राप्त वेग स्थिरांकों के मान $11{\cdot}280 \times 10^{-2} Min^{-1}$ से $1{\cdot}256 \times 10^{-2} Min^{-1}$ के मध्य परिवर्तनशील हैं (देखिये सारिणी 3)।

उदासीन लवणों का प्रभाव

$NaNO_3$, KNO_3 एव NH_4NO_3 जैसे उदासीन लवणों को निकाय में डालने पर, अभिक्रिया पर इनके प्रभाव का अध्ययन भी किया गया। परिणाम सारिणी 4 में दिये गये हैं।

लवणों के प्रभाव के सम्बंध में अग्रलिखित प्रेक्षण उल्लेखनीय हैं :–

(1) लवण की उपस्थिति में अभिक्रिया वेग, लवण की अनुपस्थिति की तुलना में बढ़ता जाता है।

(2) गति वर्द्धन पर लवणों के धन आयनों का सापेक्ष्य प्रभाव, विशिष्ट क्रम श्रेणी, $Na^+ > NH_4^+ > K^+$ द्वारा दिया जा सकता है।

प्रकाश-रासायनिक प्रभाव

अभिक्रिया पर प्रकाश-रासायनिक प्रभाव का अध्ययन किया गया। अभिक्रिया-बोतल से एक हज़ार वाट के बल्ब को विभिन्न दूरियों पर रखा गया तथा अभिक्रिया-बोतल को सूर्य प्रकाश में भी अलग-अलग समय-सीमाओं के लिये रखा गया। प्रकाश-रासायनिक दृष्टि से अभिक्रिया निष्क्रिय पायी गयी।

अभिक्रिया की क्रिया विधि

उपर्युक्त प्रायोगिक जानकारी के आधार पर अभिक्रिया की क्रियाविधि के स्पष्टीकरण के हेतु समीकरणों की निम्नलिखित व्यवस्था प्रस्तुत की जा सकती है :

$$MnO_4^- + H^+ \overset{K_1}{\rightleftharpoons} HMnO_4 \qquad \text{तीव्रगामी} \qquad (i)$$

$$HMnO_4 + Cl^- \overset{K_2}{\rightleftharpoons} HMnO_4Cl^- \qquad \text{तीव्रगामी} \qquad (ii)$$

$$HMnO_4Cl + Cl_2 \overset{K}{\rightarrow} Cl_2 + \text{उत्पाद} \qquad (Mn^{++} + H_2O) \quad \text{मंद} \qquad (iii)$$

समीकरण (iii) से हम पाते हैं कि अभिक्रिया वेग,

$$\frac{dn}{dt} = v = k[HMnO_4Cl^-][Cl^-] \qquad (iv)$$

समीकरण (i) एवं (ii) का उपयोग कर $[HMnO_4Cl^-]$ आदि के हेतु समीकरण (iv) में किये गये उचित प्रतिस्थापनों के पश्चात् अन्तिम रूप से निम्न समीकरण प्राप्त होता है :

$$\frac{dn}{dt} = k\, K_1\, K_2 \frac{[MnO_4^-][H^+][Cl^-]^2}{1 + K_1[H^+]} \qquad (v)$$

यह स्पष्ट है कि अन्तिम व्यंजक (समीकरण), प्रायोगिक प्राप्त जानकारी एवं उपर्युक्त प्रस्तावित क्रियाविधि योजना, दोनों को ही सफलतापूर्वक प्रतिपादित करता है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक डा० वा० वि० भागवत, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, रसायन अध्ययनशाला, विक्रम विश्व-विद्यालय, उज्जैन, के द्वारा प्रदत्त प्रयोगशाला सुविधाओं के लिये एवं डा० शां० ला० बापना, प्रवाचक, म० स० विश्वविद्यालय, वड़ौदा, को उनके बहुमूल्य सुझावों के हेतु आभारी हैं।

निर्देश

1. किर्श्चेनबाम, एल० जे० एवं सुट्टर के०आर०। **जर्न० फिजि० केमि०,** 1936, **70,** 3863.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol 14, No 1, January 1971, Pages 23-27

ठोसों के पृष्ठ तनाव 1
अकार्बनिक लवणों एवं धातुओं के पृष्ठ तनाव

कि० चं० जैन, श्री० श्री० सोलंकी एवं वि० रा० शास्त्री

रसायन विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

सारांश

ठोसों के पृष्ठ तनावों के हेतु प्रस्तुत किये गये समीकरण का उपयोग करके कई अकार्बनिक लवणों एवं धातुओं के पृष्ठ तनाव सारिणी रूप में दिये गये हैं। प्रस्तुत की गयी विधि पर समीक्षात्मक विवेचन भी दिया गया है।

Abstract

Surface tension of solids-Part I, Surface tensions of inorganic salts and metals. *By* K. C. Jain, S. S. Solanki and V. R. Shastry, School of Studies in Chemistry, Vikram University, Ujjain.

Using the equation put forth for the determination of surface tensions of solids, surface tensions of many inorganic salts and metals have been tabulated. A critical discussion of the method has been presented.

यद्यपि ठोसों की पृष्ठीय ऊर्जाओं एवं पृष्ठ तनावों के मूल्यांकन की समस्या पर सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दृष्टि से पर्याप्त कार्य[1] हो चुका है, शोध साहित्य के सावधानीपूर्वक अध्ययन से यह विदित होता है कि ठोसों के पृष्ठ तनावों के आकलन के लिये पैराकोर का उपयोग अभी तक नहीं किया गया है। अतः इस दिशा में हमने ठोसों के पृष्ठ तनावों के मूल्यांकन के हेतु आरम्भात्मक प्रयास किये हैं। इस कार्य के फलस्वरूप कई रोचक तथ्य ज्ञात हुये हैं, जिनपर निम्नलिखित विवेचन में प्रकाश डाला जा रहा है।

सुगडेन[2] का पैराकोर समीकरण निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया जा सकता है :

$$P=\frac{M\gamma_l^{1/4}}{dl-dv} \tag{1}$$

जहाँ dl ज्ञात ताप t पर पदार्थ की द्रव प्रावस्था का घनत्व ; dv, ताप t पर पदार्थ के वाष्प का द्रव प्रावस्था के सम्पर्क में साम्यावस्था का घनत्व, γ_l उसी ताप पर पदार्थ का पृष्ठ तनाव, P पैराकोर है और M पदार्थ का अणुभार है। $dv << dl$ है अतः समीकरण (1) के अंश dv में का मूल्य dl के तुलना में उपेक्षित किया जा सकता है। ऐसा करने पर समीकरण (1) निम्न रूप धारण कर लेता है।

$$P = \frac{M\gamma_l^{1/4}}{dl} \tag{2}$$

अथवा

$$\gamma_l = \left(\frac{P \times dl}{M}\right)^4 \tag{2(a)}$$

यह सर्वविदित है कि पदार्थ का पैराकोर काफी अंशों मे ताप के दीर्घ परासों के मध्य ताप के प्रभाव से अप्रभावित रहता है यदि जटिलता कारक प्रभाव, जैसे कि हाइड्रोजन-बंध आदि अणुओं में उपस्थित न हों। जटिलता कारक प्रभावों की अनुपस्थिति से यह मानना तर्कसंगत होगा कि पदार्थ के पैराकोर का मूल्य द्रव और ठोस प्रावस्था दोनों में समान होता है एवं पदार्थ की प्रावस्था के लिये अनुप्रयोज्य समीकरण (2) का प्ररूपी समीकरण पदार्थ की ठोस प्रावस्था के हेतु भी प्रयुक्त किया जा सकता है। इस आधार पर समीकरण (1) को ठोस प्रावस्था के हेतु वर्धित कर निम्न रूप में लिखा जा सकता है :

$$P = \frac{M\gamma_s^{1/4}}{ds - dv} \tag{3}$$

जहाँ γ_s ताप t पर पदार्थ की ठोस अवस्था में पदार्थ का पृष्ठ तनाव है, P पदार्थ का पैराकोर है, ds ताप t पर पदार्थ की ठोस प्रावस्था का घनत्व है, dv उसी ताप पर पदार्थ की ठोस प्रावस्था एवं साम्यावस्था में स्थित वाष्प का घनत्व है और M पदार्थ का अणुभार है। घनत्व $dv << ds$ तो समीकरण (3) में dv घनत्व ds की तुलना में उपेक्षित किया जा सकता है अतः समीकरण निम्न प्रकार से लिखा जा सकता है :

$$\rho = \frac{M\gamma_s^{1/4}}{ds} \tag{4}$$

या

$$\gamma_s = \left(\frac{P.ds}{M}\right)^4 \tag{5}$$

प्रयोगात्मक

किसी ठोस पदार्थ के पृष्ठ तनाव γ_s की गणना, P, तथा M के मानों को समीकरण (5) में रखकर की जा सकती है।

यदि पदार्थ की अणु संरचना ज्ञात हो तो पैराकोर का मान सुगडेन के पैराकोर स्थिरांकों[3] का उपयोग कर ज्ञात किया जा सकता है। किसी पदार्थ का पैराकोर, प्रयोग द्वारा भी ज्ञात किया जा सकता है। इस हेतु पदार्थ के घनत्व और पृष्ठ तनाव के मान को द्रव अवस्था में समान्य विधियों द्वारा ज्ञात करके सुगडेन के पैराकोर समीकरण (2) का उपयोग किया जा सकता है। यदि पदार्थ सुविधापूर्वक

साधारण उच्च तापों पर द्रव प्रावस्था में प्राप्त नहीं किया जा सके तो उसका पैराकोर हेम्मिक एवं एन्ड्-रयू की मिश्रण विधि द्वारा साधारण तापों पर किसी उपयुक्त विलायक में विलयन निर्मित कर ज्ञात किया जा सकता है।

ठोस पदार्थ का घनत्व किसी भी सामान्य प्रायोगिक विधि का उपयोग करके ज्ञात किया जा सकता है या मानक सारिणी से भी लिया जा सकता है। इस प्रकार ठोस पदार्थ का पैराकोर, ठोस प्रावस्था में घनत्व और अणुभार ज्ञात करके समीकरण (5) की सहायता से पदार्थ का ठोस प्रावस्था में पृष्ठ तनाव ज्ञात किया जा सकता है।

सोडियम क्लोराइड का उदाहरण लेकर अनुप्रयोग विधि विस्तार से समझायी जा चुकी हैं,[6] एवं अन्य कई अकार्बनिक लवणों के हेतु यह दर्शाया जा चुका है कि प्रस्तुत विधि द्वारा प्राप्त मान अन्य विधि द्वारा प्राप्त मानों से पर्याप्त निकटता रखते हैं।[7] प्रस्तुत लेख में विविध लवणों एवं धातुओं के परिणाम प्रस्तुत किये गये हैं।

विवेचना

समीकरण (5) की सहायता से प्राप्त ठोस धातुओं एवं अकार्बनिक पदार्थों के पृष्ठ तनावों के मान क्रमशः सारणी (1) एवं (2) में दिये गये हैं। पैराकोर मान सुगडेन के शोध कार्य[3,5] से, तथा अणुभार एवं घनत्व संदर्भ[6] से लिये गये हैं।

सैद्धान्तिक आधार पर पैराकोर व्युत्पन्न किया जा चुका है[7-9] एवं पैराकोर को पर्याप्त दीर्घ परासों तक अपरिवर्तनशील माना जा सकता है, द्रव प्रावस्था के हेतु अनुप्रयोज्य समीकरण का ठोस प्रावस्था तक वर्धन करना तर्कसंगत ही है।

सारिणी 1

धातुओं का उनकी ठोस प्रावस्था में पृष्ठ तनाव

क्रमांक	धातु	चिन्ह	अणुभार M	द्रवणांक °से०	घनत्व	पैराकोर	पृष्ठ तनाव डाइन सेमी०$^{-1}$
1	पारद	Hg	200·59	−38	13·600	68·0	459·2
2	ऐलुमिनियम	Al	26·98	660	2·703	55·0	922·1
3	वंग	Sn	118·69	232	7·28	86·8	804·6
4	सीसा	Pb	207·19	327	11·34	93·5	709·9
5	ऐन्टिमनी	Sb	121·75	631	6·684	83·9	451·6

सारिणी—2

आकार्बनिक लवणों के उनकी ठोस प्रावस्था में पृष्ठ तनाव

क्रम संख्या	पदार्थ	अणुभार द्रवणांक				पैराकोर	पृष्ठ तनाव डाइन सेमी०$^{-1}$ या पृष्ठीय ऊर्जा (सेमी०)$^{-2}$
		सूत्र	M	°से०	घनत्व		
1	लीथियम फ्लोराइड	LiF	25·94	870	2·635	58·5	1247·0
2	लीथियम क्लोराइड	LiCl	42·39	614	2·068	98·4	532·6
3	लीथियम नाइट्रेट	$LiNO_3$	68·94	250	2·380	131·5	424·6
4	सोडियम क्लोराइड	NaCl	58·44	800	2·165	124·8	457·3
5	सोडियम ब्रोमाइड	NaBr	102·90	747	3·203	148·8	401·5
6	सोडियम आयोडाइड	NaI	149·89	662	3·667	170·8	305·1
7	पोटैशियम फ्लोराइड	KF	58·10	857	2·480	109·0	468·6
8	पोटैशियम क्लोराइड	KCl	74·56	770	1·984	156·6	301·4
9	पोटैशियम ब्रोमाइड	KBr	119·01	742	2·750	174·3	261·8
10	पोटैशियम सल्फेट	K_2SO_4	174·27	1074	2·662	228·0	147·3
11	रूबिडियम ब्रोमाइड	RbBr	165·38	677	3·350	192·7	232·5
12	रूबिडियम आयोडाइड	RbI	212·37	638	3·550	226·8	206·8
13	सीज़ियम फ्लोराइड	CsF	151·90	715	4·115	136·9	189·1
14	सीज़ियम क्लोराइड	CsCl	168·36	642	3·988	188·7	399·2
15	सीज़ियम आयोडाइड	CsI	259·81	621	4.510	242·4	313·3

शोध साहित्य का सावधानीपूर्वक किया गया अध्ययन यह प्रदर्शित करता है कि सामान्य रूप से, ठोसों के पृष्ठ तनावों के मान द्रव प्रावस्था के मूल्यों से तुलनात्मक रूप में अधिक होते हैं। सारिणी 2 एवं 3 में दिये गये मान इस कथन की पुष्टि करते हैं। यह तथ्य समीकरण 2(a) एवं (5) के द्वारा

गणितात्मक रूप से भी स्पष्ट हो जाता है हैं। समीकरण (5) में ds हर में है और ds सर्वदा dl से अधिक होता है एवं, P और M स्थिर रहते हैं अतः स्वाभाविक रूप से γ_s का मूल्य γ_l [समीकरण 2(a)] से अधिक होना चाहिये।

समीकरण (5) यह भी दर्शाता है कि ठोसों के पृष्ठ तनाव भिन्न-भिन्न तापों पर भिन्न-भिन्न होते हैं। उच्चतर तापों पर घनत्वों के मूल्य न्यूनतर होते हैं, अतः पृष्ठ तनाव भी उच्चतर तापों पर न्यूनतर होना चाहिये। शोध-साहित्य में दिये हुए पदार्थ की ठोस प्रावस्था के हेतु विभिन्न तापों पर विभिन्न पृष्ठ तनावों के मूल्य प्राप्य नहीं हैं, अतः प्रस्तुत कार्य की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा सकती है कि समीकरण (5) भिन्न-भिन्न तापों पर ठोसों के पृष्ठ तनाव प्राप्त करने में समर्थ हैं।

यहाँ यह उल्लेख्य है कि इस समय ठोसों के पृष्ठ तनावों के परिमाणों के केवल सामान्य क्रम मात्र जानने के लिये, पैराकोर विधि उपयोग में लायी जा सकती है। क्रिस्टलों के विभिन्न पार्श्व तलों एवं कणों के विभिन्न आकरों आदि के लिये पृष्ठ तनावों के मूल्य ज्ञात करना अभी सम्भव नहीं है। इस दिशा में और अधिक शोध कार्य प्रगति पर है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

हम डा० ल० ना० घूत को कार्य में रुचि लेने के हेतु एवं श्री रा० द० स्वर्णकार को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हैं।

निर्देश

1. एडामसन, ए० डब्ल्यू०। — Physical Chemistry of Surfaces, **इन्टरसाइन्स पब्लिशर्स**, 1960, पृ० 235-261
2. सुगडेन, एस०। — **जर्न० केमि० सोसा०**, 1924, **125**, 1177
3. सुगडेन, एस०। — Parachor and Valency **राउटलेज, लंदन**, 1930, पृ० 276-
4. हेम्मिक एवं एन्रडयू। — **जर्न० केमि० सोसा०**, 1929, 754-759
5. सुगडेन, एस०। — **जर्न० केमि० सोसा०**, 1929, 1295
6. वीस्ट, आर० सी०, सेल्वी, एस० एम०, एवं होजमेन, सी० डी०। — Handbook of Chemistry and Physics **दि केमिकल रबर कम्पनी, 45 वां संस्करण**, 1664-65
7. आनन्द, एम० के० सोलंकी, एस० एस० एवं शास्त्री, वी० आर०। — **जर्न० इंडियन केमि० सोसा०, प्रकाशनार्थ स्वीकृत**, 1970
8. भागवत, वा० वि० एवं शास्त्री, वि० रा०। — **जर्न० विक्र० यूनि०**, 1963, **3**, 79
9. फाउलर। — **प्रोसी० राय० सोसा०**, 1937, **159A**, 227

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No 1, January 1971, Pages 29-38

H-फलन वाले माइजर G-फलन परिवर्त के कतिपय गुण

श्रीमती पी० के० मित्तल

गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

[प्राप्त– मार्च 13, 1970]

सरांश

प्रस्तुत शोधपत्र में G-फलन परिवर्त का लिये H-फलन वाले दो सामान्य प्रमेय स्थापित किये गये हैं। प्रथम प्रमेय सम्बद्ध फलनों के मूलों तथा प्रतिबिम्बों के मध्य नवीन सम्बन्धों को प्रकट करता है और दूसरे प्रमेय द्वारा विभिन्न प्राचलों के लिये G-फलन परिवर्त में सम्बद्ध फलनों के प्रतिबिम्बों के बीच और भी सम्बन्धों का पता चलता है। प्राप्त परिणाम अत्यन्त सामान्य प्रकृति के होने के कारण इससे पूर्व कई लेखकों द्वारा विभिन्न प्रमेयों से सम्बन्धित फल हमारी शोधों की विशिष्ट दशाओं के रूप में हैं।

Abstract

Certain properties of Meijer'e G-function transform involving the H-function. *By* (Mrs.) P. K. Mital, Department of Mathematics, Government College, Ajmer.

In this paper, we establish two general theorems involving the H-function for the G-function transform. The first theorem reveals new interconnections between images and originals of related functions while the second one discovers further relations between images of related functions in the G-function transform for different parameters. On account of general nature of our result, various theorems obtained earlier by several authors follow as particular cases of our findings.

1. विषय प्रवेश: सर्वमान्य लैपलास परिवर्त के सार्वीकरण

$$\phi(s) = s\int_0^\infty e^{-st} f(t)\ dt \tag{1·1}$$

का सूत्रपात भिसे [1, p. 57] द्वारा निम्न रूप में किया गया:

$$\phi(s)=s\int_0^\infty G_{m,m+1}^{m+1,o}\left[st\left|\begin{matrix}\eta_1+\alpha_1, \dots, n_m+\alpha_m\\ \eta_1, \dots, \eta_m, \rho\end{matrix}\right.\right]f(t)\,dt \tag{1·2}$$

बाद में उन्होंने इस परिवर्त के गुणों के विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया [2, pp. 349-354; 3, pp. 389-404] हम (1·2) को माइजर का फलन परिवर्त कहेंगे और सांकेतिक रूप में

$$\phi\left(s, \begin{matrix}\alpha_1 \dots \alpha_m\\ \eta_1 \dots \eta_m, \rho\end{matrix}\right)=G\left[f(t), \begin{matrix}\alpha_1 \dots \alpha_m\\ \eta_1 \dots \eta_m, \rho\end{matrix}\right]$$

द्वारा या संक्षेपतः

$\phi(s;\ \alpha_m, \eta_m, \rho)=G[f(t), \alpha_m, \eta_m, \rho]$ द्वारा व्यक्त करेंगे ।

(1·2) की विशिष्ट दशायें

(1·2) में $\alpha_i=0, i=1, 2, \dots m-1;\ \alpha_m=k-r,\ \eta_m=r-\mu$, तथा $\rho=r-\mu$ रखने पर यह मैनरा परिवर्त में घटित हो जाता है [8, p. 24] जिसे

$$\phi(s)=s\int_0^\infty (st)^{-\mu-1/2}e^{-1/2st}W_{k+1/2,\ r}(st)f(t) \tag{1·3}$$

के रूप में पारिभाषित किया जाता है । हम (1·3) को

$$\phi(s)=W\{f(t), \mu+\tfrac{1}{2};\ k+\tfrac{1}{2}, r, s\}$$

द्वारा प्रदर्शित करेंगे जिसमें $\mu=-r$ तथा k के स्थान $k-\frac{1}{2}$ पर रखने से (1·3) सुप्रसिद्ध वर्मा परिवर्त में घटित हो जाता है

$$\phi(s)=s\int_0^\infty (st)^{\gamma-1/2}e^{-1/2st}W_{k,\ r}(st)f(t)\,dt \tag{1·4}$$

अन्त में यदि $\alpha_j=0, j=1, 2\dots m;\ \rho=0$ लें तो (1·2) से (1·1) प्राप्त होता है ।

प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य (1·2) द्वारा पारिभाषित परिवर्त फलन को आगे और विकसित करना है।

पहले हम ऐसा प्रमेय स्थापित करेंगे जिससे विभिन्न प्राचलों के लिये G-फलन परिवर्त में सम्बद्ध फलनों के प्रतिबिम्बों एवं मूलों के अन्तरसम्बन्ध दिए जाते हैं । बाद में एक प्रमेय हल करेंगे जिसमें विभिन्न प्राचलों के लिये (1·2) द्वारा पारिभाषित परिवर्त में सम्बद्ध फलनों के प्रतिबिम्बों के मध्य रोचक सम्बन्धों का पता चलता है । इन दोनों प्रमेयों में H-फलन निहित है । अतः हाल में कई लेखकों द्वारा प्राप्त फल हमारे द्वारा ज्ञात फलों की विशिष्ट दशाओं के रूप में हैं ।

इस शोधपत्र में N, S सर्वत्र धन पूर्णांकों के लिये व्यवहृत हुए हैं। हम निम्न का उपयोग करेंगे

(i) $\triangle(N, a)$ से $\frac{a}{N}, \frac{a+1}{N}, \dots \frac{a+N-1}{N}$.

(ii) $\{(a_p, \alpha_p)\}$ से $(a_1, \sigma_1), (a_2, \alpha_1) \dots (a_p, \alpha_p)$.

2. H-फलन: H-फलन को हम निम्नांकित प्रकार से प्रदर्शित एवं पारिभाषित करेंगे:

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(a_1, \alpha_1)\dots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\dots(b_q, \beta_q)\end{matrix}\right]$$

$$=\frac{1}{2\pi i}\int_L \frac{\prod_1^m \Gamma(b_j-\beta_j\xi)\prod_1^n \Gamma(1-a_j+\alpha_j\xi)}{\prod_{m+1}^q \Gamma(1-b_j+\beta_j\xi)\prod_{n+1}^p \Gamma(a_j-\alpha_j\xi)} x^{\xi} \,.\, d\xi \tag{2·1}$$

जहाँ x शून्य के बराबर नहीं है तथा रिक्त गुणनफल को 1 के रूप में लिया जाता है; p, q, r, m पूर्णांक हैं जिनसे तुष्टि होती है $|\leqslant m\leqslant q;\ 0\leqslant n\leqslant p;\ \alpha_j(j=1\dots p),\ \beta_j(j=1\dots q)$ धन संख्याएँ हैं तथा $a_j(j=1\dots p);\ b_j(j=1\dots q)$ जटिल संख्याएँ हैं कि $\Gamma(b_h-\beta_h\xi),\ (h=1\dots m)$ का कोई पोल $\Gamma(1-a_i+\alpha_i\xi),\ (i=1\dots n)$ के किसी पोल से संगमित नहीं होता अर्थात् $\alpha_i(h+v)\neq\beta_h(a_i-\eta-1)$, $i=1\dots n,\ h=1\dots m;\ v,\ \eta=0,\ 1\dots,$ कन्टूर L, $\sigma-i\infty$ से $\sigma+i\infty$ तक विस्तृत है जिससे कि बिन्दु

$$\xi=\frac{b_h+v}{\beta_h}\ (h=1, \dots m;\ v=0,\ 1\ \dots)$$

जो $\Gamma(b_h-\beta_h\xi))$ के पोल हैं और दाहिनी ओर स्थित हैं तथा बिन्दु

$$\xi=(a_i-\eta-1)/\alpha_i(i=1\dots n,\ \eta=0,\ 1\dots)$$

जो $\Gamma(1-a_i+\alpha_i\xi)$ के पोल हैं, L की बाईं ओर स्थित हैं।

अनेक विशिष्ट फलन H-फलन की विशिष्ट दशायें हैं। G-फलन तथा इसकी सभी विशिष्ट दशाएँ H-फलन की विशिष्ट दशायें हैं।

नीचे हम H-फलन तथा G-फलन के मध्य के सम्बन्ध को दे रहे हैं :

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \,\middle|\, \begin{matrix}(a_1, 1)\dots(a_p, 1)\\(b_1, 1)\dots(b_q, 1)\end{matrix}\right]=G_{p,q}^{m,n}\left(x \,\middle|\, \begin{matrix}(a_1\dots\dots a_p)\\b_1\dots\dots b_q)\end{matrix}\right) \tag{2·2}$$

H-फलन के गुण[5]

$$x^{\sigma} H_{p,q}^{m,n}\left[x \left| \begin{matrix}(a_1, \alpha_1)\ldots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\ldots(b_q, \beta_q)\end{matrix}\right.\right]=H_{p,q}^{m,n}\left[x \left| \begin{matrix}(a_1+\sigma\alpha_1, \alpha_1)\ldots(a_p+\sigma\alpha_p, \alpha_p)\\(b_1+\sigma\beta_1, \beta_1)\ldots(b_q+\sigma\beta_q, \beta_q)\end{matrix}\right.\right] \quad (2\cdot3)$$

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x^{-1} \left| \begin{matrix}(a_1, \alpha_1)\ldots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\ldots(b_q, \beta_q)\end{matrix}\right.\right]=H_{q,p}^{n,m}\left[x \left| \begin{matrix}(1-b_1, \beta_1)\ldots(1-b_q, \beta_q)\\(1-a_1, \alpha_1)\ldots(1-a_p, \alpha_p)\end{matrix}\right.\right] \quad (2\cdot4)$$

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \left| \begin{matrix}(a_1, \alpha_1)\ldots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\ldots(b_q, \beta_q)\end{matrix}\right.\right]=C\,.\, H_{p,q}^{m,n}\left[x^{c} \left| \begin{matrix}(a_1, c\alpha_1)\ldots(a_p, c\alpha_p)\\(b_1, c\beta_1)\ldots(b_q, c\beta_q)\end{matrix}\right.\right] \quad (2\cdot5)$$

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \left| \begin{matrix}(a_1, \alpha_1)\ldots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\ldots(b_{q-1}, \beta_{q-1}), (a_1, \alpha_1)\end{matrix}\right.\right]=H_{p-1,\, q-1}^{m,n-1}\left[x \left| \begin{matrix}(a_2, \alpha_2)\ldots(a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1)\ldots(b_{q-1}, \beta_{q-1})\end{matrix}\right.\right] \quad (2\cdot6A)$$

$$H_{n+r,m+k}^{m,n}\left[x \left| \begin{matrix}\{(a_n, N_n)\}, \{(c_r, R_r)\}\\\{(b_m, M_m)\}, \{(d_k, K_k)\}\end{matrix}\right.\right]=(2\pi)^{\frac{1}{2}(m+n-k-r+K+R-M-N)}$$

$$\times \prod_1^n (N_j)^{1/2-a_j} \prod_1^r (R_j)^{1/2-c_j} \prod_1^m (M_j)^{b_j-1/2} \prod_1^k (K_j)^{d_j-1/2}$$

$$\times G_{N+R,\, M+K}^{M,N}\left[\frac{\alpha\gamma}{\beta\delta}x \left| \begin{matrix}\{\triangle(N_n, a_n)\}, \{\triangle(R_r, c_r)\}\\\{\triangle(M_m, b_m)\}, \{\triangle(K_k, d_k)\}\end{matrix}\right.\right] \quad (2\cdot6)$$

जहाँ $N_1 \ldots N_n$; $R_1 \ldots R_r$; $M_1 \ldots M_m$ तथा $K_1 \ldots K_k$ धनात्मक पूर्णांक हैं तथा

(i) $\{\triangle(N_n, a_n)\}$ को क्रमशः $\triangle(N_1, a_1)$. $\triangle(N_2, a_2) \ldots \triangle(N_n, a_n)$ और शेष मात्राओं के लिये ऐसे ही व्यंजक लिखेंगे।

(ii) M, N, K, R को क्रमशः $\sum_1^m (M_j)$, $\sum_1^n (N_j)$, $\sum_1^k (K_j)$ तथा $\sum_1^r (R_j)$ के लिये

(iii) $\alpha, \beta, \gamma, \delta$ को क्रमशः $\prod_1^n (N_j)^{N_j}$, $\prod_1^m (M_j)^{M_j}$, $\prod_1^r (R_j)^{R_j}$ तथा $\prod_1^k (K_j)^{K_j}$ के लिये।

प्रमेयों की उपपत्ति के समय निम्नांकित परिणाम[5] की आवश्यकता होगी

$$\int_0^{\infty} x^{\eta-1} H_{p,q}^{m,n}\left[zx^{\sigma} \left| \begin{matrix}\{(a_p, \alpha_p)\}\\\{(b_q, \beta_q)\}\end{matrix}\right.\right] G_{r,l}^{k,f}\left(sx \left| \begin{matrix}c_1 \ldots c_r\\d_1 \ldots d_l\end{matrix}\right.\right) dx$$

$$=s^{-\eta}H^{m+f,n+k}_{p+l,q+r}\left[zs^{-\sigma}\left|\begin{matrix}\{(a_n,\alpha_n)\},\{(1-d_l-\eta\sigma)\},(a_{n+1},\alpha_{n+1})\dots(a_p,\alpha_p)\\ \{(b_m,\beta_m)\},\{(1-c_r-\eta,\sigma)\},(b_{m+1},\beta_{m+1})\dots(b_q,\beta_q)\end{matrix}\right.\right] \tag{2·7}$$

यदि $R\left[\eta+\frac{\sigma b_h}{\beta_h}+a_i\right]>0;\ (h=1\dots m,\ i=1\dots n),$

$$R\left[\eta+c_j-1+\sigma\frac{a_{h'}-1}{\alpha_{h'}}\right]>0;\ (j=1\dots f;\ h'=1\dots\eta)$$

$$A=\sum_1^n \alpha_j-\sum_{n+1}^p \alpha_j+\sum_1^m \beta_j-\sum_{m+1}^q \beta_j>0$$

$$|\arg z|<\tfrac{1}{2}A\pi,\ \mu=2f+2_j-l-r>0$$

तथा $|\arg s|<\frac{1}{2}\mu\pi$

3. प्रमेय—1

यदि
$$f\left\{s,\ \begin{matrix}\alpha_1\dots\alpha_m\\ \eta_1\dots\eta_m,\ \rho\end{matrix}\right\}=G\left\{x^l\phi(x);\ \begin{matrix}\alpha_1\dots\alpha_m\\ \eta_1\dots\eta_m,\ \rho\end{matrix}\right\}$$

तथा
$$s^k\phi(s^\sigma)=G\left[h(x);\ \begin{matrix}\beta_1\dots\beta_n\\ \gamma_1\dots\gamma_n,\ \mu\end{matrix}\right]$$

तो

$$f\{s;\ \alpha_m,\ \eta_m,\ \rho\}=s^{-l+k/\sigma-1/\sigma}\int_0^\infty H^{n+1,m+1}_{n+m+1,n+m+1}$$
$$\times\left[\frac{t}{s^{1/\sigma}}\left|\begin{matrix}\left\{\left(\frac{k}{\sigma}-\frac{1}{\sigma}-l-\eta_m,\frac{1}{\sigma}\right)\right\},\left\{\left(\frac{k}{\sigma}-\frac{1}{\sigma}-l-\rho,\ \frac{1}{\sigma}\right)\right\},\{\beta_n+\gamma_n,\ 1)\}\\ \{(\gamma_n,\ 1)\},\ (\mu,\ 1),\left\{\left(\frac{k}{\sigma}-\frac{1}{\sigma}-l-\eta_m-\alpha_m,\ \frac{1}{\sigma}\right)\right\}\end{matrix}\right.\right]h(t)\ dt \tag{3·1}$$

यदि $|h(t)|$ तथा $|x^l\phi(x)|$ का G-फलन विद्यमान हो तथा

$$R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\frac{1}{\sigma}\ r_h+\eta_i\right]>0;\ R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\frac{\mu}{\sigma}+\eta_i\right]>0,$$

$$R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\rho+\frac{r_h}{\sigma}\right]>0 \text{ जहाँ}$$

$h=1\dots n$

$i=1\dots m$

तथा $\sigma>0$

उपपत्ति :

$$f(s)=s\int_0^\infty x^l\phi(x)\, G_{m,m+1}^{m+1,o}\left[sx\left|\begin{matrix}\{(\eta_m+a_m)\}\\ \{\eta_m\},\ \rho\end{matrix}\right.\right]dx$$

$$=s\int_0^\infty x^l\left\{x^{1-k/\sigma}\int_0^\infty h(t)\, G_{n,n+1}^{n+1,o}\left[x^{1/\sigma}t\left|\begin{matrix}\{(\beta_n+\gamma_n)\}\\ \{\gamma_n\},\ \mu\end{matrix}\right.\right]dt\right\}$$

$$\times G_{m,m+1}^{m+1,o}\left[sx\left|\begin{matrix}\{(\eta_m+a_m)\}\\ \{\eta_m\},\ \rho\end{matrix}\right.\right] \qquad (3\cdot2)$$

(3·2) में समाकलन के क्रम के बदलने पर तथा (2·1) और (2·7) की सहायता से x समाकल का मान निकालने पर थोड़े सरलीकरण के बाद वांछित प्रमेय प्राप्त होगा।

(3·2) में समाकलन के क्रम को बदलने को वैध बताने के लिये हम यह देखते हैं कि x समाकल पूर्णतया अभिसारी है यदि

$$R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\frac{y_h}{\sigma}+\eta_i\right]>0;\ R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\frac{\mu}{\sigma}+\eta_i\right]>0$$

$$R\left[1+l-\frac{k}{\sigma}+\rho+\frac{y_h}{\sigma}\right]>0 \quad \text{जहाँ } h=1,\ \ldots n$$

$$i=1,\ \ldots m$$

$$\text{तथा } \sigma>0$$

साथ ही, t समाकल पूर्णतः अभिसारी होता है यदि $|h(t)|$ का G-फलन विद्यमान हो और परिणामी समाकल पूर्णतः अभिसारी होता है यदि $|x^l\phi(x)|$ का G-फलन विद्यमान हो। प्रमेय के वक्तब्य में ये प्रतिबन्ध पहले से समाविष्ट हैं अतः (3·2) में समाकलन का प्रतिलोमन न्यायसंगत है। यही सिद्ध करना था।

उपप्रमेय—1: उपर्युक्त प्रमेय में $a_i=0,\ i=1\ldots n-1,\ \beta_j=0,$
$j=1\ldots n-1,\ \rho=-\delta-\mu;\ \eta_m=-\delta+\mu;\ a_m=-\lambda-\mu,$
$l=c;\ k=l;\ \mu=-\eta-r,\ \beta_n=-k-r,\ \gamma_n=-\eta+r$

रखने पर यह जन[6] द्वारा दिये गये निम्नांकित प्रमेय में, समीकरण (2·3), (2·4), (2·5) तथा (1·3) के बल पर, घटित हो जाता है।

यदि $f(s)=W\{x^c\phi(x);\ \delta+\tfrac{1}{2},\ \lambda+\tfrac{1}{2},\ \mu,\ s\}$

तथा $s^l\phi(s^\sigma)=W\{h(x);\ \eta+\tfrac{1}{2},\ k+\tfrac{1}{2},\ r,\ s\}$

तो $$f(s)=s^{l/\sigma-c}\int_0^\infty t^{-1}h(t)H_{3,3}^{2,2}\left[st^{-\sigma}\left|\begin{matrix}(\eta\pm r,\ \sigma),\ (1+c-\delta-\lambda-\frac{l}{\sigma},\ 1)\\ (1+c-\delta\pm\mu-\frac{l}{\sigma},\ 1),\ (\eta+k,\ \sigma)\end{matrix}\right.\right]dt,$$

जो इसमें ऊपर कथित प्रतिस्थापनों के करने पर प्रमेय 2 से प्राप्य प्रतिबन्धों के अन्तर्गत प्राप्त होता है ।

उपप्रमेय—2: प्रमेय—1 में $\sigma=\frac{N}{S}$ रखने तथा s को p द्वारा प्रतिस्थापित करने यह समीकरण (2·3), (2·4), (2·5) तथा (2·6) के बल पर ऐसे रूप में घटित होता है जिसमें माइजर का G-फलन निहित है ।

यदि
$$f\left\{p, \begin{matrix} \alpha_1, \alpha_2 \cdots \alpha_m \\ \eta_1, \eta_2 \cdots \eta_m, \rho \end{matrix}\right\}=G\left\{x^l\phi(x); \begin{matrix} \alpha_1 \cdots \alpha_m \\ \eta_1 \cdots \eta_m, \rho \end{matrix}\right\}$$

तथा
$$p^k\phi\left(p\frac{N}{S}\right)=G\left[h(x), \begin{matrix} \beta_1 \cdots \beta_n \\ \gamma_1 \cdots \gamma_n, \mu \end{matrix}\right]$$

तो
$$f(p)=N.p-l+\frac{KS}{N}-\frac{S}{N}S^{\frac{1}{2}}+l-\frac{KS}{N}+\rho-\sum_1^m \alpha_j-\frac{N}{S}$$
$$\times N^{\frac{1}{2}-\sum_1^n \beta_j+\mu}(2\pi)^{\frac{1}{2}(2-N-S)},$$
$$\times\int_0^\infty G^{(m+1)S, (n+1)N}_{(n+1)N+mS, (m+1)S+N_n}$$
$$\times\left[\left(\frac{N}{t}\right)^N\left(\frac{p}{S}\right)^S \middle| \begin{matrix} \{\triangle(N, 1-\gamma_n)\}, \triangle(N, 1-\mu), \\ \left\{\triangle\left(S, 1+l+\eta_m-\frac{KS}{N}+\frac{S}{N}\right)\right\}, \end{matrix}\right.$$
$$\left.\times\begin{matrix} \left\{\triangle\left(S, \frac{S}{N}+1-\frac{K}{S}+l+\eta_m+\alpha_m\right)\right\} \\ \triangle\left(S, 1+l+\rho-\frac{KS}{N}+\frac{S}{N}\right), \{\triangle(N, 1-\beta_n-\gamma_n)\} \end{matrix}\right] h(t)\,dt$$

जो प्रमेय 1 में $\sigma=\frac{N}{S}$ रखने तथा S को p द्वारा प्रतिस्थापित करने से प्राप्त प्रतिबन्धों में है ।

उपप्रमेय—3: यदि उपप्रमेय 2 में $\alpha_i=0$, $i=1 \ldots m-1$; $\beta_j=0, j=1 \ldots n-1$; $\alpha_m=-\mu-\lambda$; $\eta_m=-\mu-\lambda$, $\rho=-\mu-\lambda$, $\beta_n=-m-k$, $\gamma_n=m-k$, $\mu=-m-k$ रखें तो (1·4) के बल पर सक्सेना [9, p. 404] जैसा प्रमेय प्राप्त होता है ।

4. प्रमेय—2

यदि
$$\phi(s)=G\left[x^{-1/\sigma(\sigma+\nu-\mu)}f(x), \begin{matrix} \beta_1 \cdots \beta_r \\ \gamma_1 \cdots \gamma_r, \delta \end{matrix}\right] \tag{4·1}$$

तथा
$$\psi(s)=G\left[x^\nu f(z^{-\sigma}), \begin{matrix} \alpha_1 \cdots \alpha_k \\ \eta_1 \cdots \eta_k, \rho \end{matrix}\right] \tag{4·2}$$

तो $\phi(s)=s\sigma\int_0^\infty x^{\mu-1}\psi(x)\, H^{r+1,k}_{r+k,r+k+2}\left[sx^\sigma\left|\begin{matrix}\{(-\alpha_k-\eta_k-\mu,\sigma)\},\{(\beta_r+\gamma_r,1)\}\\ \{(\gamma_r,1)\},(\delta,1),\{(-\eta_k-\mu,\sigma)\},(\rho-\mu,\sigma\end{matrix}\right.\right]dx$ (4·3)

यदि $|x^\nu f(x^{-\sigma})|$ का G-फलन विद्यमान हो और निम्नांकित प्रतिबन्धों की तुष्टि होती हो :

$$0<\sigma<1,\ R(s)>0,\ |\arg z|<\tfrac{1}{2}(1-\sigma)\pi$$

$$R(\mu+1+\sigma y_i+\eta_h)>0,\ R(\mu+1+\sigma\gamma_i+\rho)>0$$

$$R(\mu+1+\sigma\delta+\eta_h)>0 \text{ तथा } R(\mu+1+\sigma\delta+\rho)>0$$

$$(i=1\ldots r,\ h=1\ldots k)$$

उपपत्ति : (2·6) तथा (2·6A) से हमें निम्नांकित प्राप्त होता है :

$$s^{-\mu}G^{r+1,0}_{r,r+1}\left[\frac{z}{s^\sigma}\left|\begin{matrix}\{(\beta_r+\gamma_r)\}\\ \{\gamma_r\},\delta\end{matrix}\right.\right]$$

$$=G\left\{x^\mu H^{r+1,k}_{r+k,r+k+2}\left[zx^\sigma\left|\begin{matrix}\{(-\alpha_k-\eta_k-\mu,\sigma)\},\{(\beta_r+\gamma_r,1)\}\\ \{\gamma_r,1\},(\delta,1),\{(\eta_k-\mu,\sigma)\},(\rho-\mu,\sigma)\end{matrix}\right.\right]\begin{matrix}\alpha_1\ldots\alpha_k\\ \eta_1\ldots\eta_k\end{matrix}\right\} \tag{4·4}$$

यदि $0<\sigma<1,\ R(s)>0,\ |\arg z|<\frac{1}{2}(1-\sigma)\pi$

$$R(\mu+1+\sigma\gamma_i+\eta_h)>0,\ R(\mu+1+\sigma\gamma_i+\rho)>0;\qquad i=1\ldots r$$

$$R(\mu+1+\sigma\delta+\eta_h)>0,\ R(\mu+1+\sigma\delta+\rho)>0;\qquad h=1\ldots k.$$

(4·2) तथा (4·4) द्वारा प्रस्तुत युग्मों में G-फलन परिवर्त के हेतु पार्सेवाल-गोल्डस्टाइन प्रमेय का सम्प्रयोग करने पर हमें

$$\int_0^\infty x^{-1}\psi(x)x^\mu H^{r+1,k}_{r+k,r+k+2}\left[zx^\sigma\left|\begin{matrix}\{(-\alpha_k-\eta_k-\mu,\sigma)\},\{\beta_r+\gamma_r,1)\}\\ \{\gamma_r,1)\},(\delta,1),\{(-\eta_k-\mu,\sigma)\},(\rho-\mu,\sigma)\end{matrix}\right.\right]dx$$

$$=\int_0^\infty x^{-1}x^\nu f(x^{-\sigma})x^{-\mu}G^{r+1,0}_{r,r+1}\left[\frac{z}{x^\sigma}\left|\begin{matrix}\{(\beta_r+\gamma_r)\}\\ \{\gamma_r\};\delta\end{matrix}\right.\right]dx. \tag{4·5}$$

प्राप्त होगा।

(4·5) में z के स्थान पर s रखने पर थोड़े सरलीकरण के बाद प्रमेय प्राप्त होता है ।

अब G-फलन परिवर्त में गोल्डस्टाइन प्रमेय के सम्प्रयोग को न्यायोचित ठहराना भर शेष रहता है। यह सम्प्रयोग न्यायसंगत है यदि $|x^\nu f(x^{-\sigma})|$ का G-फलन परिवर्त विद्यमान हो, (4·4) में कथित प्रतिबन्ध न्यायोचित हों और (4·5) का कोई एक समाकल पूर्णतः अभिसारी हो ।

प्रमेय में ये समस्त प्रतिवन्ध सम्मिलत होने के कारण उपपत्ति पूर्ण हुई ।

उपप्रमेय—1: यदि हम उपर्युक्त प्रमेय में $\beta_i=0,\ i=1\ldots r-1,$

$$a_j=0,\ j=1\ldots k-1,\ \ \mu=\frac{\sigma}{2}+\sigma\eta+\sigma l;\ \ r=1,\ \delta=-\eta-r,\ \ \gamma_r=-\eta+r,$$

$$\beta_r=-k-r,\ \ \nu=-\sigma\left(\tfrac{1}{2}-\eta\right),\ \ k=1,\ \alpha_k=-\mu-\lambda,\ \ \eta_k=-\delta+\mu.$$

$\rho=-\delta-\mu$ रखें तो हमें (1·3) के बल पर जैन [7, समीकरण (4·9·1) पृ० 136)] द्वारा प्राप्त अन्य परिणाम मिलेगा।

उपप्रमेय—2: $\sigma=\frac{N}{S}$ रखने पर तथा प्रमेय—2 में S को p द्वारा प्रतिस्थापित करने पर (2·5) तथा (2·6) के बल पर निम्नांकित रूप प्राप्त होगा :

यदि
$$\phi=G\left[x^{-S/N(\nu-\mu+N/S)}f(x);\ \begin{matrix}\beta_1\ldots\beta_r\\ \gamma_1\ldots\gamma_r,\ \delta\end{matrix}\right]$$

तथा
$$\psi(p)=G\left[x^{\nu}f(x^{-N/S});\ \begin{matrix}\alpha_1\ldots\alpha_k\\ \eta_1\ldots\eta_k,\ \rho\end{matrix}\right]$$

तो
$$\phi(p)=p(2\pi)^{N-S/z}\,N^{\frac{1}{2}+\rho-\mu+\sum_1^k\alpha_i}\,S^{\delta-\frac{1}{2}-\sum_1^r\beta_j}.$$

$$\times\int_0^\infty\psi(x)x^{\mu-1}\,G^{S(r+1),\,Nk}_{Nk+Sr,\,S(r+1)+N(k+1)}$$

$$\left[p^S S^{-S}N^{-N}x^N\left|\begin{matrix}\{\triangle(N,\,-\alpha_k-\eta_k-\mu)\},\ \triangle(S,\,\beta_r+\gamma_r)\\ \{\triangle(S,\,\gamma_r)\},\ \triangle(S,\,\delta),\ \{\triangle(N,\,-\eta_k-\mu)\},\ \triangle(N,\,\rho-\mu)\end{matrix}\right.\right]dx \tag{4·6}$$

(4·6) की वैधता के प्रतिबन्ध वे ही हैं जो प्रमेय 2 में $\sigma=\frac{N}{S}$ तथा S के स्थान पर p रखने से प्राप्त होते हैं।

उपप्रमेय 3: उप्रमेय 2 में $\beta_j=0,\ j=1,2\ldots r;\ \alpha_i=0,\ i=1\ldots k;\ \delta=0,\ \rho=0$ रखने पर यह लैपलास परिवर्त [4, p. 140] सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण प्रमेय में घटित होता है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक उदार पथ-प्रदर्शन के लिये डा० के० सी० गुप्ता का आभारी है।

निर्देश

1. मिसे, बी० एम०। **विक्रम यूनि० जर्नल**, 1959, **III** (3), 57
2. वही। **प्रोसी० नेश० एके० साइंस (इंडिया)**, 1962, **32A**, 349-54.

3. वही । **प्रोसी० नेश० एके० साइंस (इंडिया)**, 1962, **32A**, 389-404.

4. गुप्ता, एच० सी० । **प्रोसी० नेश० इंस्टी० साइंस, इंडिया** 1948 , 140.

5. गुप्ता, के० सी० तथा जैन, यू० सी० । **प्रोसी० नेश० एके० साइंस, (इंडिया), (प्रकाशनाधीन)**

6. जैन, यू० सी० । **वही, (प्रकाशनाधीन)**

7. वही । **डी० फिल० शोध प्रबन्ध, उदयपुर विश्वविद्यालय,** 1967

8. मैनरा, वी० पी० । **बुले० कलकत्ता मैथ० सोसा०**, 1961, **53**, 24.

9. सक्सेना, आर० के० । **प्रोसी० नेश० इंस्टी० साइंस इंडिया**, 1960, **26**, 404.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 1, January 1971, Pages 39-43

पतली प्रत्यास्थ पट्टिकाओं के वृत्ताकार शिखरों में अवमन्दित कम्पन

के० डी० शर्मा

गणित विभाग, राजकीय लोहिया कालेज, चुरू (राजस्थान)

[प्राप्त--मार्च 19, 1970]

सारांश

प्रस्तुत शोधपत्र में एक ऐसी पतली पट्टी के वृत्ताकार शिखर में, जो प्रत्यास्थ आधार भूमि पर आधृत है, अनुप्रस्थ सममित अवमंदित कम्पनों का अध्ययन किया गया है।

Abstract

Damped vibrations in circular crowns of thin elastic plates. *By* K. D. Sharma, Department of Mathematics, Govt. Lohia College, Churu.

The transverse symmetrical damped vibrations in a circular crown of a thin plate, resulting on an elastic ground have been studied.

1. विषय प्रवेश : मार्शी तथा डियाज[2] ने श्यान अवमंदन से रहित पतली पट्टिकाओं के शिखरों में लघु अनुप्रस्थ प्रत्यास्थ कम्पनों पर विचार किया है। इसमें एक ऐसी पतली पट्टी के वृत्ताकार शिखर में, जो प्रत्यास्थ आधार भूमि पर आधृत है, अनुप्रस्थ सममित अवमंदित कम्पनों का अध्ययन किया है। लघु अनुप्रस्थ कम्पनों के उत्पन्न होने का कारण अनुप्रस्थ भारण $z(r, t)$ है। यह कल्पना की गई है की पट्टिका के पदार्थ का घनत्व स्थिर है। अपरूपण के कारण विचलन के प्रभाव को नगण्य मानते हुए, सममित कम्पनों का विस्थापन निम्नलिखित आंशित कलन समीकरण की तुष्टि करता है।

$$D\left(\frac{\partial^2}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial}{\partial r}\right)^2 u+2\rho h\frac{\partial^2 u}{\partial t^2}+C\frac{\partial u}{\partial t}+Ku=Z(r, t) \tag{1·1}$$

$$b\leqslant r\leqslant a, \quad -h\leqslant z\leqslant h$$

जहाँ

$D =$ पट्टिका की प्रत्यास्थ दृढ़ता है

$2h =$ पट्टिका की मोटाई

$\rho =$ पट्टिका के पदार्थ का घनत्व

$C =$ आधारभूमि का अवमन्दन गुणांक

$K =$ आधार भूमि की कठोरता

आरम्भिक प्रतिबन्ध :

$$u(r, t)|_{t=0}=P(r) \tag{1·2}$$

$$\left.\frac{\partial u}{\partial t}\right|_{t=0}\phi=(r) \tag{1·3}$$

सीमा प्रतिबन्ध :

$$\left[\frac{\partial^2 u}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial u}{\partial r}\right]_{r=a}=\phi(a, t) \tag{1·4}$$

$$\left[\frac{\partial^2 u}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial u}{\partial r}\right]_{r=b}=\psi(b, t) \tag{1·5}$$

$$u(r, t)|_{r=a}=F(a, t) \tag{1·6}$$

$$u(r, t)_{r=b}=\theta(b, t) \tag{1·7}$$

2. (1·1) समीकरण का हल

(b, a) अन्तराल में सान्त हैंकेल परिवर्त [3] को

$$\bar{u}=\bar{f}_H(\xi_i)=\int_b^a rf(r)[J_\mu(r\xi_i)G_\mu(a\xi_i)-J_\mu(a\xi_i)G_\mu(r\xi_i)]dr \tag{2·1}$$

के रूप में लिखा जाता है जहाँ ε_i अबीजी समीकरण का घात है

$$J_\mu(b\xi_i)G_\mu(a\xi_i)-J_\mu(a\xi_i)G_\mu(b\xi_i)=0 \tag{2·2}$$

इसकी प्रतीप श्रृंखला को निम्न प्रकार से लिखेंगे :

$$u=f(r)=\sum_i \frac{2\xi_i^2 J^2\mu(b\xi_i)\bar{f}_H(\xi_i)}{J_\mu^2(a\xi_i)-J_\mu^2(b\xi_i)}\times[J\mu(r\xi_i)G_\mu(a\xi_i)-J_\mu(a\xi_i)G_\mu(r\xi_i)] \tag{2·3}$$

परिवर्त की क्रियात्मक विशेषता को निम्न प्रकार लिखेंगे :

$$\begin{aligned}H_\mu\left[\left(\frac{\partial^2}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial}{\partial r}-\frac{\mu^2}{r^2}\right)f(r)\right]=\frac{J\mu(a\xi_i)}{J_\mu(b\xi_i)}&\left[\left(\frac{\partial^2}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial}{\partial r}-\frac{\mu^2}{r^2}\right)f(r)\right]_{r=b}\\ &-\xi_i^2\left[\frac{J\mu(a\xi_i)}{J\mu(b\xi_i)}f(b)-f(a)\right]\\ &-\left[\left(\frac{\partial^2}{\partial r^2}+\frac{1}{r}\frac{\partial}{\partial r}-\frac{\mu^2}{r^2}\right)f(r)\right]_{r=a}+\xi_i^4\bar{f}(\xi_i)\end{aligned} \tag{2·4}$$

$\mu=0$ रखने पर तथा (1·1) में (2·1) परिवर्त को प्रयुक्त करने तथा (1·4), (1·5), (1·6), (1·7) और (2·4) का उपयोग करने पर

$$\frac{d^2\bar{u}}{dt^2}+\frac{C}{2\rho h}\frac{d\bar{u}}{dt}+\frac{Db^2\xi_i^4+k}{2\rho h}\bar{u}=\bar{z}(\xi_i, t)-\lambda(t) \tag{2·5}$$

जहाँ

$$\lambda(t)=-\frac{D}{2\rho h}\left[\frac{\mathcal{J}_0(a\xi_i)}{\mathcal{J}(b\xi_i)}\psi(b, t)-\phi(a, t)-\xi_i^2\left\{\frac{\mathcal{J}_0(a\xi_i)}{\mathcal{J}_0(b\xi_i)}\theta(b, t)-F(a, t)\right\}\right] \tag{2·6}$$

तथा

$$\bar{z}(\xi_i, t)=\int_b^a rz(r, t)[\mathcal{J}_\mu(r\xi_i)G_\mu(a\xi_i)-\mathcal{J}_\mu(a\xi_i)G_\mu(r\xi_i)]dr \tag{2·7}$$

(2·5) में लैपलास परिवर्त तथा संवलन प्रमेय [1] का प्रयोग करने पर $\bar{\mu}$ का हल निम्न रूप में प्राप्त होगा :

$$\bar{\mu}(\xi_i, t)=\frac{4\rho h}{w}\left[\int_0^t e^{-(C/4\rho h)\uparrow}\sin\left(\frac{w}{4\rho h}\uparrow\right)\lambda(t-\uparrow)d\uparrow\right.$$
$$\left.+\frac{w}{4\rho h}\bar{P}(\xi_i)e^{-(C/4\rho h)t}\cos\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)+\left\{\bar{\theta}(\xi_i)-\frac{C}{4\rho h}\bar{P}(\xi_i)\right\}e^{-(C/4\rho h)t}\sin\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)\right] \tag{2·8}$$

जहाँ

$$w^2=\frac{8\rho h(Db^2\xi_i^4+k)-C^2}{16\rho^2h^2} \tag{2·9}$$

समीकरण (2·3) में समीकरण (2·8) रखने पर, विस्थापन $u(r, t)$ को

$$u(r, t)=8h\rho\Sigma\frac{\xi_i^2\mathcal{J}_0^2(b\xi_i)}{w(\mathcal{J}_0^2(a\xi_i)-\mathcal{J}_0^2(b\xi_i))}\left[\mathcal{J}_0(\xi_i r)\ G_0(a\xi_i)-\mathcal{J}_0(a\xi_i)\ G_0(\xi_i r)\right]$$
$$\left[\int_0^t\left\{\lambda(t-\uparrow)+\bar{z}(\xi_i, t-\uparrow)\right\}\times e^{-\frac{C}{4\rho h}\uparrow}\sin\left(\frac{w}{4\rho h}\uparrow\right)d\uparrow+\frac{w}{4\rho h}\bar{P}(\xi_i)e^{-(C/4\rho h)t}\right.$$
$$\left.\times\cos\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)+\left(\bar{\theta}(\xi_i)-\frac{C}{4\rho h}\bar{P}(\xi_i)\right)\times e^{-\frac{C}{4\rho h}t}\sin\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)\right]$$

द्वारा दिया जावेगा।

3. विशिष्ट दशायें

दशा-1 : यदि $z(r,t)=0$, तो हमें मुक्त सममितीय कम्पनों के लिये विस्थापन प्राप्त होगा। माना कि कम्पनों की उत्पत्ति प्रारम्भिक दशाओं

$u(r, t)|_{t=0}=P(r)=A_0r^2$ तथा $\left.\frac{\partial u}{\partial t}\right|_{t=0}=\theta(r)=0$. से होती है। यह भी माना कि $\phi(a, t)$
$=\psi(b, t)=F(a, t)=\theta(b, t)=0$

तो $\bar{P}((\xi_i)=A_0\int_b^a r^3[J_0(r\xi_i)\ G_0(a\xi_i)-J_0(a\xi_i)\ G_0(\xi_i r)]dr$

$$=A_0\ G_0(a\xi_i)\Big[\frac{a^3}{\xi_i}J_1(\xi_i a)-\frac{b^3}{\xi_i}J_1(b\xi_i)-\frac{2a^2}{\xi_i^2}J_2(\xi_i)+\frac{2b^2}{\xi_i^2}J_2(b\xi_{ia})\Big]$$
$$-A_0\ J_0(\xi_i a)\left[\frac{a^3}{\xi_i}G_1(\xi_i a)-\frac{b^3}{\xi_i}G_1(b\xi_i)-\frac{2a^2}{\xi_i^2}\times G_2(\xi_i a)+\frac{2b^2}{\xi_i^2}G_2(b\xi_1)\right] \quad (3\cdot1)$$

(2·10) में $z(r, t)=\lambda(t)=0$ रखने पर पतली वृत्ताकार पट्टिका के शिखर में मुक्त सममितीय कम्पनों के लिये निम्न प्रकार का विस्थापन प्राप्त होगा :

$$u(r, t)=\Sigma\frac{-2\xi_i^2\ J_0(b\xi_i)\times\bar{P}(\xi_i)}{w(J_0^2(a\xi_i)-J_0^2(b\xi_i))}\times[J_0(r\xi_i)\ G_0(a\xi_i)-J_0(a\xi_i)\times G_0(\xi_i r)]$$
$$\left[w\ e^{-(C/4\rho h)t}\cos\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)-C\ e^{-(C/4\rho h)t}\sin\left(\frac{w}{4\rho h}t\right)\right] \quad (3\cdot2)$$

जहाँ $\bar{P}(\xi_i)$ को (3·1) द्वारा ग्रंकित करते हैं।

दशा-2 : माना कि ग्रनुप्रस्थ भारण फलन $z(r, t)$ को ग्रवकाश तथा समय ग्राश्रित फलनों के गुणनफल के रूप में विभाजित कर दिया गया है ग्रतः हम

$$z(r, t)=f(r)\ \delta(t)$$

लिखेंगे जहाँ $\delta(t)$ डिरैक का डेल्टा फलन है। हम यह भी कल्पना करते हैं कि $\phi(a, t)=\psi(b, t)=F(a, t)=\theta(b, t)=a$ ग्रत : $\lambda(t)=0$ रखने पर तथा (2·5) में $\bar{z}(\xi_i, t)$ को $\bar{f}(\xi_i)\ \delta(t)$ द्वारा प्रतिस्थापित करने पर

$$\frac{d^2\bar{u}}{dt^2}+\frac{C}{2\rho h}\frac{d\bar{u}}{dt}+\frac{Db^2\ \xi_i^4+k}{2\rho h}\bar{u}=\bar{f}(\xi_i)\ \delta(t) \quad (3\cdot3)$$

जहाँ $\bar{f}(\xi_i)$ को समीकरण (2·1) द्वारा ग्रंकित करते हैं, (3·3) को $\bar{u}$ के लिये लैपलास परिवर्त [1] द्वारा हल करने पर तथा प्रतीप श्रेणी (2·3) में $\bar{u}(\xi_i, t)$ का मान रखने पर विस्थापन $\mu(r, t)$ को

$$u(r, t)=\sum_i\sqrt{\frac{\rho h}{2(Db^2\ \xi_i^4+k)}}\ \bar{f}(\xi_i)\ e^{-(C/4\rho h)t}$$
$$\times\frac{\xi_i^2\ J_0^2(b\xi_i)}{(J_0^2(a\xi_i)-J_0^2(b\xi_i))}\times[J_0(\xi_i r)\ G_0(a\xi_i)-J_0(a\xi_i)\ G_0(r\xi_i)]$$
$$\times\sin\{(\sqrt{8\rho h(Db^2\xi_i^4+k)-C^2})\ t/4\rho h\}$$ के रूप में प्राप्त करते हैं। (3·4)

दशा-3 : (2·10) में $\phi(a, t)=\psi(b, t)=F(a, t)=\theta(b, t)=P(r)=\theta(r)=0$ रखने पर हमें पतली पट्टिका के शिखर पर विस्थापन प्राप्त होगा जब पट्टिका के दोनों सिरे मुक्त रूप से जड़े हों, जैसा कि मार्शी तथा डियाज ने[2] विवेचना की है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक प्रो० सी० बी० राठी, अध्यक्ष, गणित विभाग, मोतीलाल रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, जयपुर का उदार पथ-प्रदर्शन हेतु आभारी है।

निर्देश

1. एर्डेल्यी, इत्यादि। Tables of Integral Transform. भाग I, 1954, मैकग्राहिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क।
2. मार्शी, ई० तथा डियाज, ई० एम०। Atti della Accademia delle Scienz di Torino, 1966-67, 121.
3. स्नेडान, आई० एन०। Fourier Trasnform. 1951, मैकग्राहिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क।

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 1, January 1971, Pages 45-48

कतिपय मध्य प्रदेश मिट्टियों में अविनिमेय पोटैशियम के निर्धारण हेतु कई विधियों की तुलना

एस० बी० दुबे तथा टी० ए० सिंह *
जे० एन० कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

[प्राप्त—अप्रैल 13, 1970]

सारांश

जबलपुर (म० प्र०) की छह मिट्टियों में अविनिमेय पोटैशियम को निष्कर्षित करने के लिये पाँच भिन्न-भिन्न विधियों का व्यवहार किया गया। यह देखा गया कि सिल्टमय मृत्तिका दुमट मिट्टियों में मृत्तिका दुमट मिट्टियों की अपेक्षा अधिक अविनिमेय पोटैशियम रहता है।

Abstract

A comparison of several methods for assessing non-extractable potassium in some M. P. soils. *By* S. B. Dubey and T. A. Singh, J. N. Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur.

Five different methods were used to assess their ability to extract non-exchangeable potassium from six Jabalpur (M. P.) soils. In general, silty clay loam soils contained higher amounts of non-exchangeable potassium as compared to clay loam soils.

मिट्टी में से पौदों को पोटैशियम प्रदान करने के लिये जल विलेय, विनिमेय तथा अविनिमेय पोटैशियम के महत्व एवं उनके पारस्परिक सम्बन्ध भलीभाँति ज्ञात हैं। अविनिमेय पोटैशियम ज्ञात करने के लिये कई विधियाँ व्यवहृत की जाती हैं। प्रस्तुत अध्ययन में जबलपुर की छह मिट्टियों में से अविनिमेय पोटैशियम निष्कर्षित करने में विभिन्न विधियों की शक्तियों की तुलना की गई है।

प्रयोगात्मक

मिट्टी के छह सतही नमूने जबलपुर की चार तहसीलों से एकत्र किये गये। उन्हें हवा में सुखाकर 2 मिमी० चलनी से छान लिया गया। इन मिट्टियों के कतिपय भौतिक एवं रासायनिक गुण सारणी-1 में अंकित हैं।

* वर्तमान पता: उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर, नैनीताल

सारणी—1: प्रयुक्त मिट्टियों (0—15 सेमी०) के भौतिक तथा रासायनिक गुण

मिट्टियाँ	गठनात्मक समूह	स्थिति	पी-एच	कार्बनिक पदार्थ %	विनिमेय धनायन $m\,e$/100 ग्रा या शुद्ध मिट्टी				धनायन विनिमय क्षमता C.E.C.
					K	Ca	Mg	Na	
स्थानीय	सिल्टमय मृत्तिका दुमट	कृषि वि० वि० फार्म जबलपुर	6·2	1·09	0·36	23·6	11·41	0·56	36·4
पाटन	,, ,, ,,	पाटन तहसील, (जबलपुर)	7·4	1·09	0·40	31·8	6·88	0·72	39·4
सिहोरा	,, ,, ,,	सिहोरा, (जबलपुर)	7·1	0·68	0·45	14·8	1·60	0·40	16·39
सोहागी	मृत्तिका दुमट	कृषि वि०वि० फार्म	6·3	0 68	0·23	4·0	3·44	0·56	8·9
खेरी	दुमट	,,	6·7	0·78	0·26	8·0	4·02	0·48	14·5
कटनी	दुमट	कटनी, (जबलपुर)	7·0	0·62	0·26	6·4	0·98	0 44	10·8

सारणी 2: विभिन्न निष्कर्षकों द्वारा अविनिमेय पोटैशियम की विमुक्ति

मिट्टी	अविनिमेय पोटैशियम*					
	सांद्र H_2SO_4	1*N* HNO_3	1*N* HCl	1*N* NaOAC	NaTPB	माध्य
स्थानीय	0·95	0·92	0·92	1·01	0·98	0·956
पाटन	1·00	1·02	1·02	1·10	1·09	1·046
सिहोरा	1·12	1·12	1·10	1·10	1·08	1·104
सोहागी	0·38	0·39	0·39	0·39	0·38	0·384
खेरी	0·49	0·51	0·51	0·51	0·51	0·506
कटनी	0·59	0·61	0·62	0·62	0·62	0·612

*निष्कर्षणीय अमोनियम ऐसीटेट से निष्कर्षणीय

अविनिमेय पोटैशियम ज्ञात करने के लिये निम्नांकित पाँच विधियाँ प्रयुक्त की गई

1. $1N$ HNO_3 के साथ 10 मिनट तक मिट्टी को उबलते रहने देकर (वुड तथा डेटर्क[1])
2. $1N$ HCl के साथ 10 मिनट तक उबलते रहने देकर (आयर्स[2])
3. उबलते H_2SO_4 के साथ निष्कर्षण (हंटर और प्रैट[3])
4. $1N$ NaOAC के साथ निष्कर्षण
5. सोडियम टेट्राफेनिल बोरन (NaTPB) के साथ निष्कर्षण (स्काट और वेल्च[4])

विनिमेय पोटैशियम को शालेनबर्गर तथा सिमन[5] की अमोनियम ऐसीटेट निष्कर्षण विधि से ज्ञात किया गया।

विवेचना

सारिणी 2 में निष्कर्षित अविनिमेय पोटैशियम के मान अंकित हैं। अविनिमेय पोटैशियम वह मात्रा है जो किसी निष्कर्षक के द्वारा निकाले गये पोटैशियम में से अमोनियम ऐसीटेट द्वारा निष्कर्षित मात्रा को घटा कर प्राप्त किया जाता है। यह देखा जाता है कि विभिन्न विधियों से प्राप्त अविनिमेय पोटैशियम के मान बहुत भिन्न नहीं हैं। सबसे अधिक अविनिमेय पोटैशियम सिहोरा मिट्टी में था (1·104 *m.e*/100 ग्रा०) और सबसे कम सोहागी मिट्टी में (0·384 *m.e*/100 ग्रा०) राजस्थान की मिट्टियों के लिये ये ही मान 0·6-5 (धावन[6] इत्यादि) राँची की मिट्टियों में 1·23-1·65 (मंडल तथा सिनहा[7]) और पंजाब की मिट्टियों के लिये 1·8-4·1 *m.e*/100 ग्रा० (ग्रेवाल तथा काँवर[8]) पाये गये हैं। जबलपुर की मिट्टियों में अविनिमेय पोटैशियम की न्यून मात्रा उनमें प्राप्य पोटैशियम स्थिरीकारक मृत्तिका खनिजों की अल्प मात्रा (विशेषतया इलाइट) के कारण हो सकती है। सामान्य रूप से यह कहा जा सकता है कि जबलपुर की सिल्टमय मृत्तिका दुमटों में मृत्तिका दुमटों की अपेक्षा अधिक अविनिमेय पोटैशियम पाया जाता है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखकद्वय डा० डी० पी० मोतीरमानी, निदेशक, कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के आभारी हैं जिन्होंने आवश्यक सुविधायें प्रदान कीं।

निर्देश

1. वुड, एल० के० तथा डेटर्क, ई० सी०। **सायल साइं० सोसा० अमे० प्रोसी०**, 1940, **5**, 152-61
2. आयर्स, ए० एस०। **यूनि० हवाई० ऐग्रि० एक्सपे० स्टेशन, टेक० बुले०**, **9**, 1949,
3. हंटर, ए० एच० तथा प्रैट, पी० एफ०। **सायल साइं० सोसा० अमे० प्रोसी०**, 1957, **21**, 595-98
4. स्काट, ए० डी०, तथा वेल्च, एल० एफ०। **वही**, 1961, **25**, 128-32

5. शालेनबर्गर, सी० जे० तथा सिमन, आर० एच०। **सॉयल साइं०**, 1945, **59**, 13-24

6. धावन, एम० एस०, पारीक, बी० एल० तथा माथुर सी० एम०। **जर्न० इण्डि० सोसा० सॉयल साइं०**, 1968, **16**, 55-60

7. मंडल, एस० सी० तथा सिन्हा, एम० के०। **वही**, 1968, **16**, 37-40

8. ग्रेवाल, जे० एस० तथा काँवर, जे० एस०। **वही**, 1966, **14**, 63-67

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 14 | अप्रैल 1971 | संख्या 2

विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No. 2, April 1971, Pages 49-54

ठोसों के पृष्ठ तनाव 2
कार्बनिक ठोसों के पृष्ठ तनाव

कि० चं० जैन, श्री० श्री० सोलंकी एवं वि० रा० शास्त्री
रसायन विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

[प्राप्त—अक्टूबर 10, 1970]

सारांश

प्रथम भाग में प्रस्तुत समीकरण के आधार पर कई कार्बनिक ठोसों के पृष्ठ तनावों का मूल्यांकन किया गया है। कार्बनिक ठोसों के पृष्ठ तनाव अकार्बनिक लवणों के एवं धातुओं के पृष्ठ तनावों से बहुलांशों से न्यून होते हैं। ताप के ह्रास के संगत पृष्ठ तनाव में वृद्धि होती है।

Abstract

Surface tensions of solids. Part II-Surface tensions of organic solids. *By* K. C. Jain, S. S. Solanki and V. R. Shastry, Sahool of Studies in Chemistry, Vikram University, Ujjain.

Equation put forth in part one of this series has been used to calculate surface tensions of many organic solids. Surface tensions of organic solids are found to be quite low compared to those of inorganic solids and metals. It is shown that surface tension should increase with decreasing temperature.

इसके पूर्व के शोध प्रपत्र में हमने[1] यह दर्शाया था कि ठोसों पृष्ठ के तनाव ज्ञात करने के लिये सुगडेन का पैराकोर समीकरण[2] उचित रूप में प्रवर्धित कर निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है :

$$\gamma_s = \left(\frac{P \times ds}{M}\right)^4 \qquad (1)$$

जहाँ γ_s ताप t° पर ठोस अवस्था में पदार्थ का पृष्ठ तनाव है; P, पैराकोर है, ds ताप t° पर पदार्थ का घनत्व है तथा M अणुभार है। समीकरण (1) का उपयोग कर किसी भी ठोस का पृष्ठ तनाव, उस ताप t° पर ज्ञात किया जा सकता है, जिस पर कि उस पदार्थ का घनत्व ज्ञात किया गया है।

प्रयोगात्मक

किसी ठोस पदार्थ के पृष्ठ तनाव γ_s की गणना, P, ds तथा M के मान, समीकरण[1] में रख कर की जा सकती है। अनुप्रयोग विधि के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन दिया जा चुका है एवं सोडियम क्लोराइड का उदाहरण लेकर अकार्बनिक पदार्थों के हेतु स्पष्टीकरण भी दिया जा चुका है।

इस लेख में ऐसेट-ऐमाइड के उदाहरण द्वारा कार्बनिक पदार्थों के हेतु अनुप्रयोग विधि प्रस्तुत की जा रही है। ऐसेटऐमाइड के ज्ञात अणु संरचना सूत्र तथा सुगडेन के पैराकोर स्थिरांकों के ज्ञान का उपयोग करके ऐसेटऐमाइड का पैराकोर ज्ञात किया जा सकता है।

ऐसेटऐमाइड के पैराकोर के मूल्यांकन हेतु आवश्यक पैराकोर स्थिरांकों[2] के मान निम्नलिखित हैं :—

कार्बन, 4·8; हाइड्रोजन, 17·1; ऑक्सीजन, 20·0; नाइट्रोजन, 12·5; द्विबंध 23·2.

ऐसेटऐमाइड की अणु संरचना निम्नालिखित है,

```
    H     O     H
    |     ||    |
H—C———C———N
    |           |
    H           H
```

अतः ऐसेटऐमाइड की अणु संरचना सूत्र के आधार पर सुगडन के उपर्युक्त पैराकोर स्थिरांकों का उपयोग करके ऐसेटऐमाइड के पैराकोर का मूल्यांकन निम्न प्रकारसे किया जा सकता है :

दो कार्बन,	$4{\cdot}8 \times 2 = 9{\cdot}6$
पाँच हाइड्रोजन,	$17{\cdot}1 \times 5 = 85{\cdot}5$
एक ऑक्सीजन,	$20{\cdot}0 \times 1 = 20{\cdot}0$
एक नाइट्रोजन,	$12{\cdot}5 \times 1 = 12{\cdot}5$
एक द्विबंध	$23{\cdot}2 \times 1 = 23{\cdot}2$
	योग $= 150{\cdot}8$ पैराकोर

क्योंकि ऐसेटऐमाइड का अणुभार[4] 59·07 है एवं 20° पर ठोस ऐसेटऐमाइड का घनत्व 1·15 ग्राम/मिलि० है,[4] तथा सुगडेन के पैराकोर तुल्यांक के आधार पर ऐसेटऐमाइड का पैराकोर 150·8 है, अतः इन प्राचलों का मान समीकरण (1) में रखने पर ठोस ऐसेटऐमाइड का पृष्ठ तनाव (20° से० पर)

$$\gamma_S = \left(\frac{150{\cdot}8 \times 1{\cdot}15}{59{\cdot}07}\right)^4 = 74{\cdot}27 \text{ डाइन/सेंमी० प्राप्त होता है।}$$

विवेचना

प्रस्तुत शोध प्रपत्र में सारिणी 1 में कार्बनिक यौगिकों की ठोस अवस्था के पृष्ठ तनाव के मान दिये गये हैं। पैराकोर की गणना सुगडेन के पैराकोर तुल्यांकों[2-3] का उपयोग करके की गई है, अणुभार तथा घनत्व संदर्भ[4] से लिये गये हैं।

सारिणी 1

कार्बनिक ठोस पदार्थों के पृष्ठ तनाव

क्र० सं	कार्बनिक यौगिक	अणु सूत्र	अणु भार	गलनांक सें०	घनत्व ग्राम प्रति मिलि०	पैरा-कोर	पृष्ठ तनाव डाइन प्रति सेमी० या अर्ग प्रति सेमी०^2
1	ऐसेट-ऐमाइड	CH_3CONH_2	59·07	82·3	1·1500	150·8	74·27
2	ऐसेट ऐनिलाइड	$CH_3CONHC_6H_5$	135·16	115·0	1·2105	323·7	20·66
3	ब्रोमो ऐसीटिक अम्ल	$BrCH_2COOH$	138·96	50·0	1·9335	191·1	51·05
4	α-क्लोरो ऐसीटिक अम्ल	$ClCH_2COOH$	94·50	63·0	1·4297	178·3	52·9
5	α-क्लोरो ऐसीटिक अम्ल	$ClCH_2COOH$	94·50	63·0	1·4043	178·3	48·89
6	ऐन्थ्राक्विनोन	$C_{14}H_8O_2$	208·20	286·0	1·4380	424·7	74·06
7	ऐन्थ्रानिलिक अम्ल	$C_6H_4NH_2COOH$	137·13	146·0	1·4120	304·7	97·01
8	सैलिसिलिक अम्ल	$C_6H_4(OH)COOH$	138·12	159·0	1·4430	295·1	90·38
9	बेंन्ज़ॉइन	$C_{14}H_{12}O_2$	212·25	137·0	1·3100	487·0	81·74
10	बेंज़ोक्विनोंन	$C_{13}H_{10}O$	182·21	48·1	1·1460	428·0	62·48
11	क्रोटनिक अम्ल	$C_4H_6O_2$	86·09	71·6	1·0180	208·2	36·71
12	कैफीन	$C_{10}H_{12}N_4O_2$	194·19	237·0	1·2300	407·8	43·81
13	कैम्फर	$C_{10}H_{16}O$	152·23	176·0	0··9900	370·9	33·66
14	सिट्रिक अम्ल	$C_6H_8O_7$	192·12	153·0	1·5420	375·2	82·26
15	फ्यूमेरिक अम्ल	$C_4H_4O_4$	116·07	286·0	1·6350	237·2	124·9
16	ग्लूटेमिक अम्ल	$C_5H_9O_4N$	147·73	206·0	1·5380	316·8	120·8

सारिणी—2

अकार्बनिक तथा कार्बनिक ठोसों के पृष्ठ तनावों के तुलनात्मक एवं उदाहरणात्मक मान

क्रमांक	अकार्बनिक लवण एवं धातुएँ		कार्बनिक पदार्थ	
	लवण या धातु का नाम	पृष्ठ तनाव डाइन से० मी०$^{-1}$ या अर्ग से० मी०$^{-2}$	यौगिक का नाम	पृष्ठ तनाव डाइन प्रति सेमी० या अर्ग प्रति सेमी०^{2}
1	लीथियम क्लोराइड	424·6	ऐसेट ऐमाइड	74·27
2	सोडियम क्लोराइड	457·3	ब्रोमो ऐसीटिक अम्ल	51·05
3	पोटैशियम फ्लोराइड	468·6	बेन्जोक्विनोन	52·48
4	सीज़ियम क्लोराइड	399·2	क्रोटनिक अम्ल	36·71
5	लेड क्लोराइड	299·7	सिट्रिक अम्ल	82·26
6	ऐलुमिनियम	922·1	फ्यूमेरिक अम्ल	124·9
7	टिन	804·6	बैन्जॉइन	81·74
8	सीसा	709.9	ऐन्थ्राक्विनोन	74·06

सारिणी 2 में अकार्बनिक लवणों (एवं धातुओं) की ठोस अवस्था के हेतु पृष्ठ तनावों के मान, इस शोध प्रपत्र शृंखला के के भाग[1] की सारिणी 1 तथा सारिणी 2 से लिये गये हैं तथा कार्बनिक ठोस पदार्थों के पृष्ठ तनाव से उदाहरणात्मक मान प्रस्तुत प्रपत्र की सारिणी 1 से लिये गये हैं। सारिणी 2 से यह स्पष्ट है कि कार्बनिक पदार्थों की ठोस अवस्था के पृष्ठ तनावों के मान से तुलनात्मक दृष्टि-कोण से सामान्यतः काफी कम होते हैं। कार्बनिक ठोस पदार्थों से पृष्ठ तनावों के न्यून मानों को इन यौगिकों के अणुओं की अनूआयनिक या सहसंयोजक प्रकृति के आधार पर समझा सकते हैं। कार्बनिक यौगिकों में सहसंयोजक बंध होने के कारण यौगिकों के पृष्ठ तल में निकटवर्ती परमाणुओं एवं अणुओं के मध्य पार्श्वीय बल अशक्त होते हैं। इन्हीं अशक्त पृष्ठीय बलों के कारण न्यून पृष्ठ तनाव प्राप्त होते होंगे। अकार्बनिक यौगिक आयनिक या विद्युत संयोजक होते हैं, अतः इनके पृष्ठतल में उपस्थित आयनों में प्रबल अन्तर-आयनी-आकर्षण बल क्रिया करते हैं, इसीलिये वे अकार्बनिक पदार्थों के पृष्ठ तनावों का उच्च मान देते हैं।

सम्बद्ध शोध साहित्य का अवलोकन प्रदर्शित करता है कि पूर्व में कार्बनिक ठोस पदार्थों के पृष्ठ तनाव पर प्रायोगिक रूप से लगभग कोई कार्य नहीं किया गया है, इसलिये सारिणी 1 में दिये आँकड़ों की तुलना अन्य आँकड़ों से करना सम्भव नहीं है। किन्तु शोध साहित्य और हमारे अन्य शोध प्रपत्र[1] के आधार पर इस प्रेक्षणीय तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया जा सकता है की किसी यौगिक का

ठोस अवस्था में पृष्ठ तनाव उसी यौगिक की द्रव अवस्था वाले पृष्ठ तनाव की तुलना में बहुलांशों से अधिक होता है। इस तथ्य को ऐसेटऐमाइड के उदाहरण द्वारा सरलतापूर्वक स्पष्ट किया जा सकता है।

संदर्भ (4) के द्वारा 85° सें० पर द्रव अवस्था में ऐसेटऐमाइड का घनत्व 0·9986 ग्रा०/मिली० है। अतः 85° सें० पर द्रव ऐसेटऐमाइड का पृष्ठ तनाव

$$\gamma_l=\left(\frac{P\times dl}{M}\right)^4=\left(\frac{150{\cdot}8\times 0{\cdot}9986}{59{\cdot}07}\right)^4=40{\cdot}44 \quad \text{डाइन सेंमी०}^{-1}$$

होगा। ठोस अवस्था के हेतु इसी यौगिक के 20° सें० पर पृष्ठ तनाव का मूल्यांकन किया ही जा चुका है। इन दोनों पृष्ठ तनावों के अन्तर की अधिकता के स्पष्टीकरण के हेतु यह कहा जा सकता है कि द्रव-प्रावस्था में पृष्ठतल में स्थित कण (अणु, परमाणु, आयन जो भी हों) परस्पर पर्याप्त दूरी पर रहते हैं; अतः अवशिष्ट आकर्षक बलों का पूरा-पूरा उपयोग नहीं होने पाता। द्रव अवस्था में पृष्ठीय बलों के न्यून आंशिक उपयोग के कारण ही पृष्ठीय स्वछंद ऊर्जाएँ या पृष्ठ तनाव न्यूनतर होते हैं। ठोस प्रावस्था में पृष्ठ तलीय कण, पृष्ठीय बलों के प्रभाववश, द्रव अवस्था में इन कणों की दूरी की तुलना में अत्यधिक निकट ले आये जाते हैं। सम्भवतः निकट लाने में किया गया कार्य पृष्ठतल में ही संचित हो जाता है। पृष्ठीय स्वच्छंद ऊर्जा का यह अधिकतर संचय ही, ठोसों के अधिक पृष्ठ तनाव के रूप में प्रकट होता है।

यह प्रेक्षणीय तथ्य[1] कि दिये हुए ठोस के हेतु भिन्न-भिन्न तापमानों पर भिन्न भिन्न पृष्ठ तनाव प्राप्त होना चाहिये। इसे α-क्लोरोऐसीटिक अम्ल के उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है। सारिणी 1 के क्रमांक 5 और (5) में इस अम्ल की ठोस अवस्था के हेतु 40° सें० एवं 20° सें ताप पर पृष्ठ तनाव के मान क्रमशः 48·89 डाइन सेंमी०$^{-1}$ एवं 52·9 डाइन सेंमी०$^{-1}$ हैं। ठोस प्रावस्था में ताप की न्यूनता के साथ पृष्ठ तनाव की उत्तरोत्तर वर्धनशीलता के स्पष्टीकरण के हेतु उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ताप के ह्रास के साथ ही पृष्ठ तलीय अणु निकट आते जाते हैं। इन कणों के निकट लाने में किया गया कार्य पृष्ठ में ही स्वच्छंद पृष्ठीय ऊर्जा या पृष्ठ तनाव के रूप में संचित होता चलता है।

अन्त में यह कहा जा सकता है कि पैराकोर विधि का उपयोग पदार्थों की ठोस अवस्था में पृष्ठ तनाव के मानों का केवल सामान्य परिमाण-क्रम जानने के लिये किया जा सकता है। ठोसों के पृष्ठ तनावों के मानों का ज्ञान असमांगीय उत्प्रेरण तथा अधिशोषकों के सामान्य उपयोगों के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं औद्योगिक महत्व का है, अतः इस दिशा में और अधिक कार्य प्रगति पर है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

हम डा० ह० गो० असावा एवं श्री रा० द० स्वर्णकार को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हैं।

निर्देश

1. जैन, कि॰ चं॰; सोलंकी, श्री॰ श्री॰ एवं शास्त्री, वि॰ रा॰। **विज्ञान परिषद अनु॰ पत्रिका,** 1971, **14** (1), 23-27.
2. सुगडेन, एस॰। **जर्न॰ केमि॰ सोसा॰,** 1924, **125,** 1177
3. वही। Parachor and Valency, **राउटलेज लंदन,** 1930, **पृ॰** 276
4. वीस्ट, आर॰ सी॰, सेल्बी, एस॰ एम॰, होजमेन, सी॰ डी॰। Handbook of Chemisty and Physics, **दि केमिकल रबर कम्पनी, 45वाँ संस्करण,** 1964-65
5. हैम्मिक, डी॰ एल॰ एवं एन्ड्रयु, एल॰ डब्ल्यू॰। **जर्न॰ केमि॰ सोसा॰,** 1929, 754-759
6. आनन्द, एम॰ के॰ सोलंकी, श्री॰ श्री॰ एवं शास्त्री, वि॰ रा॰। **जर्न॰ इंडियन केमि॰ सोसा॰,** 1970 **(स्वीकृत)**

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14, No 2, April 1971, Pages 55-59

लाम्बिक श्रेणियों के $(\bar{N}, \mathbf{p}_n)$ माध्यों पर

अ० रा० सप्रे,
गवर्नमेंट हायर सेकेण्ड्री कालेज, झबुआ

[प्राप्त—सितम्बर 7, 1970]

सारांश

इस शोध पत्र में लाम्बिक श्रेणियों की $(\bar{N}, p_n)$ संकलनीयता पर दो प्रमेय सिद्ध किये गये हैं।

Abstract

On $(\bar{N}, \mathbf{p}_n)$ summability of orthogonal series. *By* A. R. Sapre, Govt. Higher Secondary College, Jhabua.

In this paper two theorems on $(\bar{N}, p_n)$ summability of orthogonal series have been proved.

1. माना $\{\theta_n(x)\}$ $(n=0, 1, \ldots)$ $[a, b]$ में एक प्रसामान्य लाम्बिक फलन निकाय है, अर्थात्

$$\int_a^b \theta_m(x)\, \theta_n(x) dx = \begin{cases} 0 & \text{जब} \quad m \neq n \\ 1 & \text{जब} \quad m = n \end{cases}$$

हम एक ऐसी लाम्बिक श्रेणी

$$\sum_{n=0}^{\infty} an\ \theta_n(x) \quad \text{लेंगे जिसमें} \tag{1}$$

$$\sum_{n=0}^{\infty} a^2n < \infty \quad \text{हो।} \tag{2}$$

उपर्युक्त श्रेणी का n वें संकल $s_n(x)$ से प्रदर्शित किया जाता है अर्थात्

$$s_n(x) = \sum_{k=0}^{n} ak\ \theta_k(x)$$

माना $\{p_n\}$ एक ऋणेत्तर संख्याओं का अनुक्रम है तथा

$$p_0 > 0,\ p_n \geqslant 0,\ \sum_{n=0}^{\infty} p_n = \infty$$

अर्थात्

$$P_n = p_0 + p_1 + \ldots + p_n \to \infty$$

माना $$t_n(x)=\frac{p_0\, s_0(x)+\ldots+p_n\, s_n(x)}{P_n}$$

परिभाषा : यदि $$\lim_{n\to\infty} t_n(x)=s(x)$$

तो हम कहेंगे कि श्रेणी (1) $(\bar{N}, p_n)$ विधि से $s(x)$ की संकलनीय है। इस स्थिति में हम

$$(\bar{N}, p_n)\ \lim s_n(x)=s(x)$$

अथवा $$(\bar{N}, p_n)\ \Sigma a_n\theta_n(x)=s(x)$$ लिखेंगे।

हमें ज्ञात है कि $(\bar{N}, p_n)$ विधि नियमित है (देखिये, हार्डी [6] पृ० 57)।

2. लाम्बिक श्रेणियों के अभिसरण का विस्तारपूर्वक अध्ययन राडेमाकर[5] तथा मेनचाफ[4] द्वारा किया गया है। इन श्रेणियों के $(\bar{N}, p_n)$ माध्यों पर मेडर ने[3] प्रकाश डाला है। इस पत्र में सिद्ध किये जाने वाले प्रमुख प्रमेय (प्रमेय 2) के पूर्व हम एक प्रमेय सिद्ध करेंगे जो कोलमोगोराफ[2] के $(c, 1)$ माध्यों पर एक प्रमेय का सार्वीकरण है।

प्रमेय 1: माना $\{n_k\}$ एक प्लुति अनुक्रम है।

अर्थात् $$\frac{n_{k+1}}{n_k}\geqq q>1$$

तथा $$\sum_{n=0}^{\infty} a_n^2<\infty$$

यदि $p_n\nearrow$ तथा $\frac{n p_n}{P_n}=O(1)$ हो तो प्रायः सर्वत्र

$$\sum_{n=1}^{\infty}[s_{n_k}(x)-t_{n_k}(x)]^2<\infty$$

उपपत्ति :

$$s_n(x)-t_n(x)=\frac{1}{P_n}\sum_{k=0}^{n} a_k\theta_k(x)-\frac{1}{P_n}\sum_{k=0}^{n} P_k\sum_{i=0}^{k} a_i\theta_i(x)$$

$$=\frac{1}{P_n}\sum_{k=0}^{n} a_k\,\theta_k(x)-\frac{1}{P_n}\sum_{k=0}^{n} a_k\theta_k(x)\sum_{i=k}^{n} p_i$$

$$=\frac{1}{P_n}\sum_{k=0}^{n} a_k\,\theta_k(x)\sum_{i=0}^{k-1} p_i$$

अतः $$\int_a^b[s_n(x)-t_n(x)]^2dx=\frac{1}{P_n^2}\sum_{k=0}^{n} a_k^2\left(\sum_{i=0}^{k-1} p_i\right)^2$$

$$0<p_n\nearrow,\ p_i\leqq p_n$$

अतः
$$\int_a^b [s_n(x)-t_n(x)]^2 dx \leqq \frac{p_n^2}{P_n^2} \sum_{k=1}^{n} k^2 a_k^2$$

n के स्थान पर n_k रखने से हम लिख सकते हैं कि

$$\sum_{k=1}^{\infty} \int_a^b [s_{nk}(x)-t_{nk}(x)]^2 dx \leqq \sum_{k=1}^{\infty} \frac{p^2_{nk}}{P^2_{nk}} \sum_{k=1}^{n} k^2 a^2_k$$

$$=O(1) \sum_{k=1}^{\infty} \frac{1}{n^2_k} \sum_{k=1}^{n} k^2 a^2_k \text{ क्योंकि } \left(\frac{n_k\, p_{nk}}{P_{nk}}\right)=O(1)$$

$$=O(1) \sum_{i=1}^{\infty} i^2 a^2_i \sum_{n_k \geqq i}^{\infty} \frac{1}{n^2_k}$$

$$=O(1) \frac{q^2}{q^2-1} \sum_{i=1}^{\infty} a^2_i < \infty$$

अर्थात् लिवी के प्रमेयानुसार (देखिये अलेक्सीट [1] प्रमेय 1·2·2 पृ० 11)

$$\sum_{k=1}^{\infty} [s_{n_k}(x)-t_{n_k}(x)]^2 < \infty$$

यदि हम $p_n \equiv 1$ रखें तो $(\bar{N}, p_n)$ माध्य $(c, 1)$ माध्यों में बदल जाते हैं और हमें कोलमोगोराफ का प्रमेय प्राप्त होता है।

3. **परिभाषा** : हम कहते हैं कि श्रेणी

$$\Sigma a_n \theta_n(x)$$

$(\bar{N}, p_n)$ विधि से $s(x)$ का तीक्ष्ण समाकल है यदि

$$\frac{1}{P_n} \sum_{k=0}^{n} p_n [s_k(x)-s(x)]^2 \to 0 \text{ जब } n \to \infty$$

इसे संकेतों में हम इस प्रकार लिखते हैं :

तीक्ष्ण $(\bar{N}, p_n)\ \Sigma a_n\ \theta_n(x)=s(x)$

प्रमेय 2: माना $p_n \nearrow, \dfrac{np_n}{P_n}=O(1)$ तथा $\Sigma a^2_n < \infty$

AP 2

यदि प्रायः सर्वत्र $(\bar{N}, p_n)\ \Sigma a_n \theta \mu(x) = s(x)$

तो प्रायः सर्वत्र तीक्ष्ण $(\bar{N}, p_n)\ \Sigma a_n \theta_u(x) = s(x)$

उपपत्ति : हम लिख सकते हैं कि

$$\frac{1}{P_n} \sum_{k=0}^{n} p_n [s_k(x) - s(x)]^2$$

$$\leqq \frac{2}{P_n} \sum_{k=0}^{u} p_n [s_k(x) - t_k(x)]^2 + \frac{2}{P_n} \sum_{k=0}^{n} p_n [t_k(x) - s(x)]^2 \tag{3}$$

प्रमेय की ग्राह्य परिकल्पना के आधार पर दक्षिण पक्ष का द्वितीय पद $= O(1)$

अतः यह दिखाना पर्याप्त होगा कि प्रथम पद भी $= O(1)$

हम देख चुके हैं कि

$$\int_a^b [s_k(x) - t_k(x)] dx \leqq \frac{p^2_k}{P^2_k} \sum_{i=1}^{k} i^2 a^2_i$$

अतः

$$\sum_{k=1}^{\infty} \frac{p_k}{P_k} \int_a^b [s_k(x) - t_k(x)]^2 \leqq \sum_{k=1}^{\infty} \frac{p^3_k}{P^3_k} \sum_{i=1}^{k} i^2 a^2 i$$

$$= O(1) \sum_{k=1}^{\infty} \frac{1}{k^3} \sum_{i=1}^{k} i\, a^2_i$$

$$= O(1) \sum_{k=1}^{\infty} k^2\, a^2_k \sum_{i=k}^{\infty} \frac{1}{i^3} = O(1) \sum_{k=1}^{\infty} a^2_k < \infty$$

अतः लिवी के प्रमेयानुसार

$$\sum_{k=1}^{\infty} \frac{p_k}{P_k} [s_k(x) - t_k(x)]^2 < \infty$$

उपर्युक्त श्रेणी में क्रोनेकर प्रमेय प्रयुक्त करने पर

$$\frac{1}{P_n} \sum_{k=0}^{n} p_k [s_k(x) - t_k(x)]^2 \to 0 \text{ जब } n \to \infty$$

अर्थात् (3) से

$$\frac{1}{p_n} \sum_{k=0}^{n} p_k [s_k(x) - s(x)]^2 \to 0 \text{ जब } n \to \infty$$

कृतज्ञता-ज्ञापन

मैं डॉ० सी० एम० पटेल का मार्गदर्शन हेतु अत्यन्त आभारी हूँ ।

निर्देश

1. अलेक्सीट, जी० । Convergence problems of orthogonal series, पर्गमान प्रेस, 1961.
2. कोलमोगोराफ, ए० Une contribution á l' étude de la convergence des series de Forier फण्डामेण्टा मैथ. 1924, **5**, 96-97.
उपपत्ति :– (2·2) की सहायता से यह सिद्ध किया जा सकता है कि $(p+\alpha)g(p+\alpha)\doteq e^{-\alpha t}.\frac{d}{dt}.h(t)\ h(0)=0, Re\ (p+\alpha)>0$

तो
$$e^{-ap}(p+\alpha).g(p+\alpha)\doteq e^{-\alpha(t-a)}\frac{d}{dt}h(t-a).H(t-a) \tag{2·4}$$

$h(0)=0, Re\ (p+\alpha)>0$, तथा $H(t)$ एक हीवसाइड का इकाई फलन है।

(2·1) तथा (2·4) में लैपलास परिवर्त के पार्सेवाल-गोल्डस्टाइन प्रमेय का सम्प्रयोग करने से

$$\int_0^\infty e^{-\alpha(t-a)}\psi(t).\frac{d}{dt}h(t-a).H(t-a)\ dt=\int_0^\infty e^{-at}.(t+\alpha).g(t+\alpha).f(t)\ dt$$

समाकल के बाईं ओर $a=p$ तथा $t-p=x$ रखने से अभीष्ट फल (2·3) की प्राप्ति होती है।

3. इस अनुभाग में हम निम्नांकित दो फलों को सिद्ध करेंगे:—

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\cdot(t)^{\sigma-1}\cdot\left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j}\cdot{}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,-m\delta),\ a_{(p')},\ \sigma/k+1 \\ b_{(q)},\ \frac{\sigma}{k}\end{matrix};\mu(t)^k\right].$$

$$\cdot F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)dt$$

$$=\frac{1}{(\sigma)}\sum_{r=0}^{m}\frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r(a_{(p')})_r\,\Gamma(\sigma+kr+1)(\mu)^r}{r!\,(b_{(q)})_r(\alpha)^{\sigma+kr}}$$

$$\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\sigma+kr)_S\left(\beta+\sum_1^n m_j\right)_S(-1)^S}{S!\,(\alpha)^S\cdot\left(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+s,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)\qquad(3\cdot1)$$

जो $Re\left(\beta+\sum_1^n m_j\right)>0$, $Re\left(p\pm\frac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)>0$, $Re\,(p+\alpha)>0$, $Re\,(\alpha)>0$, $\sigma=(\delta-1)m\delta+\lambda$ तथा $Re\,(\sigma)>1$ या $Re\,(\sigma)+km>1$ के लिये k के + या --पूर्णांक होने के अनुसार वैध है ।

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\cdot(t)^{\sigma-1}\cdot(t+p)^{-\sum_1^n \nu_i-\beta+\frac{1}{2}}\cdot{}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,-m\delta),\ a_{(p')},\ \frac{\sigma}{k}+1, \\ b_{(q)},\ \frac{\sigma}{k}\end{matrix}\ \mu(t)^k\right]$$

$$\times\cdot F_C\left[\tfrac{1}{2}\left(\beta+\sum_1^n \nu_i+\tfrac{1}{2}\right),\ \tfrac{1}{2}\left(\beta+\sum_1^n \nu_i-\tfrac{1}{2}\right),\ 1+\nu_{(n)},\ \frac{-\alpha^2_{(n)}}{(t+p)^2}\right]dt$$

$$=\frac{1}{(\sigma)}\sum_{r=0}^{m}\frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r(a_{(p')})_r\,\Gamma(\sigma+kr+1)(\mu)^r}{r!\,(b_{(q)})_r(\alpha)^{\sigma+kr}}$$

$$\times \sum_{S=}^{\infty} \frac{(\sigma+kr)_S(\beta+\sum_1^r \nu_i-\frac{1}{2})_S\,(-1)^S}{S!\,(a)^S\,.\,(p)\,\sum_1^n \nu_i+\beta+S-\frac{1}{2}}$$

$$\times F_C\left[\tfrac{1}{2}(\beta+S+\sum_1^n \nu_i+\tfrac{1}{2}),\ \tfrac{1}{2}(\beta+S+\sum_1^n \nu_i-\tfrac{1}{2}),\ 1+\nu_{(n)},\ \frac{-a^2_{(n)}}{p^2}\right] \quad (3{\cdot}2)$$

जो $(\beta+\sum_1^n \nu_i\pm\frac{1}{2})>0$, $Re\,(p)>\Sigma\,|\,I_m(a_i)\,|$, $Re\,(p+a)>0$, $Re\,(a)>0$, $\sigma=(\delta-1)m\delta+\lambda$ तथा $Re\,(\sigma)>|$ या $Re\,(\sigma)+km>1$ के लिये k के + या − पूर्णांक होने के अनुसार वैध है ।

उपपत्ति : [2, p. 216] से

$$f(t)=(t)^{\beta-1}\prod_1^n M_{kj,\,mj-1/2}(C_jt)$$

$$\doteqdot \prod_1^n (C_j)^{m_j}\Gamma(\beta+\sum_1^n m_j)(p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{-\beta-\sum_1^n m_j}$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)=\psi(p) \quad (3{\cdot}3)$$

$$Re\,(\beta+\sum_1^n m_j)>0,\ Re\,(p\pm\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j)>0.$$

यह भी दिखाया जा सकता है कि

$$h(t)=(t)^{\sigma}\,.\,{}_{p'+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\ -m\delta),\ a_{(p')}, \\ b_{(q)},\end{matrix}\ \mu t^k\right]$$

$$\doteqdot \sum_{r=0}^{m} \frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r (a_{(p')})_r\Gamma(\sigma+kr+1)\,(\mu)^r}{r!\,(b_{(q)})_r(p)^{\sigma+kr}+1}=g(p) \quad (3{\cdot}4)$$

तथा

$$\frac{d}{dt}\,h(t)=(\sigma)(t)^{\sigma-1}{}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\ -m\delta),\ a_{(p')},\ \frac{\sigma}{k}+1, \\ b_{(q)},\ \frac{\sigma}{k},\end{matrix}\ \mu t^k\right] \quad (3{\cdot}5)$$

जो $\sigma=(\delta-1)m\delta+\lambda$ तथा $Re\ (\sigma)>1$ या $Re\ (\sigma)+km>1$ के लिये k के + या − पूर्णांक होने के अनुसार वैध है।

(3·3) में से (2·3) में $f(t)$, $\psi(t)$ के मान रखने पर तथा सूत्र (3·4) तथा (3·5) का उपयोग करने पर निम्नांकित प्राप्त होगा:

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t} \cdot \left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j} \cdot (t)^{\sigma-1}.$$

$$\qquad {}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\ -m\delta),\ a_{(p')},\ \frac{\sigma}{k}+1, \\ b_{(q)},\ \frac{\sigma}{k},\end{matrix}\ \mu t^k\right]$$

$$\times F_A\left[\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right] dt$$

$$=\frac{1}{\prod_1^n (C_j)^{m_j}\Gamma(\beta+\sum_1^n m_j)\ (\sigma)} \sum_{r=0}^{m} \frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r (a_{(p')})_r \Gamma(\sigma+kr+1)(\mu)^r}{\nu!\ (b_{(q)})_r}$$

$$\times\int_0^\infty e^{-pt} \cdot (t+\alpha)^{-\sigma-kr}\ (t)^{\beta-1} \cdot \prod_1^n M_{kj,\ m_j-\frac{1}{2}}(C_j t)\ dt$$

अब $\qquad (t+\alpha)^{-\sigma-kr}=(\alpha)^{-\sigma-kr}\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\sigma+kr)_S(t)^S}{S!\,(-\alpha)^S},\ |\ t/\alpha\ |<1,$

सूत्र का प्रयोग करने पर तथा (3·3) के साथ दाईं ओर के समाकल का मान ज्ञात करने पर (3·1) फल की प्राप्ति होती है।

[3, p. 162] से

$$f(t)=(t)^{\beta-3/2}\prod_1^n \mathcal{J}_{\nu_i}(a_i t)$$

$$=\frac{(2)^{\beta-3/2}\Gamma\{\frac{1}{2}(\beta+\sum_1^n \nu_i\pm\frac{1}{2})\}\ \prod_1^n (a_i)^{\nu_i}}{\sqrt{\pi}\cdot\prod_1^n \Gamma(1+\nu_i)\cdot(p)^{\Sigma\nu_i+\beta-1/2}}$$

$$\times F_C\left[\tfrac{1}{2}(\beta+\sum_1^n \nu_i+\tfrac{1}{2}),\ \tfrac{1}{2}(\beta+\sum_1^n \nu_i-\tfrac{1}{2}),\ 1+\nu_{(n)},\ \frac{-a^2_{(n)}}{p^2}\right]=\psi(p) \qquad (3\cdot6)$$

$$Re\,(\beta+\sum_{1}^{n} \nu_i \pm \tfrac{1}{2})>0,\;\; Re\,(p)>\sum_{1}^{n} |\, I_m(a_i)\,|\,.$$

(3·6) से (2·3) में $f(t)$, $\psi(t)$ के मान रखने पर, (3·4) तथा (3·5) से $d/dt\, h(t)$ के मान रखने पर तथा ऊपर की तरह बढ़ने पर (3·2) को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है।

4. विशिष्ट दशायें

(a) $n=2$, होने पर (3·1) ऐपेल फलन F_2 सम्बन्धी समाकल में निम्न प्रकार से घटित होता है :

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\,.\,(t)^{\sigma-1}\,.\,(t+\lambda_1)^{-\beta-m_1-m_2}\;{}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\,-m\delta),\;\; a_{(p')},\;\; \frac{\sigma}{k}+1, \\ b_{(q)},\, \frac{\sigma}{k}\,,\end{matrix}\;\; \mu t^k\right]$$

$$\times F_2\left[\beta+m_1+m_2,\; m_1-k_1,\; m_2-k_2,\; 2m_1,\; 2m_2,\; \frac{C_1}{t+\lambda_1},\; \frac{C_2}{t+\lambda_1}\right] dt$$

$$=\frac{1}{(\sigma)}\sum_{r=0}^{m}\frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r\,(a_{(p')})_r\,\Gamma(\sigma+kr+1)\,(\mu)^r}{r!\,(b_{(q)})_r\,(a)^{\sigma+kr}}\;\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\sigma+kr)_S(\beta+m_1+m_2)_S(-1)^S}{S!\,(a)^S\,.\,(\lambda_1)^{\beta+m_1+m_2+S}}$$

$$\times F_2\left[\beta+m_1+m_2+S,\; m_1-k_1,\; m_2-k_2,\; 2m_1,\; 2m_2,\; \frac{C_1}{\lambda_1},\; \frac{C_2}{\lambda_2}\right] \qquad (4\cdot1)$$

जिसके प्रतिबन्ध हैं :

$$\left.\begin{matrix} Re\,(\beta+m_1+m_2)>0,\; Re\,[p\pm\tfrac{1}{2}(C_1+C_2)]>0,\; Re\,(p+a)>0 \\ Re\,(a)>0,\; \lambda_1=p+\tfrac{1}{2}(C_1+C_2),\; \sigma=(\delta-1)m\delta+\lambda \\ \text{तथा}\quad Re\,(\sigma)>1 \text{ या } Re\,(\sigma)+km>1\; k \text{ के } + \text{ या } - \text{ पूर्णांक होने के अनुसार} \end{matrix}\right\} \qquad (4\cdot2)$$

(1·2) तथा (1·3), का उपयोग करने पर (4·1) दो चरों वाले व्हिटेकर फलन सम्बन्धी समाकल में घटित हो जाता है :

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t+c_1+C_2/t+\lambda_1}(t)^{\sigma-1}\,.\,(t+\lambda_1)^{-\beta}\,.\;{}_{p'+\delta+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\,-m\delta),\, a_{(p')}),\;\; \frac{\sigma}{k}+1, \\ b_{(q)},\, \frac{\sigma}{k}\,,\end{matrix}\;\; \mu t^k\right].$$

$$M_{-\beta,\,\frac{2m_1-1}{2},\,\frac{2m_2-1}{2}}\left(\frac{C_1}{t+\lambda_1},\; \frac{C_2}{t+\lambda_2}\right) dt$$

$$=\frac{e^{C_1+C_2/\lambda_1}}{(\sigma)}\sum_{r=0}^{m}\frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-m\delta+i}{\delta}\right)_r (a_{(p')})_r\Gamma(\sigma+kr+1)(\mu)^r}{r!\,(b_{(q)})_r(\alpha)^{\sigma+kr}}\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\sigma+kr)_S(\beta+m_1+m_2)_S}{S!\,(\alpha)^S\,.\,(\lambda_1)^{\beta+S}}$$

$$\times(-1)^S\,.\,M_{-\beta-S},\frac{2m_1-1}{2},\ \frac{2m_2-1}{2}\left(\frac{C_1}{\lambda_1},\ \frac{C_2}{\lambda_1}\right)$$

जो (4·2) प्रतिबन्धों के अन्तर्गत न्यायसंगत है।

(*b*) (3·1), में $\delta=\mu=k=1$, $a_1=\lambda$, $b_1=\lambda+1$ रखने पर तथा निम्नांकित फल का व्यवहार करने पर

$$\frac{(\lambda)_r(\lambda+r)_S\,.\,\Gamma(\lambda+r+1)}{\lambda\,(\lambda+1)_r}=\Gamma(\lambda+S)\,.\,(\lambda+S)_r;$$

हमें प्राप्त होगा:—

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\,.\,(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{-\beta-\sum_1^n m_j}(t)^{\lambda-1}\,{}_{p'}F_{q-1}\left[\begin{matrix}-m,\ a_2,\ \ldots,\ a_{p'}\\ b_2,\ \ldots,\ b_q,\end{matrix}\ t\right]$$

$$\times F_A\left[\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right]dt$$

$$=\sum_{r=0}^{m}\frac{(-m)_r(a_2)_r\ldots(a_{p'})_r}{r!\,(b_2)_r\ldots(b_q)_r(\alpha)^{\lambda+r}}\sum_{S=0}^{\infty}\frac{\Gamma(\lambda+S)\,.\,(\lambda+S)_r(\beta+\sum_1^n m_j)_S(-1)^S}{S!\,(\alpha)^S\,.\,(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+S,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ C_{(n)}/p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right).$$

संकलन के क्रम को परस्पर बदलने तथा r श्रेणी का योग करने पर

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\,.\,(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{-\beta-\sum_1^n m_j}(t)^{\lambda-1}\,{}_{p'}F_{q-1}\left[\begin{matrix}-m,\ a_2\ \ldots,\ a_{p'},\\ b_2,\ \ldots,\ b_q,\end{matrix}\ t\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)dt$$

$$=\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\Gamma(\lambda+S)\,.\,(-1)^S}{S!\,(a)^{\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}\;{}_{p'+1}F_{q-1}\left[\begin{matrix}-m, a_2, \ldots, a_{p'}, \lambda+S, \frac{1}{a}\\ b_2, \ldots, -b_q,\end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left[\beta+\sum_1^n m_j+S,\; m_{(n)}-n_{(n)},\; 2m_{(n)},\; \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right] \qquad (4\cdot3)$$

$$\left.\begin{matrix}Re\ (\lambda)>1,\ Re\ (\beta+\sum_1^n m_j)>0,\ (p\pm\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)>0\\ Re\ (p+a)>0,\ Re\ (a)>0.\end{matrix}\right\} \qquad (4\cdot4)$$

(i) (4·3) में $a_2=m+\alpha'+\beta'+1$, $b_2=1+\alpha'$, $b_3=\frac{1}{2}$ रखने से हमें सार्वीकृत सिस्टर सेलीन बहुपदी सम्बन्धी समाकल निम्न रूप में प्राप्त होता है जिसके प्रतिबन्ध (4·4) के अनुसार हैं :

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\,.\,(t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{-\beta-\sum_1^n m_j}\,.\,(t)^{\lambda-1} f_m^{(\alpha'\beta'}\left[\begin{matrix}a_3, \ldots, a_{p'},\\ b_4, \ldots, b_q, t\end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\; m_{(n)}-k_{(n)},\; 2m_{(n)},\; \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right) dt$$

$$=\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\Gamma(\lambda+S)\,.\,(-1)^S}{S!\ (a)^{\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}\; f_m^{(\alpha',\beta')}\left[\begin{matrix}a_3, \ldots, a_{p'}, \lambda+S, \frac{1}{a}\\ b_4, \ldots, b_q,\end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+S,\; m_{(n)}-k_{(n)},\; 2m_{(n)},\; \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)$$

(ii) $p'=q=3$, $a_2=m+\alpha'+\beta'+1$, $a_3=\rho$, $b_2=1+\alpha'$, $b_3=\sigma$, रखने पर (4·3) एक सार्वीकृत राइस के बहुपदी सम्बन्धी समाकल में प्रतिबन्ध (4·4) के अन्तर्गत इस प्रकार से घटित हो जाता है :

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t} \cdot \left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j} (t)^{\lambda-1} \cdot H_m^{(\alpha',\beta')}(\rho, \sigma, t)$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right) dt$$

$$=\frac{(1+a')_m}{m!} \sum_{S=0}^{\infty} \frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\, \Gamma(\lambda+S) \cdot (-1)^S}{S!\ (a)^{\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}$$

$$\times {}_4F_2\left[\begin{matrix}-m,\ m+\alpha'+\beta'+1,\ \rho,\ \lambda+S, & 1\\ 1+\alpha',\ \sigma, & a\end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+S,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)$$

(c) यदि $\delta=2,\ k=-2,\ a_1=\dfrac{2m+\lambda}{-2},\ b_1=\dfrac{2m+\lambda-2}{-2}$

तथा
$$\frac{\Gamma(2m+\lambda+1-2r)\left(\frac{2m+\lambda}{-2}\right)_r (2m+\lambda-2r)S}{(2m+\lambda)\cdot\left(\frac{2m+\lambda-2}{-2}\right)_r}$$

$$=\frac{\Gamma(2m+\lambda+S)}{2^{2r}\left(\frac{1-2m-\lambda-S}{2}\right)_r\left(\frac{2-2m-\lambda-S}{2}\right)_r}$$

सूत्र का व्यवहार किया जाय तो (3·1) से हमें

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t} \cdot \left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j} \cdot (t)^{2m+\lambda-1}$$

$$\cdot\ {}_{p'+1}F_{q-1}\left[\begin{matrix}-m,\ -m+\frac{1}{2},\ a_2,\ \ldots,\ a_p', & \frac{\mu}{t^2}\\ b_2,\ \ldots,\ b_q & \end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right) dt$$

$$=\sum_{r=0}^{m}\frac{(-m)_r(-m+\frac{1}{2})_r(a_2)_r\ldots\ldots(a_{p}')_r(\mu)^r}{r!\,(b_2)_r\ldots(b_q)_r(\alpha)^{2m+\lambda-2r}}$$

$$\times\sum_{S=0}^{\infty}\frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\,\Gamma(2m+\lambda+S)(-1)^S}{S!\left(\frac{1-2m-\lambda-S}{2}\right)_r\left(\frac{2-2m-\lambda-S}{2}\right)_r(2)^{2r}}$$

$$\times\frac{1}{(\alpha)^S.(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)\beta+\sum_1^n m_j+S}\;F_A\left[\beta+\sum_1^n m_j+S,\,m_{(n)}-k_{(n)},\,2m_{(n)},\,\frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right]$$

की प्राप्ति होगी । संकलन के क्रम को बदलने तथा r श्रेणी का योग करने पर निम्नांकित फलन प्राप्त होता है :

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}.\,(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j)\,-\beta-\sum_1^n m_j\,.\,(t)^{2m+\lambda-1}$$

$$\times{}_{p'+1}F_{q-1}\left[\begin{matrix}-m,\ -m+\frac{1}{2},\ a_2,\ \ldots,\ a_{p}',\ \frac{\mu}{t^2}\\ b_2,\ \ldots,\ b_q,\end{matrix}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\,m_{(n)}-k_{(n)},\,2m_{(n)},\,\frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)dt$$

$$=\sum_{S=0}^{\infty}\frac{\Gamma(2m+\lambda+S)\,.\,(\beta+\sum_1^n m_j)_S(-1)S}{S!\,(\alpha)^{2m+\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)\beta+\sum_1^n m_j+S}$$

$$\times{}_{p'+1}F_{q+1}\left[\begin{matrix}-m,\ -m+\frac{1}{2},\ a_2,\ \ldots,\ a_{p}'\\ b_2,\ \ldots,\ b_q,\ \frac{1-2m-\lambda-S}{2},\ \frac{2-2m-\lambda-S}{2}\end{matrix},\ \frac{\mu\alpha^2}{4}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+S,\,m_{(n)}-k_{(n)},\,2m_{(n)},\,\frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)\qquad(4\cdot5)$$

जिसके प्रतिबन्ध हैं : $\lambda>1,\ Re\ (\beta+\sum_1^n m_j)>0,$

$$\left.\begin{matrix}\\ Re\ (p\pm\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)>0,\ Re\ (p+\alpha)>0,\ Re\ (\alpha)>0.\end{matrix}\right\}\qquad(4\cdot6)$$

(i) $p'=q=1, \mu=-1$, रखने से (4·5) हरमाइट बहुपदी सम्बन्धी समाकल में (4·6) प्रतिबन्धों के अन्तर्गत घटित होता है :—

$$\int_0^\infty e^{-\alpha t}\cdot\left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j}\cdot(t)^{\lambda-1}\cdot H_{2m}(t)$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)},\ -k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)dt$$

$$=\frac{2^{2m}}{1}\cdot\sum_{s=0}^\infty\frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\,\Gamma(2m+\lambda+S)(-1)^S}{S!\ (a)^{2m+\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}$$

$$\times{}_2F_2\left[\begin{matrix}-m,\ -m+\frac{1}{2}\\ \frac{1-2m-\lambda-S}{2},\ \frac{2-2m-\lambda-S}{2}\end{matrix}-\frac{a^2}{4}\right]$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j+S,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)}\ \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)$$

(ii) (4·5) में $p'=2,\ q=3,\ a_2=a-b,\ b_2=a,\ b_3=1-b-2m,\ \mu=1$, रखने पर निम्नांकित प्रकार से बेडीण्ट बहुपदी सम्बन्धी समाकल प्राप्त होता है :

$$\int_o^\infty e^{-\alpha t}\left(t+p+\tfrac{1}{2}\sum_1^n C_j\right)^{-\beta-\sum_1^n m_j}\cdot(t)^{\lambda-1}R_{2m}(b,\ a,\ t)$$

$$\times F_A\left(\beta+\sum_1^n m_j,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{t+p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right)dt$$

$$=\frac{(2)^{2m}(b)_{2m}}{(2m)!}\sum_{S=0}^\infty\frac{(\beta+\sum_1^n m_j)_S\,\Gamma(2m+\lambda+S)(-1)^S}{S!\ (a)^{2m+\lambda+S}(p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j)^{\beta+\sum_1^n m_j+S}}$$

$$\times {}_3F_4\left[\begin{matrix}-m,\ -m+\frac{1}{2},\ a-b, \\ a,\ 1-b-2m,\ \frac{1-2m-\lambda-S}{2},\ \frac{2-2m-\lambda-S}{2}\end{matrix}\ \frac{\alpha^2}{4}\right]$$

$$\times F_A\left[\beta+\sum_1^n m_j+S,\ m_{(n)}-k_{(n)},\ 2m_{(n)},\ \frac{C_{(n)}}{p+\frac{1}{2}\sum_1^n C_j}\right]$$

जिसके प्रतिबन्ध (4·6) के अनुसार हैं।

(d) § 4 (a), (b) तथा (c) की ही भाँति अग्रसर होने पर फल (3·2) की विशिष्ट दशायें प्राप्त होती हैं।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक उदार पथप्रदर्शन के लिये डा० वी० एम० भिसे का कृतज्ञ है।

निर्देश

1. ऐपेल, पाल तथा काम्पे द फेरी। Functions hypergeometriques et hyperspheriques. Polynomes de Hermite, **गाथियर विलर्स,** 1926.
2. एर्डेल्यी, ए०। Tables of Integral transforms. **भाग 1,** 1954.
3. सक्सेना, आर० के०। Monetshefte fur Mathematik, 1966, **70,** 161-63.

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 14 | जुलाई-अक्टूबर 1971 | संख्या 3-4

विषय-सूची
CONTENTS

सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन (१८८८-१९७०)

आचार्य डा० चन्द्रशेखर वेंकट रामन्

इस शताब्दी के महान् वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार-विजेता आचार्य चन्द्रशेखर वेंकट रामन् का निधन 21 नवम्बर 1970 को बंगलोर में हुआ। रामन् का जन्म 7 नवम्बर 1888 को त्रिचनापल्ली (दक्षिण भारत) में हुआ था और उनकी प्रारम्भिक शिक्षा विशाखापत्तनम् के हिन्दू कालेज तथा मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में हुई। जिस समय वे प्रेसीडेंसी कालेज में पढ़ रहे थे उसी समय उन्होंने ध्वनिकी तथा प्रकाशिकी में भौतिक अनुसंधान करना प्रारम्भ कर दिया था और उनका पहला शोध-पत्र 1906 में, जब वह केवल 18 वर्ष के थे, 'फिलॉसॉफिकल मैगज़ीन' में छपा। शोध कार्य की कोई अच्छी व्यवस्था न होने के कारण इस मेधावी नवयुवक को भारत सरकार के वित्त-विभाग में उच्च पद पर कार्य करना पड़ा। किन्तु मन तो वैज्ञानिक शोध कार्य में लगा था इसलिये कलकत्ते में रात में और छुट्टियों में यह अनुसंधान कार्य करते थे। दस वर्ष में तीस से भी अधिक शोध-पत्र विदेश की सम्मानित पत्रिकाओं में छापे। भारत के बुद्धिजीवी वर्ग ने 1917 में इन्हें पहचाना और कलकत्ता विश्वविद्यालय में पालित-प्रोफेसर का पद दिया। रामन् ने आर्थिक हानि सह कर यह पद ग्रहण किया और देखते-देखते अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त एक शोध केन्द्र बना दिया। इस केन्द्र से ध्वनिकी, प्रकाशिकी, प्रकाश-विद्युत्, चुम्बकत्व, विद्युत् इत्यादि क्षेत्रों में उच्च स्तर का शोधकार्य हुआ।

1921 में रामन् ने प्रकाश प्रकीर्णन का अध्ययन प्रारम्भ किया। इस कार्य के सम्बन्ध में उन्होंने कॉम्पटन-प्रभाव का क्लासिकल तरंग सिद्धान्त पर आधारित अध्ययन किया और 1927 में एक सिद्धान्त स्थापित किया। उनका विचार था कि दृश्य प्रकाश के पारदर्शक वस्तुओं द्वारा प्रकीर्णन में भी परिवर्तित तरंग दैर्घ्य का प्रकाश दीखना चाहिये। इस क्षेत्र में उनकी अन्तरदृष्टि ने जो यशस्वी कार्य किया, वही **रामन्-प्रभाव** के नाम से विख्यात हुआ।

1933 में कलकत्ते से इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइन्स, बंगलोर चले गये। वहाँ उन्होंने पराश्रव्य तरंगों द्वारा प्रकाश विवर्तन का अध्ययन प्रारम्भ किया, जिसका फल प्रसिद्ध रामन्-नाथ सिद्धान्त है। साथ ही साथ द्रव तथा ठोस द्वारा ब्रिलूँआं प्रकीर्णन, एकल तरंग प्रकीर्णन इत्यादि पर अध्ययन किये उनके अनेक विद्यार्थी आज देश के उच्च वैज्ञानिक हैं। 1924 में रामन् लंदन की रॉयल सोसाइटी के सदस्य निर्वाचित हुये और 1930 में उन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला। 1957 में उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय लेनिन पुरस्कार प्रदान हुआ। 1947 में उन्होंने रामन् इन्स्टीट्यूट स्थापित किया और अन्त तक वहीं कार्य करते रहे। भारत सरकार ने रामन् को पहला राष्ट्रीय प्रोफ़ेसर नियुक्त किया और देश की सर्वोच्च उपाधि 'भारत रत्न' प्रदान की। आचार्य रामन् को फूल बहुत भाते थे और अन्त समय तक वे फूलों के रंग की उत्पत्ति और दृष्टि विज्ञान का अध्ययन करते रहे।

रामन्-प्रभाव के क्षेत्र में कार्यकरने वाले विशिष्ट वैज्ञानिकों के ये कतिपय लेख इस विशेषांक में आचार्य रामन् की पुण्य स्मृति में प्रस्तुत हैं।

Raman Memorial Volume
Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14. *No* 3-4. *July-Oct.* 1971, *Pages* 3-21

बहुक्रिस्टलीय प्रतिदर्शों के उच्च-विभेदन रामन् स्पेक्ट्रमों का क्रिस्टलीय संरचना से सहसम्बन्ध

एच० एफ० शुरवेल

रसायन विभाग, क्वीन्स यूनिवर्सिटी, किंग्सटन, कनाडा

[प्राप्त—जुलाई 10, 1971]

सारांश

यदि बहुक्रिस्टलीय प्रतिदर्शों के उच्च विभेदन रामन्-स्पेक्ट्रम निकाल लिए जायँ, तो उनके आधार पर क्रिस्टल संरचना का अच्छा ज्ञान हो सकता है। यदि यौगिक वाष्पशील हो, तो रामन् अध्ययन के लिए इसका प्रतिदर्श गैस या बाष्प को द्रव नाइट्रोजन, द्रव हाइड्रोजन अथवा द्रव हीलियम के ताप पर संघनित करके बहु-क्रिस्टलीय फिल्म के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। इस शोध निबन्ध में SF_6, $TiCl_4$ और CF_3CN अणुओं के लिए हम प्रायोगिक फल और निष्कर्ष दे रहे हैं।

भूमिका

ऐसे अणुओं अथवा आयनों के कम्पनों के, जिनमें त्रिगुण या इससे भी उच्च सममिति-अक्ष (Threefold axis of symmetry) हो, अपभ्रष्ट प्रसामान्य मोड (degenerate normal modes) होते हैं। क्रिस्टल में बहुधा ऐसा होता है कि मुक्त अणु की अपेक्षा अणु निम्नतर सममितिक क्षेत्र में स्थित रहता है। ऐसी अवस्था में अपभ्रष्टता (degeneracy) पूर्णतः अथवा-अंशतः दूर हो जाती है, और इस अपभ्रष्ट मूल (degenerate fundamental) के घटकों की थोड़ी-बहुत अलग अलग आवृत्तियाँ होंगी। इस कारण से रामन् रेखाओं में एवं अवरक्त बैण्डों में विभाजन (या स्प्लिटिंग) हो जाता है, जिसे क्षेत्र-स्प्लिटिंग (site splitting) कहते हैं। इसके अतिरिक्त एकांक-सेल (unit cell) वाले दो या अधिक अणुओं के बीच में जो कम्पन हैं, उनके युग्मन के कारण भी स्प्लिटिंग हो सकती है। यदि प्रति एकांक सेल में दो अणु हों, और हम उनकी क्रिस्टल संरचना की बात कर रहे हों, हमें कुछ ऐसा मानना पड़ेगा कि दो अणुओं के एक ही मूल कम्पनों के संयोग कभी 'कला-में' और कभी 'कला-के बाहर' वाले हैं। इस प्रकार की स्प्लिटिंग अपभ्रष्ट और अनपभ्रष्ट मूलों दोनों में ही पायी जाती है। इसे खण्ड-ग्रूप (factor group) या सहसम्बन्धी स्प्लिटिंग (correlative splitting) कहा जाता है। प्रत्येक मूल (fundamental) के घटकों के लिए जो सममिति नियम और वरण-नियम (selection rules) हैं, वे क्रिस्टल के स्पेस-ग्रूप या खण्ड ग्रूप पर आधारित हैं। खण्ड-ग्रूप तो वस्तुतः एकांक सेल का बिन्दु ग्रूप है, और यदि हम शोनफ्लाइज

संकेताक्षरों का प्रयोग करें, तो यह ऐसा स्पेस-ग्रूप होगा जिसका मूर्धांक अलग कर दिया गया हो। उदाहरण के लिए, ठोस $TiCl_4$ का स्पेस-ग्रूप C^5_{2h} है, और खण्ड ग्रूप या एकांक-सेल ग्रूप C_{2h} है।

क्रिस्टलों के रामन् और अवरक्त स्पेक्ट्रमों के अध्ययन के निमित्त ग्रूप-सिद्धान्त के तर्कों से सम्बन्ध रखने वाले दो नियमों का बहुधा उपयोग होता है [1-3]। पहले नियम के लिए क्षेत्र-ग्रूप (site group) को मुक्त अणु-ग्रूप और खण्ड ग्रूप दोनों का ही कोई उप-ग्रूप होना चाहिए। दूसरा नियम यह है कि क्षेत्र ग्रूप की कोटि को एकांक सेल में स्थित अणुओं की संख्या से गुणा कर दिया जाय, तो खण्ड ग्रूप की कोटि मिल जायगी। प्रत्येक मूल कितने घटकों में विभक्त होता है, यह जानने के लिए खण्ड-ग्रूप-विश्लेषण नाम की पद्धति निकाली गयी है। इस पद्धति के आधार पर प्रत्येक मूल के प्रत्येक घटक का सममिति प्रारूप भी पता चल जाता है। रामन् (और अवरक्त) सक्रियाओं के लिए प्रचलित वरण नियम ही लागू होते हैं। कोई कम्पन रामन् (अवरक्त) क्षेत्र में सक्रिय हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि इस कम्पन से सम्बन्ध रखने वाले कम से कम किसी एक घटक में ध्रुवणता सम्बन्धी (द्विध्रुव आघूर्ण) कोई परिवर्तन अवश्य हो। अतः यदि खण्ड-ग्रूप की प्रकृति-सारिणी तैयार हो जाय, तो इसके आधार पर पूर्वानुमान हो सकता है कि रामन् और अवरक्त स्पेक्ट्रमों में मूल के कौन से घटक सक्रिय होंगे।

इस निबन्ध में SF_6, $TiCl_4$ और CF_3CN, इन तीन अणुओं की क्रिस्टलीय फिल्मों के रामन् स्पेक्ट्रमों का अध्ययन किया गया है और उनके विश्लेषण में ऊपर दी गयी विवेचना को आधार माना गया है।

प्रयोगात्मक

इस निबन्ध में जिन प्रयोगों का उल्लेख किया गया है, वे नेशनल रिसर्च कौन्सिल ऑव् कनाडा, ओटावा, के रसायन विभाग के डा० एच० जे० बर्नस्टाइन की प्रयोगशाला में किए गए थे। वाष्प अवस्था के यौगिकों को संघनित करके अणुओं की फिल्में तैयार की गयीं और इनका रामन् स्पेक्ट्रम निकालने के निमित्त दो निम्नतापीय सेलों का उपयोग किया गया। इनमें से पहली तो उस भाँति की काँच की निम्नतापीय सेल थी जिसका विवरण शोन (Schoen) और उसके सहयोगियों ने दिया है [4]। इस सेल का उपयोग संघनित गैसों की फिल्मों के रामन्-अध्ययन के लिए हो सके, इसके लिए सेल के साथ साथ धातु का बना प्रशीतक पात्र भी लिया गया। इस पात्र की संयोग ताम्र-निक्षेपण-पिण्ड से कर दिया गया। सेल के भीतर सूची-वाल्व द्वारा गैस प्रवाहित की गयी और इसे ताम्र-पिण्ड पर संघनित होने दिया गया। ताम्र पिण्ड और प्रशीतक पात्र दोनों को ऐसी स्टेनलेस स्टील से भरी नली के द्वारा निलम्बित किया गया जो निर्वातरोधी बेयरिंग में होकर जाती थी। इस विधान द्वारा लाभ यह था कि जब ताम्र खण्ड पर काफ़ी निक्षेप जमा हो गया, तो इसे यथोचित स्थिति में घुमाकर स्पेक्ट्रोमीटर की स्लिट के सामने लाया जा सकता था। प्रतिदर्श को नीचे से 4880Å रेखा से आलोकित किया जा सकता था। इस रेखा का प्रकाश 'स्पेक्ट्रा फिज़िक्स मॉडेल 140 आर्गन आयन लेज़र' से प्राप्त किया जा सकता है। ताम्र खण्ड इस प्रकार नियंत्रित था कि मोनोक्रोमेटर में लेज़र किरणपुञ्ज सीधे ही प्रतिबिम्बित न हो।

दूसरी सेल "एयर-प्रॉडक्ट्स और केमिकल्स, इन्क० 'क्रायोटिप' जूल-थॉम्पसन रेफ्रिजरेटर" थी जिसमें संपीडित हाइड्रोजन और नाइट्रोजन गैसों का उपयोग होता था [5]। 'क्रायोटिप' को इस प्रकार क्षैतिज खड़ा किया गया कि इसकी एक खिड़की नीचे की ओर आमुख रही और दूसरी खिड़की मोनो-

क्रोमेटर की प्रवेश-स्लिट की ओर आमुख। प्रत्येक खिड़की के 45° कोण पर एक ताम्र-पत्र रक्खा गया। इस पर निक्षेप जमा हुआ। स्टेनलेस स्टील की बनी नली दोनों खिड़कियों के बीच के स्थान पर सेल में प्रविष्ट होती थी। जैसा कि पहली सेल के सम्बन्ध में कहा है, इस दूसरी सेल को भी नीचे की ओर से लेज़र द्वारा उत्तेजित करके स्पेक्ट्रम प्राप्त किया गया। स्पेक्ट्रम लेने के लिए 'स्पेक्स इण्डस्ट्रीज़ मॉडेल 1400 डबल स्पेक्ट्रोमीटर' का उपयोग किया गया। इसमें EMI 6256S फोटोमल्टिप्लाइर का उपयोग किया जिसमें फोटॉन-गणना के लिए विधान भी था। इस प्रायोगिक योजना की सहायता से लेज़र-किरण-पुञ्ज को बिना बार बार प्रविष्ट कराये और फोकस किए ही काफ़ी रामन् तीव्रता प्राप्त हुई। प्रवेश-स्लिट और निर्गम स्लिट 10-15μ के समान सूक्ष्म रक्खी गयी (इसका अभिप्राय यह है कि स्पेक्ट्रम स्लिट की चौड़ाई 0·3 cm.$^{-1}$ हुई)।

लेज़र से आर्गन आयन रेखाओं के ज्ञात तरंग-दैर्घ्य[6] अंश-शोधन (calibration) के लिए उपयोग में लाये गए। सारणियों में जो रामन्-आवृत्तियाँ हमने दी हैं वे ± 2cm.$^{-1}$ तक यथार्थ हैं। प्रत्येक मूल के घटकों में जो सूक्ष्म-स्प्लिटिंग हुई है, उसके मापने की यथार्थता $\pm 0{\cdot}2$ cm.$^{-1}$ है।

प्रयोगफल और विवेचना

1. सल्फर हेक्साफ्लोराइड

SF_6 अष्टफलकीय अणु है, जिसका सम्बन्ध बिन्दु ग्रूप O_h से है। इसके मूल कम्पनों में एक A_{1g} मोड (ν_1), एक E_g मोड (ν_2) और एक F_{2g} मोड (ν_5) है, जो तीनों ही रामन्-सक्रिय हैं। इनके अतिरिक्त दो F_{1u} मोड हैं (ν_3 और ν_4) जो अवरक्त-सक्रिय हैं। एक और भी अक्रिय मोड (ν_6) है जो F_{2u} जाति का है। अणु में एक सममिति-केन्द्र है, अतः अवरक्त सक्रिय मोड रामन् क्षेत्र में सक्रिय नहीं हैं। इसी प्रकार रामन् सक्रिय कम्पन अवरक्त में अक्रिय है।

ठोस SF_6 का रामन्-स्पेक्ट्रम चित्र 1 में दिखाया गया है। इस स्पेक्ट्रम में ν_1 के लिए एक द्विक (doublet), ν_2 के लिए एक चतुष्क (दो द्विक) और ν_5 के लिए एक त्रिक हैं। ठोस SF_6 का अवरक्त स्पेक्ट्रम भी लिया गया [7] और ν_3 और ν_4 दोनों के लिए त्रिक मिले। सारणी 1 में रामन् और अवरक्त आवृत्तियाँ दी गयी हैं।

ठोस SF_6 अवरक्त स्पेक्ट्रम में कोई की रामन् सक्रिय मूल नहीं पाये गए [7]। इससे स्पष्ट है कि क्षेत्र पर एक सममिति केन्द्र बना रहता है। सममिति केन्द्र के साथ क्षेत्र ग्रूप (site group) होने संभव हैं—(C_i, C_{2h}, C_{4h}, D_{2h}, D_{4h}, D_{3d}, और S_6)।

इन क्षेत्र-ग्रूपों में से हम एक लेंगे और इसको लेकर हम यह प्रदर्शित करेंगे कि क्षेत्र ग्रूप और खण्ड-ग्रूप वाली स्प्लिटिंग किस प्रकार प्रयोग में पाये गए स्पेक्ट्रम की पुष्टि करती है। उदाहरण के लिए, यदि क्षेत्र-सममिति D_{2h} हो तो चित्र 2 में दिया गया सह-सम्बन्धी आरेख प्राप्त हो सकेगा।

इस क्षेत्र-ग्रूप के अनुसार यह स्पष्ट है कि A_{1g} मो ν_1 बिना स्प्लिट (अविभाजित) हुए रहेगा, एवं E_g मोड ν_2 दो घटकों में स्प्लिट होगा। इसी प्रकार F_{1u} और F_{2g} मोड ν_3, ν_4 और ν_5, इनमें से प्रत्येक तीन तीन घटकों में स्प्लिट होगा। यही नहीं, खण्ड-ग्रूप-स्प्लिटिंग के आधार पर अनपभ्रष्ट कम्पन ν_1 की स्प्लिटिंग और अपभ्रष्ट मोडों के घटकों की स्प्लिटिंगों की भी हम व्याख्या कर सकेंगे।

कौन सा क्षेत्र ग्रूप वस्तुतः ठीक है, इसका निश्चय करना कठिन है, पर जैसी विवेचना हमने ऊपर की है, उनमें अवरक्त और रामन् स्पेक्ट्रमों की प्रयोग द्वारा पायी गयी स्प्लिटिंगों की व्याख्या की जा सकती है। $\nu_1(A_{1g})$ विभक्त होकर एक पूर्णतः वियोजी द्विक देता है; इसके घटक 6 cm^{-1} दूरी पर होते हैं। यह क्षेत्र-स्प्लिटिंग के कारण है, ऐसा समझा जा सकता है। यदि वियोजन की क्षमता और भी अधिक अच्छी हो, तो प्रत्येक घटक फिर एक एक द्विक में विभक्त हो जाता है। तीनों त्रिगुण-अपभ्रष्ट मोड: ν_3, $\nu_4(F_{1u})$, और $\nu_5(F_{2g})$ तीन घटकों में विभक्त हो जाते हैं। यह स्प्लिटिंग क्षेत्र स्प्लिटिंग के कारण है, ऐसा समझा जा सकता है। त्रिगुण-अपभ्रष्ट कम्पनों के घटकों की और आगे स्प्लिटिंग अभी नहीं पायी गयी है।

2. टाइटेनियम टेट्राक्लोराइड

$TiCl_4$ ऐसा चतुष्फलकीय अणु है जो बिन्दु-ग्रूप T_d से सम्बन्धित है। इसके चार मूल कम्पन निम्न हैं—एक अनपभ्रष्ट a_1 मोड (ν_1); एक द्विगुण-अपभ्रष्ट e मोड (ν_2) और दो त्रिगुण-अपभ्रष्ट f_2 मोड (ν_3 और ν_4)। 240°K पर क्रिस्टल संरचना ऐसी एकनताक्ष (monoclinic) है, जिसका दिग्-ग्रूप C^5_{2h} है [8]। इसके एकांकी सेल में चार अणु हैं अतः क्षेत्र ग्रूप C_1 होना चाहिए।

कोई प्रमाण इस बात का उपलब्ध नहीं हुआ है, जिससे मालूम हो कि 240°K और उस ताप के बीच में, जिस पर कि स्पेक्ट्रम लिए गए, कोई प्रावस्था-अन्तर (phase change) हुआ है। इस प्रकार ठोस के रामन् स्पेक्ट्रम में चार मूलों की स्प्लिटिंगों का पूर्वानुमान किया जा सकता है। चित्र 3 में जो आरेख दिया गया है, उससे अणु क्षेत्र और खण्ड ग्रूपों के अखण्डनीय निरूपणों (irreducible representations) का सम्बन्ध स्पष्ट व्यक्त होता है।

ठोस $TiCl_4$ के मूलों के रामन् स्पेक्ट्रम चित्र 4 और 5 में दिखाये गए हैं और प्रयोग में पायी गयी आवृत्तियाँ सारणी 2 में दी गयी हैं।

a_1 मोड के सम्बन्ध में कोई ऐसा प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे यह व्यक्त हो सके कि खण्ड-ग्रूप स्प्लिटिंग के कारण जिस द्विगुणता का पूर्वानुमान होता है, वह द्विगुणता सचमुच में होती है। $Ti^{35}Cl_4$, $Ti^{35}Cl_3{}^{37}Cl$, $Ti^{35}Cl_2{}^{37}Cl_2$, $Ti^{35}Cl^{37}Cl_3$ और $Ti^{37}Cl_4$ इन पाँच अणुओं में क्लोरीन के समस्थानिकों (35-37) के कारण जो संरचना-भेद है, वह स्पष्ट व्यक्त हो जाता है। ν_1 बैंड से सम्बन्ध में जो अन्य बातें अध्ययन की गयी हैं, उनका भी उल्लेख है [9], पर उनकी अब और विवेचना यहाँ नहीं की जायगी। कार्बन टेट्राक्लोराइड के सम्बन्ध में जो गणनायें की गयी हैं, उनसे यह आशा की जाती है कि $TiCl_4$ के अन्य मूलों की समस्थानिकीय स्प्लिटिंग बहुत थोड़ी ही होगी।

e मूल ν_2 क्षेत्र-स्प्लिटिंग के कारण द्विक में विभक्त हो जाना चाहिए और इसके अतिरिक्त खण्ड-ग्रूप स्लिटिंग के कारण द्विक के प्रत्येक घटक के लिए दो रामन् सक्रिय रेखायें होनी चाहिए। प्रयोग से जो ν_2 बैंड मिला है उसमें एक द्विक है और एक एकक है। द्विक के केन्द्र और एकक के केन्द्र के बीच में 7 $cm.^{-1}$ का पार्थक्य है। यह अन्तर इतना काफ़ी अधिक है कि इसे समस्थानिकीय स्प्लिटिंग के कारण नहीं माना जा सकता। द्विक के घटकों में पार्थक्य 2·5 $cm.^{-1}$ है और यह संभवतया खण्ड-स्प्लिटिंग के कारण है।

f_2 मोड ν_3 और ν_4 की अपभ्रष्टता क्षेत्र-सममिति के कारण एकदम दूर हो जानी चाहिए एवं प्रत्येक घटक को चतुष्क में विभक्त हो जाना चाहिए, ऐसा प्रागुक्ति या पूर्वानुमान है। चतुष्क के केवल दो घटक रामन् सक्रिय हैं। इस प्रकार यदि हम समस्थानिकीय स्प्लिटिंग को गणना में न भी लें तो भी प्रत्येक बैंड में 6 रेखायें होनी चाहिए।

ν_4 का वियोजन एक त्रिक में हो जाता है, जो संभवतः क्षेत्र-स्प्लिटिंग के कारण है। इस मूल के लिए न कोई समस्थानिकीय स्प्लिटिंग है, न खण्ड-स्प्लिटिंग। ν_3 मूल के क्षेत्र में, पाँच रेखायें स्पष्टतया वियोजित हो जाती हैं। यहाँ भी समस्थानिकीय स्प्लिटिंग का कोई प्रश्न नहीं है, क्योंकि रेखाओं के बीच में पार्थक्य काफ़ी है : 6·9 से लेकर 10·8 $cm.^{-1}$ तक। यह वह क्षेत्र है जिसमें द्रव $TiCl_4$ के रामन्-स्पेक्ट्रम में एक द्विक मिलता है [11, 12]। यहाँ केवल एक ही आवृत्ति की, जो ν_3 के कारण होगी, आशा की जा सकती है। त्रिक 476·0, 485·8, और 496·6 $cm.^{-1}$ संभवतः ν_3 के तीन घटकों के कारण है और द्विक 505·1 और 512·0 $cm.^{-1}$ है, वह द्रव में पाये गये अपवादी बैण्ड के कारण है। ν_3 के सम्बन्ध में केवल क्षेत्र-स्प्लिटिंग है, ऐसा हमें इस बार भी मानना पड़ेगा।

3. ट्राइफ्लोरोऐसीटोनाइट्राइल

CF_3CN का सम्बन्ध ग्रूप $C_{3\nu}$ से है। कम्पन के मूल मोडों में चार तो पूर्णतया सममितिक कम्पन (जाति a_1) और चार द्विगुण अपभ्रष्ट कम्पनों के युग्म (जाति e) हैं। ये सभी अवरक्त और रामन् दोनों में सक्रिय हैं। मूलों की क्रम संख्या ह्रासमान आवृत्ति के क्रम से दी जाती है, a_1 जाति में भी और e जाति में भी। चित्र 6 में ठोस CF_3CN का रामन् स्पेक्ट्रम दिया गया है। सारणी 3 में रामन् और अवरक्त दोनों स्पेक्ट्रमों में मूलों की प्रयोग द्वारा प्राप्त आवृतियाँ दी गयी हैं।

ठोस CF_3CN के रामन् स्पेक्ट्रम में चारों a_1 मूल द्विकों में विभक्त हो जाते हैं, ऐसा देखा गया है। अवरक्त में भी a_1 मूलों के द्विक पाये जाते हैं [13]। अवरक्त और रामन् स्पेक्ट्रमों दोनों में अति जटिल प्रदेश 1250 और 1150 cm^{-1} के बीच का है। इस प्रदेश में दो मूल $\nu_2(a_1)$ और $\nu_5(e)$ पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त अन्य भी कई संयोजन हैं, जिनमें से कुछ का सम्बन्ध लैटिस-मोडों से है।

ठोस CF_3CN के रामन् स्पेक्ट्रम में चार e मूल चतुष्कों (quartets) में विभक्त हो जाते हैं किन्तु इनमें से ν_8 की रेखायें इस प्रकार की हैं जो स्पष्टतया वियोजित हैं। अन्य तीन में एक या कई घटक कन्धे से कन्धे मिले पाये जाते हैं। ठोस के अवरक्त स्पेक्ट्रम में e मूलों में से केवल दो ही, ν_5 और ν_6, स्पष्ट अलग-अलग प्रतीत होते हैं। ये त्रिक रूप में व्यक्त होते हैं। संभवतः अन्य दो भी, ν_7 और ν_8, अवरक्त में त्रिक ही हों, ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है। इस प्रकार प्रयोग द्वारा प्राप्त स्पेक्ट्रम से ऐसा प्रतीत होता है कि a_1 मूल अवरक्त और रामन् दोनों स्पेक्ट्रमों में द्विकों में विभक्त हो जाते हैं। e मूल अवरक्त में त्रिक और रामन् में चतुष्क देते हैं। इसके विपरीत प्रायोगिक त्रुटि का ध्यान रखते हुए यह कहा जा सकता है कि अवरक्त घटकों की आवृत्तियाँ बिल्कुल वही हैं, जो तत्सम्बन्धी रामन् आवृत्तियाँ। इस तथ्य या सूचना के आधार पर क्रिस्टल संरचना के सम्बन्ध में भी कतिपय कल्पनायें की जा सकती हैं।

$C_{3\nu}$ सममिति अधिकांश अणुओं की क्रिस्टल-संरचना या तो एकनताक्षी (monoclinic) या समचतुर्भुजी (विषमलम्बाक्षी, orthorhombic) समुदाय की है। त्रिनताक्षी (triclinic), एकनताक्षी

और विषमलम्बाक्षी समुदायों में जितनी सम्भवनीय क्षेत्र और एकांक सेल सममितियाँ हैं, उनकी जाँच की गयी और इनमें से भी जिनकी सम्भवनीयता सबसे अधिक है, उन पर विचार किया गया।

बिन्दु ग्रूप C_{3v} के संभवनीय उपग्रूप C_1, C_s और C_3 हैं। इनमें से अन्तिम पर तो विचार करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसका सम्बन्ध त्रिकोणीय या त्रिसमनताक्ष (rhombohedral) क्रिस्टल समुदाय से, अथवा उच्चतर सममिति के समुदाय से है। त्रिकोणीय समुदाय में खण्ड-ग्रूप पर आधारित आनुमानिक अवरक्त और रामन् स्पेक्ट्रम प्रयोग द्वारा प्राप्त स्पेक्ट्रम से अधिक सरल हैं। a_1 और e मूलों की प्राप्त और आनुमानिक स्प्लिटिंगों के आधार पर हम सामान्य (C_1) क्षेत्र (site) की उपेक्षा कर सकते हैं। अब जो सम्भवनीयता बची वह है C_s। विषमलम्बाक्षी समुदाय में C_{2v} या D_{2h} खण्ड ग्रूप की सहकारिता में जो क्षेत्र है उसके आधार पर हम यह पूर्वानुमान कर सकते हैं कि a_1 मोडों के लिए रामन् और अवरक्त दोनों स्पेक्ट्रमों में हमें द्विक मिलेंगे और e मोडों के लिए दोनों में त्रिक और चतुष्क मिलेंगे। D_{2h} खण्ड-ग्रूप को छोड़ देने के निमित्त पारस्परिक अपसर्जन नियम (exclusion rule) का उपयोग किया गया है। ऐसा करना ठीक भी है क्योंकि प्रायोगिक त्रुटि के भीतर ही प्रेक्षित अवरक्त और रामन् आवृत्तियाँ अभिन्न या संपाती हैं। बिन्दु-ग्रूप C_{3v}, C_s और C_{2v} के अखण्डनीय निरूपणों से सम्बन्ध रखने वाले आरेख चित्र 7 में दिए गए हैं।

यदि ऊपर दिया विश्लेषण ठीक है, तो उस नियम से जिसकी ओर हमने इस निबन्ध के आरम्भ में ही संकेत किया है, यह तथ्य निकलता है कि एकांकी सेल में अणुओं की संख्या दो है।

निष्कर्ष

जिन प्रयोग परिणामों का उल्लेख इस निबन्ध में किया गया है उनमें स्पष्ट है कि रामन् स्पेक्ट्रम का क्रिस्टल संरचना से सम्बन्ध तीन प्रकार का है। प्रथम में SF_6 की क्रिस्टल संरचना ज्ञात नहीं है, किन्तु रामन् स्पेक्ट्रम और उसके साथ साथ अवरक्त स्पेक्ट्रम ज्ञात हो जाय तो इसकी संभवनीय क्षेत्र-सममितियों का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। द्वितीय में $TiCl_4$ की क्रिस्टल संरचना ज्ञात है और प्रेक्षित स्प्लिटिंग और क्रिस्टल संरचना में सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है। तृतीय में CF_3CN की क्रिस्टल संरचना अज्ञात है किन्तु रामन् स्पेक्ट्रम और अवरक्त स्पेक्ट्रम दोनों के अध्ययन से यह संकेत मिलता है कि इस यौगिक का क्रिस्टल C_{2v} विषमलम्बाक्षी संरचना का है, इसकी प्रत्येक एकांकी सेल में दो अणु हैं, जो C_s सममिति के क्षेत्रों पर स्थित हैं।

चित्रों का विवरण

चित्र 1. तीन सक्रिय मूलों के क्षेत्र में 77°K पर ठोस SF_6 का रामन् स्पेक्ट्रम। दो भिन्न फोटॉन-गणक-परासों का उपयोग किया गया, ν_1 और ν_5 के लिए 1000 गणन प्रति सेकण्ड, और ν_2 के लिए 200 गणन प्रति सेकण्ड।

चित्र 2. SF_6 के बिन्दु-ग्रूप (O_h) और संभवनीय क्षेत्र ग्रूप (D_{2h}) के बीच सम्बन्ध बताने वाला आरेख।

चित्र 3. $TiCl_4$ के बिन्दु-ग्रूप (T_d), क्षेत्र ग्रूप (C_1) और खण्ड ग्रूप (D_{2h}) के बीच सम्बन्ध बताने वाला आरेख ।

चित्र 4. ठोस $TiCl_4$ के ν_1 मूल का रामन् स्पेक्ट्रम । दो विभिन्न गणक परास प्रयोग में लाये गए (10,000 और 2000 गणन प्रति सेकण्ड) । इनका संकेत स्पेक्ट्रम पर कर दिया गया है ।

चित्र 5. ठोस $TiCl_4$ के अपभ्रष्ट मूलों के रामन्-स्पेक्ट्रम ।

चित्र 6. ठोस CF_3CN के 77°**K** पर मूलों के क्षेत्र में रामन्-स्पेक्ट्रम ।

चित्र 7. CF_3CN के बिन्दु-ग्रूप ($C_{3\nu}$), क्षेत्र ग्रूप (C_s) और खण्ड-ग्रूप ($C_{2\nu}$) के बीच सम्बन्ध प्रदर्शित करने वाला आरेख ।

Raman Memorial Volume
Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 14. *No* 3-4. *July-Oct.* 1971, *Pages* 3-21

THE CORRELATION OF HIGH RESOLUTION RAMAN SPECTRA OF POLYCRYSTALLINE SAMPLES WITH CRYSTAL STRUCTURE

By

H. F. SHURVELL
Department of Chemistry, Queens University
Kingston, Canada

(*Received*, July 10, 1971)

ABSTRACT

Information on crystal structure often can be obtained from high resolution Raman spectra of polycrystalline samples. For volatile compounds a sample can be prepared for Raman studies by condensing the gas or vapour as a polycrystalline film at liquid nitrogen, liquid hydrogen or liquid helium temperatures. In this paper experimental results and conclusions are presented for the molecules SF_6, $TiCl_4$ and CF_3CN.

INTRODUCTION

Molecules or ions with a threefold or higher axis of symmetry have degenerate normal modes of vibration. In a crystal it often happens that a molecule is situated on a site of lower symmetry than that of the free molecule. In such cases the degeneracy may be partially or fully removed and the components of this degenerate fundamental will have slightly different frequencies. This gives rise to a splitting of Raman lines and infrared bands known as site splitting. Further splitting can occur through coupling between vibrations of two or more molecules in the unit cell. For the case of a crystal structure with two molecules per unit cell, this could be thought of simply as in-phase and out-of-phase combinations of the same fundamental vibration in the two molecules. This kind of splitting applies to both degenerate and non-degenerate fundamentals and is known as factor group or correlation splitting. The symmetry and selection rules for the components of each fundamental are governed by the factor group of the space group of the crystal. The factor group is essentially the point group of the unit cell and in the Schoenflies notation is simply the space group with the superscript removed. For example the space group of solid $TiCl_4$ is C^5_{2h} and the factor group or unit cell group is C_{2h}.

In studies of Raman and infrared spectra of crystals, use is made of two general rules based on group theoretical arguments [1–3]. The first requires the site group to be a sub-group of both the free molecule group and the factor group. The second states that the order of the factor group is the order of the site group multiplied by the number of molecules in the unit cell. A procedure known as factor group analysis is used to determine the number of components into which each fundamental will split. The symmetry type of each component of each fundamental is also determined by this procedure. The usual selection rules apply for Raman (and infrared) activity. There must be a change in at least one component of the polarizability (dipole moment) associated with a vibration in order for it to be active in the Raman (infrared). Thus the character table for the factor group can be used to predict which components of the fundamentals will be active in the Raman and infrared spectra.

In this paper the above considerations will be illustrated in the analysis of the Raman spectra of polycrystalline films of three molecules SF_6, $TiCl_4$ and CF_3CN.

EXPERIMENTAL

The experimental work described here was carried out in the laboratory of Dr. H. J. Bernstein of the Division of Chemistry, National Research Council of Canada, Ottawa. Two low temperature cells were used to obtain the Raman spectra of films of compounds condensed from the vapour phase. The first was a glass low temperature cell of the type described by Schoen et. al. [4]. The cell was adapted for Raman studies of films of solidified gases by the addition of a metal inner refrigerant container to which a copper deposition block was attached. The gas was passed through a needle valve into the cell and allowed to condense on the copper block. The block and refrigerant container were suspended by a stainless steel filling tube passing through a vacuum tight bearing, which enabled the copper block to be rotated into the optimum position relative to the entrance slit of the spectrometer after a suitable deposit had been made. The sample was illuminated from below by the 4880 Å line of a Spectra Physics model 140 argon ion laser. The copper block was machined in such a way that the laser beam was not reflected directly into the monochromator.

The second cell was an Air Products and Chemicals Inc. "Cryotip" Joule-Thompson refrigerator, using compressed hydrogen and nitrogen gases [5]. The "Cryotip" was mounted horizontally with one window facing down and a second window facing the entrance slit of the monochromator. The deposit was made onto a copper plate held at about 45° to each window, through a stainless steel tube entering the cell between the two windows. As in the first cell the spectra were excited from below by the laser. A Spex Industries model 1400 double spectrometer using an EMI 6256S photomultiplier together with a photon counting system were used to record the

spectra. With our experimental arrangement, sufficient Raman intensity was obtained without multipassing or focusing the laser beam, to enable entrance and exit slit widths as small as 10-15 μ to be used. (This corresponds to a spectral slit width of 0·3cm^{-1})

Known wavelengths of argon ion lines [6] from the laser were used as calibration points and the Raman frequencies listed in the tables are believed to be accurate to within $\pm$2 cm^{-1} in most cases. However, the small splittings between the components of each of the fundamentals have been measured to $\pm$0·2 cm^{-1}.

RESULTS AND DISCUSSION

I. Sulphur Hexafluoride

SF_6 is an octahedral molecule belonging to point group O_h. The fundamental vibrations comprise one A_{1g} mode (ν_1), one E_g mode (ν_2) and one F_{2g} mode (ν_5), which are Raman active and two F_{1u} modes (ν_3 and ν_4) which are infrared active. There is also one inactive mode (ν_6) of species F_{2u}. The molecule has a centre of symmetry and consequently the infrared active modes are not active in the Raman. Conversely the Raman active vibrations are inactive in the infrared.

Fig. 1 The Raman spectrum of solid SF_6 at 77°K in the regions of the three active fundamentals. Two different photon counting ranges were used; 1000 counts per second for ν_1 and ν_5 and 200 counts per second for ν_2.

The Raman spectrum of solid SF_6 in Figure 1 shows a doublet for ν_1 a quartet (two doublets) for ν_2 and a triplet for ν_5. The infrared spectrum of solid SF_6 has been studied [7] and triplets were observed for both ν_3 and ν_4. The observed Raman and infrared frequencies are listed in Table 1.

TABLE 1

Raman and Infrared Spectra of Solid Sulfur Hexafluoride

Mode	Infrared	Raman
$\nu_1(a_{1g})$		774·9 777·4
$\nu_2(e_g)$		646·7 648·7 653·2 654·0
$\nu_3(f_{1u})$	898·6 903·4 917·4	
$\nu_4(f_{1u})$	606·5 607·6 610·5	
$\nu_5(f_{2g})$		522·8 524·0 525·3

No Raman active fundamentals were observed in the infrared spectrum of solid SF_6[7]. This indicates that a center of symmetry is maintained at the site. There are seven possible site groups with a center of symmetry; (C_i, C_{2h}, C_{4h}, D_{2h}, D_{4h}, D_{3d}, and S_6).

We arbitrarily chose one of the above site groups to illustrate one way in which site and factor group splittings could account for the observed spectra. For example if the site symmetry were D_{2h}, the correlation diagram given in Fig. 2 would be obtained.

Fig. 2 A diagram showing the correlation between the point group of SF_6 (O_h) and a possible site group (D_{2h}).

According to this site group it is seen that the A_{1g} mode ν_1 would remain unsplit, the E_g mode ν_2 would be split into two com-

ponents, while the F_{1u} and F_{2g} modes ν_3, ν_4 and ν_5 would each split into three components. At the same time factor group splitting could account for splitting of the non-degenerate vibration ν_1 and further splittings of the components of the degenerate modes.

Although there is insufficient evidence to permit us to decide on the correct site group, an interpretation such as the one given here can account for the observed splittings in the infrared and Raman spectra. $\nu_1 (A_{1g})$ is split into a completely resolved doublet, with components separated by 2·5 cm^{-1}. This could be due to factor group splitting. $\nu_2(E_g)$ is initially split into two components separated by about 6 cm^{-1}, which could be attributed to site splitting. Under higher resolution, each component is seen to be further split into a doublet. This could be due to factor group splitting. The three triply degenerate modes : ν_3, $\nu_4(F_{1u})$, and $\nu_5(F_{2g})$ are all split into three components. This splitting could be attributed to site splitting. No further splitting of the components of the triply degenerate vibrations has been observed.

2. Titanium Tetrachloride

$TiCl_4$ is a tetrahedral molecule belonging to point group T_d. The four fundamental vibrations are: a non-degenerate a_1 mode (ν_1), a doubly degenerate e mode (ν_2) and two triply degenerate f_2 modes (ν_3 and ν_4). The crystal structure at 240°K is monoclinic with space group C^5_{2h} [8]. There are four molecules in the unit cell, so the site group must be C_1.

No evidence has been found for any phase change between 240°K and the temperatures at which the spectra reported here were recorded. Thus predictions of

Molecule group T_d	Site group C_1	Factor group C_{2h}
$a_1 (\nu_1)$	a	a_g (R)
$e (\nu_2)$		b_g (R)
$f_2 (\nu_3, \nu_4)$		a_u (IR)
		b_u (IR)

Fig. 3 A diagram showing the correlation between the point group of $TiCl_4$ (T_d), the site group (C_1) and the factor group (D_{2h}).

splittings of the four fundamentals in the Raman spectrum of the solid can be made. A diagram showing the correlation between the irreducible representations of the molecule, site and factor groups is shown in Fig. 3.

The Raman spectra of the fundamentals of solid $TiCl_4$ are shown in Figures 4 and 5 and the observed frequencies are listed in Table 2·

Fig. 4 The Raman spectrum of the ν_1 fundamental of solid $TiCl_4$. Two different photon counting ranges were used (10,000 and 2,000 counts per second) and these are indicated on the spectrum.

Fig. 5 The Raman spectra of the degenerate fuadamentals of solid $TiCl_4$.

The a_1 mode does not show any evidence of the predicted doubling due to factor group splitting. However, the isotopic structure arising from the five molecules $Ti^{35}Cl_4$, $Ti^{35}Cl_3{}^{37}Cl$, $Ti^{35}Cl_2{}^{37}Cl_2$, $Ti^{35}Cl^{37}Cl_3$ and $Ti^{37}Cl_4$ is resolved. Further studies on the ν_1 band have been reported [9], but will not be discussed further here. From calculations reported for carbon tetrachloride [10] it is expected that isotopic splittings of other fundamentals of $TiCl_4$ will be small.

TABLE 2

Raman Frequencies (in cm^{-1}) of Fundamentals of Solid $TiCl_4$

Frequencies	Splittings	Assignment	
120·5			
	5·7		
126·2		$\nu_2(e)$	
	2·5		
128·7			
135·0			
	3·9		
138·9		$\nu_4(f_2)$	
	2·9		
141·8			
376·3			$Ti^{37}Cl_4$
	2·8		
379·1			$Ti^{37}Cl_3{}^{35}Cl$
	3·2		
382·3		$\nu_1(a_1)$	$Ti^{37}Cl_2{}^{35}Cl_2$
	3·3		
385·6			$Ti^{37}Cl^{35}Cl_3$
	3·2		
388·8			$Ti^{35}Cl_4$
476·0			
	9·8		
485·8		$\nu_3(f_2)$	
	10·8		
496·6			

The e fundamental ν_2 should be split into a doublet by site splitting, with further factor group splitting giving rise to two Raman active lines for each component of the doublet. The observed ν_2 band consists of a doublet and a singlet. The separation of the centre of the doublet and the singlet is about 7 cm^{-1} which is far too large to be due to isotopic splitting. The separation of the components of the doublet is 2·5 cm^{-1} and is most likely due to factor splitting.

The degeneracy of the f_2 modes ν_3 and ν_4 should be completely removed by the site symmetry and further splitting of each component into a quartet is predicted.

Fig. 6 Raman spectra in the regions of the fundamentals of solid CF_3CN at 77°K.

Only two components of the quartet are Raman active. Thus each band could contain six lines not counting any isotopic splitting.

ν_4 is resolved into a triplet, which is probably due to site splittting. No isotopic or factor splitting is resolved for this fundamental. In the region of the ν_3 fundamental, five lines are clearly resolved. There is no question of isotopic splitting here, since the separations of the lines are large, ranging from 6·9 to 10·8 cm^{-1}. This is the region in which a doublet is found in the Raman spectrum of liquid $TiCl_4$ [11, 12], where only a single frequency due to ν_3 is expected. The triplet 476·0, 485·8 and 496·6 cm^{-1} is assigned to the three components of ν_3 and the doublet at 505·1 and 512·0 cm^{-1} corresponds to the anomalous band observed in the liquid. Once again in the case of ν_3 only site splitting is involved.

3. Trifluoroacetonitrile

CF_3CN belongs to the point group C_{3v}. The fundamental modes of vibration comprise four totally symmetric vibrations (species a_1) and four pairs of doubly degenerate vibrations (species e) all of which are active in both infrared and Raman. The fundamentals have been numbered in order of decreasing frequency within each species a_1 and e. The Raman spectrum of solid CF_3CN is shown in Fig. 6. The observed frequencies for the fundamentals in both Raman and infrared spectra are listed in Table 3.

